धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
06.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 233 | 12



लोहिया के रास्ते से भटकी सपा : योगी

रोजा का समय
सेहरी (07.03.2025): 04.43 बजे
इफ्तार (06.03.2025): 05.56 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

नवचयनित 49 प्रशिक्षण पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# आईटीआई संस्थानों में एआई की होगी पढ़ाई: हेमंत सोरेन

**बढ़ रहा नियुक्ति का कारवां**

- नौजवानों को हुनरमंद बनाने के लिए उठाये जा रहे हैं कदम, राज्य को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध


▶▶ ट्रेनिंग में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल आज की जरूरत

▶▶ आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों को बना रहे मजबूत

▶▶ इलेक्ट्रिक वाहनों की मरम्मत के लिए प्रशिक्षण कोर्स पर दिया जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि ट्रेनिंग में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल आज की जरूरत है। श्री सोरेन बुधवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान सीएम ने 49 नव चयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों का यह कारवां बढ़ता रहेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि आईटीआई संस्थानों को मजबूत और संसाधनयुक्त बनाने का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई और बेहतर प्रशिक्षण सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। हमारी सरकार राज्य के नौजवानों के कौशल विकास के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। अब नौजवानों के प्रशिक्षण के लिए टेक्नोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।




नवचयनित प्रशिक्षण पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंपते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव

## प्रशिक्षण में नयी तकनीक के इस्तेमाल पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तेजी से तकनीकें बदल रही हैं। औद्योगिक क्षेत्र में अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में अगर समय के अनुरूप हुनर को नहीं निखारेंगे तो जमाने से काफी पीछे रह जायेंगे। हमारा प्रयास है कि नई-नई तकनीकों के माध्यम से प्रशिक्षण मिले। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन का अहम हिस्सा बनता जा रहा है। इसके जरिये तकनीक काफी आगे बढ़ चुका है। आईटीआई संस्थानों के पाठ्यक्रम में एआई को शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों की मरम्मत का प्रशिक्षण देने के लिए भी कोर्स संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अब प्रखंड स्तर पर ही कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर ना सिर्फ उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, बल्कि वे अपने हुनर को निखारकर एक एंटरप्रेन्योर के रूप में आगे आकर अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकें।

## कौशल विकास के साथ रोजगार उपलब्ध करा रही है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कैंपस प्लेसमेंट और रोजगार मेला तथा कई अन्य माध्यमों से पिछले वर्ष 50 हजार से अधिक युवाओं को देश-विदेश के संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराया गया। सभी की भागीदारी से झारखंड जैसे राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, श्रम विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा आदि अधिकारी मौजूद थे।

**चैंपियंस ट्रॉफी : द अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड फाइनल में**

# करोड़ों भारतीयों की उम्मीद-जीतेंगे हम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। अब दुबई के मैदान पर उसका खिताबी मुकाबला भारतीय टीम के साथ होगा। इस प्रतियोगिता में अबतक भारत अजेय रहा है। 9 मार्च को खिताबी भिड़ंत है। करोड़ों देशवासियों की उम्मीद है इस बार चैंपियंस ट्राफी भारत ही आयेगी। दोनों टीमें मजबूत हैं, ऐसे में रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। भारत हर हाल में इस बार खिताब अपने नाम करने उतरेगा।



**नहीं हटा चोकर्स का दाग :** दक्षिण अफ्रीका की बुरी किस्मत अभी भी जारी है। टी-20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंची अफ्रीका की टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में नहीं पहुंच पायी। लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे सेफा मुकाबले में उनकी टीम को 50 रनों से झेलनी पड़ी। सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए रचिन रविंद्र (108) और केन विलियमसन (102) के शतक की बदौलत 362 रन बनाये। जवाब में द अफ्रीका की टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी।

**स्वास्थ्य मंत्री ने रमजान और होली पर दिया बड़ा तोहफा**

# 1800 एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों के मानदेय में पांच हजार की बढ़ोतरी

- एमपीडब्ल्यू कर्मियों को मिलेगा 25,000 एरियर एक सितंबर 2024 से प्रभावी



एमपीडब्ल्यू कर्मियों की मेहनत का मिला सम्मान, जान हथेली पर रखकर सेवा करने वालों को सरकार का तोहफा : डॉ. इरफान अंसारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मल्टी पर्पस वर्कर्स (एमपीडब्ल्यू) के मानदेय में 5,000 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब एमपीडब्ल्यू कर्मियों को 25,000 रुपये मानदेय मिलेगा, जिसका एरियर 1 सितंबर 2024 से प्रभावी होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने यह बड़ा निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश के लगभग 1,800 एमपीडब्ल्यू कर्मियों को लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि ये सभी कर्मचारी जनता की सेवा कर रहे हैं। हमारी सरकार उनकी मेहनत और समर्पण का पूरा सम्मान करती है। यह केवल वेतन वृद्धि नहीं, बल्कि उनके अद्वितीय योगदान को सलाम करने का एक प्रयास है। जिस विश्वास के साथ झारखंड की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुना है, हम उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

एमपीडब्ल्यू कर्मियों ने सरकार के इस फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से वेतन बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे। जब से डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली है, तब से स्वास्थ्य विभाग में बदलाव स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। एक डॉक्टर होने के नाते वे स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याओं को न केवल समझते हैं, बल्कि त्वरित समाधान भी निकाल रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग नयी ऊंचाइयां छू रहा है। सरकार की यह पहल झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज डायरी

### झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक 12 मार्च को

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक बुधवार 12 मार्च को दिन के 11:00 बजे से आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इस संबंध में सूचना जारी की है। बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिमंडलय कक्ष में होगी।

### शाम से बहने लगी ठंडी हवाएं, गिरेगा तापमान

**रांची।** मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। उसके बाद अगले दो दिनों में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इधर मौसम में अचानक परिवर्तन देखा गया। बुधवार से पश्चिम-उत्तर से ठंडी हवाएं बहने लगी। इसके कारण ठंड का एहसास होने लगा।

### पेड़ से टकरायी तेज रफ्तार कार, दो भाइयों की मौत

**पलामू।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बांदुबार सरैया में डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ बुधवार शाम एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इस भीषण हादसे में कार में बैठे दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। उनकी हालत चिंताजनक बतायी गयी है।

### 14 मार्च को ब्लड मून का नजारा देखेगी दुनिया

**वॉशिंगटन।** खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों को जल्दी ही आसमान में एक खास नजारा देखने को मिलने जा रहा है। इस महीने की 14 तारीख को आसमान में लाल रंग का चांद दिखाई देगा, जिसे ब्लड मून कहा जाता है। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जो तीन साल बाद हो रहा है। इसके पहले ऐसा 2022 में हुआ था। 14 मार्च को लगने वाला पूर्ण चंद्र ग्रहण दुनिया के कई हिस्सों में देखा जा सकेगा, लेकिन यह भारत में दिखायी नहीं देगा क्योंकि भारत में उस वक्त दिन का उजाला होगा। इस दौरान एक माइक्रोमून ग्रहण भी होगा, यानी चांद सामान्य से छोटा दिखेगा। यह माइक्रोमून ग्रहण 65 मिनट तक चलेगा। इस दौरान चांद पृथ्वी से सबसे दूर होगा, जिससे वह दूसरी पूर्णिमा के मुकाबले छोटा दिखाई देगा। यह साल 2025 का पहला चंद्र ग्रहण होगा। उज्जैन के जीवाजी ऑब्जरवेटरी के डॉक्टर राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने बताया है कि यह ग्रहण मुख्य रूप से उत्तर और दक्षिण अमेरिका, पश्चिमी यूरोप और पश्चिमी अफ्रीका में साफ-साफ दिखाई देगा।




**बजट सत्र : भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष ने सरकार को घेरा**

# प्रदीप की धमकी पर प्रभारी मंत्री ने कहा- सात दिनों में होगी कार्रवाई

- भ्रष्ट अभियंता के खिलाफ प्राथमिकी नहीं होने पर प्रदीप यादव ने धरना देने की दी चेतावनी, तब स्पीकर ने कहा-निर्णय लें नहीं तो सदन देगा नियमन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक मसले पर प्रश्न काल के दौरान जमकर खींचतान हुई। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि स्वर्ण रेखा परियोजना के अधीन शीर्ष कार्य प्रमंडल में फर्जी खाता खोलकर करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी का मामला वित्त विभाग की जांच रिपोर्ट में आया है। रांची और लोहरदगा में एलएंडटी कंपनी को होने वाला बिल भुगतान कंपनी को ना कर गबन कर लिया गया। इस मामले में कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर समेत अन्य अभियंताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिये। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि चलते सत्र में जांच कर सभा को अवगत कराया जायेगा। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से स्टीफन मरांडी, रामेश्वर उरांव, मथुरा महतो और हेमलाल मुर्मू ने प्रदीप यादव का पक्ष लेते हुये कहा कि विभागीय जांच का मतलब है लीपापोती। इसलिए प्राथमिकी होनी चाहिये, क्योंकि इस मामले में सिर्फ रोकड़पाल संतोष कुमार पर कार्रवाई की गई है। फिर भी प्रभारी मंत्री द्वारा एफआईआर करने की बात नहीं होने पर प्रदीप यादव ने कहा कि ऐसे में वह सदन में धरना पर बैठ जायेंगे। वहीं हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बिना कार्यपालक अभियंता के रोकड़पाल गबन नहीं कर सकता है। सदन गरम होता देख स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने प्रभारी मंत्री से कहा कि इस पर फैसला लें नहीं तो सदन नियमन देगा। तब प्रभारी मंत्री ने कहा कि सात दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराया जायेगा। प्रदीप यादव ने आसन से आग्रह किया कि इस प्रश्न को 7 दिन के लिए स्थगित कर दिया जाये। इसके पहले विपक्ष के नवीन जायसवाल ने कहा कि जब सत्ता पक्ष के विधायकों की बातें नहीं सुनी जा रही है तो विपक्षी सदस्यों की कौन पूछता है।




## सेल अधिग्रहित भूमि पर बसे गांवों में सुविधायें करेंगे बहाल: मुख्यमंत्री

**रांची।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने विधानसभा में सेल द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बसे पुराने गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि विस्थापित ग्रामीणों ने अपनी जमीन दी, लेकिन वे अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और खानाबदोश जैसी स्थिति में जीने को विवश हैं। इन गांवों को पंचायत की सूची में शामिल नहीं किया गया है। इससे लगभग 50 से 60 हजार की आबादी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि इन गांवों को पंचायती राज व्यवस्था में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार से बातचीत करेंगे। सरकार अधिग्रहित गांवों में बुनियादी सुविधायें बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जल्द ही सेल प्रबंधन से चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि सेल के अधिकारी उनसे मुलाकात करने आ रहे हैं और अधिग्रहित इलाकों के रखरखाव और सुविधाओं की बहाली को लेकर उनसे बातचीत की जायेगी।

**सदन में विधायक कल्पना सोरेन और नीरा यादव के बीच नोंक-झोंक**

# नीरा यादव ने कहा- हमलोगों में हाथी उड़ाने का हौसला कल्पना बोलीं- काम किया होता तो जरूरत नहीं पड़ती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के सातवें दिन द्वितीय पाली में बजट पर चर्चा के दौरान कल्पना सोरेन और नीरा यादव आमने-सामने हो गईं। नीरा यादव ने बजट भाषण के विपक्ष में बोलते हुये कहा कि हमलोग हाथी उड़ाने पर हौसला रखते हैं लेकिन, आपलोग एक चिड़िया भी नहीं उड़ा पा रहे हैं। इस पर कल्पना सोरेन ने कहा कि आपलोग अपने गिरेबां में झांक कर देखिये। पांच साल में काम किया होता तो ये काम नहीं करने होते। इतने पर नीरा यादव को स्पीकर द्वारा टाइम नहीं देने के कारण भाजपा विधायकों ने अपराह्न 3.07 बजे सदन से वॉक आउट किया। इस पर कल्पना सोरेन ने कहा कि मैडम हमारी बातों को सुनकर जाइये। नहीं तो जनता सोचेगी कि ये लोग सुनना नहीं चाहते हैं।

नीरा यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग झारखंड की सीधी-साधी जनता को गुमराह कर रहे हैं। बोलेंगे तो इन्हें मिर्ची लगेगी। केंद्र अनाज नहीं देता तो लोग भूखे मर जाते। यहां 70 घोषणाओं में सिर्फ 21 ही पूरी हुई है। गुरूजी क्रेडिट कार्ड पर गुरुजी के नाम को बेचा जा रहा है। फॉर्म भरवाया पर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। युवा को न तो नौकरी मिली न ही बेरोजगार भत्ता दिया, न ही सीएम ने संन्यास लिया। नीरा यादव ने कहा कि मनमोहन सरकार ने रेलवे को 457 करोड़ रुपए दिये जबकि मोदी सरकार ने रेलवे को 7309 करोड़ रुपए दिये। राज्य में हवाई यात्राएं सुनिश्चित की। 2014 के बाद 2444 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का काम पूरा हुआ।




### झारखंड के शेर को जेल में क्यों डाला

कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड के शेर को जेल में क्यों डाला। एक लाख 36 हजार करोड़ कब देंगे। इस पर नीरा यादव ने कहा कि झारखंड का एक रुपया भी बकाया है तो हम सभी विपक्ष साथ आयेंगे लेकिन पूरे आंकड़े के साथ बतायें। इस पर नवीन जायसवाल ने कहा कि केंद्र देगा या पीएसयू देगा ये बतायें। नीरा यादव ने कहा कि मंईयां सम्मान में भईया हैं परेशान, घर से निकलते ही कट जाता है चालान। जेपीएससी और सीडीपीओ का रिजल्ट आज तक नहीं निकला। सरकारी विभागों में रिक्त पद घटकर 3.27 लाख हो गया।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की अध्यक्षता में श्राइन बोर्ड ने लिया निर्णय

# 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ जी यात्रा

एजेंसी

**श्रीनगर।** इस वर्ष श्री अमरनाथ जी यात्रा 3 जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम ट्रैक और गांदेरबल जिले के बालटाल दोनों मार्गों से एक साथ शुरू होगी और 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन के दिन इसका समापन होगा। यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राजभवन में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। बोर्ड ने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों और हस्तक्षेपों का प्रस्ताव रखा। श्री अमरनाथ जी यात्रा-2025 के लिए तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैठक में जम्मू, श्रीनगर और अन्य स्थानों पर ठहरने की क्षमता बढ़ाने, ई-केवाईसी के लिए यात्री सुविधा केंद्रों का संचालन, आरएफआईडी कार्ड जारी करने, नौगाम और कटरा रेलवे स्टेशनों सहित कई स्थानों पर तीर्थ यात्रियों का मौके पर ही पंजीकरण करने के उपायों पर चर्चा की गयी। इस दौरान यह भी चर्चा की गयी कि बालटाल, पहलगाम, नुनवान, पंथा चौक श्रीनगर में भी आवश्यकतानुसार इन सुविधाओं को बढ़ाया जाना चाहिए। उपराज्यपाल ने यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त व्यवस्था और अपेक्षित सुविधाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यात्री निवास, पंथा चौक, श्रीनगर में क्षमता बढ़ाने का भी आह्वान किया।



## सोन प्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी बनेगा रोपवे

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोपवे परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। इस प्रोजेक्ट को 4,081.28 करोड़ रुपए की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा होगी, जो प्रति दिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगी।

# आइइडी विस्फोट में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल, इलाज जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम/रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों के सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी विस्फोट में तीन जवान घायल हो गए। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि बुधवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र के वनग्राम बालीबा के पास जंगल और पहाड़ी इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए पहले से आईईडी प्लांट किया था। इसके अलावा नक्सलियों ने रास्ते में गड्ढा कर लोहे का तीर भी लगाया था, जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ 197 बटालियन के एसी जीजे साई, एचसी/आरओ वीटी राव और सीटी/जीडी धर्मेंद्र कुमार घायल हो गए। घायलों की हालत है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल जवानों से झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता और आईजी अखिलेश झा ने अस्पताल में मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, नोछु, अनल, असीम मडल, अजय महतो, सागेन अगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हासदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा अपने दस्ते के साथ सारंडा-कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। इनकी गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान जारी है।



# मंईयां योजना के लिए किसी भी विभाग की नहीं काटी गयी राशि : वित्त मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बजट पर चर्चा के बाद बुधवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बजट भाषण की चर्चा में 15 सदस्यों ने भाग लिया। इसमें कई अच्छे सुझाव भी आये और विपक्ष की आपत्तियां भी आईं। बजट पर राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती है।

उन्होंने कहा कि मंईयां योजना के लिये किसी भी विभाग की राशि नहीं काटी गई है। जिन विभागों की कटौती हुई है वह भी माइनर हैं। वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड देश में चौथे स्थान पर है। 2019-20 में भाजपा सरकार के समय रेवेन्यू कलेक्शन 75.75 फीसदी था। जबकि 24-25 में जनवरी तक रेवेन्यू कलेक्शन 65.54 फीसदी हो गया है। मार्च तक 80 से 85 फीसदी रेवेन्यू कलेक्शन होगा।

उन्होंने कहा कि 2025 तक अनुदान के लिये 16961 करोड़ रुपए मिलने थे। जबकि 5736 करोड़ ही मिला। जलजीवन मिशन के लिए 6000 करोड़ रुपये केंद्र से नहीं मिला है। अनुदान की राशि धीरे-धीरे कम हो रही है। पेंशन मद में केंद्र से एक अरब 41 करोड़ रुपये नहीं मिला है। मनरेगा में मटेरियल हेड में 600 करोड़ और मजदूरी हेड में 500 करोड़ रुपये नहीं मिला है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना फ्रीबिज योजना थी। यह सिर्फ चुनाव के लिए ही थी। मोमेंटम झारखंड में 100 करोड़ से अधिक खर्च किये गये। 210 एमओयू हुये, 131 कंपनियां पीछे हट गईं। 35 कंपनियों को बिजली पानी और जमीन नहीं मिला। झारखंड की गरीब जनता को उजाड़ने का काम भाजपा ने किया।

### भाजपा नहीं चाहती अनुसूचित जाति का विकास हो

वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि अनुसूचित जाति का विकास हो। सिर्फ उनके यहां खाना खाने तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि गांधी और अंबेदकर के विचारों पर आधारित यह बजट है। मथुरा महतो ने कहा कि अभी भी कई सरकारी स्कूलों में हरिजन लिखा हुआ है। इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि वहां अनुसूचित जाति लिखवाया जायेगा।

# सरकार बहालियों में तेजी लाये : प्रदीप यादव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने बजट भाषण के पक्ष में बोलते हुये कहा कि सरकार बहालियों में तेजी लाये। यह कल्याणकारी बजट है। यह बजट दूसरे वर्षों में पेश किये गये बजट से अलग है। केंद्र सरकार राज्य को सहयोग नहीं करना चाहती है। जब एक लाख 36 हजार करोड़ की बात होती है तो ढाल बनकर खड़े हो जाते हैं। झारखंड में चार साल में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। हम धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। गैर योजना और योजना मद का अनुपात भी बेहतर हुआ है। मंईयां योजना आर्थिक विषमता को दूर करेगी। अनुसूचित जाति सलाहकार समिति का गठन सराहनीय है। लेकिन इस कमेटी को अधिकार भी मिलना चाहिये। बुधवार को बजट पर चर्चा के दौरान समीर मोहंती ने बजट के समर्थन में बोलते हुये कहा कि विपक्ष ने अपने आचरण में बदलाव लाया है। अब विपक्ष भी समझ गया है कि राज्य का विकास हेमंत सोरेन ही कर सकते हैं। केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र ने राजनीतिक रोटी सेंकने का काम किया। कभी राम मंदिर तो कभी प्रयागराज कर देश को विचलित करने का काम किया। अमृत महोत्सव की बात करने से क्या अमृत काल मिल गया। अगर प्रजा दुखी हो तो देश के राजा को नरक में जगह मिलेगा। हेमंत सोरेन में हिम्मत है कि अंगूठा छाप वाले को भी पैसा देने का काम कर रहा है।

### बजट का आकार वास्तविक होना चाहिये : सरयू राय



विधायक सरयू राय ने कहा कि बजट का आकार वास्तविक होना चाहिये। पहले के बजट में जो घोषणाएं हुई हैं, उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। दिल्ली के झारखंड भवन में अच्छे अफसरों की पोस्टिंग हो, जो केंद्र के साथ मिलकर पैसा लाने का काम करे। जबकि, जयराम महतो ने कहा कि बजट का 9.5 फीसदी राशि मंईयां सम्मान का है, लेकिन युवाओं के लिए कुछ नहीं है। आज इस बजट में युवा हार गया। रोजगार से संबंधित कोई प्रावधान नहीं है। मंईयां की जीत हुई है। बजट के लिए कार्यपालिका और विधायिका को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा। किसानों के लिए पानी की व्यवस्था होनी चाहिये। प्रवासी मजदूरों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जनर्दन पासवान ने कहा कि बजट में कुछ नया नहीं दिखाई दे रहा है। राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। हर ब्लॉक और अंचल में बिना पैसे का काम नहीं होता है। निर्मल महतो ने कहा कि बजट निराशाजनक है। रामगढ़ जिला में ध्यान नहीं दिया गया है। युवाओं को ठगा गया है। हजारीबाग और रामगढ़ से मिलने वाली रॉयल्टी से इन दोनों जिलों में सड़क बननी चाहिये।

### बेहतरीन और संतुलित बजट: राजेश कच्छप



राजेश कच्छप ने कहा कि बेहतरीन और संतुलित बजट है। यह बजट राज्य को गढ़ने और चलाने का दिशा तय करेगा। भाजपा वनांचल देना चाह रही थी। हम झारखंड देना चाह रहे थे। टूरिज्म पर फोकस होने से रोजगार बढ़ेगा।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**RC/174/2023**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**SHYAM SUNDAR SAHU**

To
**(CD1)SHYAM SUNDAR SAHU**
RO VILLAGE OPA PO SONS PS CHANHO
RANCHI-835214
Also At
S/O Minilal Sahu, R/o village Opa, Post-Sons,
P.S. - Chanho, District - Ranchi
**(CD2) KRISHNA MOHAN KUMAR**
SON OF SHYAM SUNDAR SAHU, RO
VILLAGE OPA PO SONS PS CHANHO
RANCHI-835214

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/220/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 1144199.00 (Rupees Eleven Lakhs Forty Four Thousands One Hundred Ninety Nine Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **01/07/2025** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **26/02/2025.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI


# बाबूलाल ने पथ निर्माण विभाग की पारदर्शिता पर उठाये सवाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा में पथ निर्माण विभाग से जुड़े सवाल उठाते हुये 2020-21 से 2024-25 तक के सभी स्थानांतरित पदों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने उन सड़कों की सूची भी मांगी। जिन्हें पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। हालांकि, विभाग की ओर से दिए गए लिखित जवाब में सूची संलग्न करने की बात कही गई थी। लेकिन सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर नाराजगी जताते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी विधायकों को इस जानकारी का अधिकार है। लेकिन विभाग गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने इसे गलत परिपाटी करार देते हुए सदन से संज्ञान लेने की मांग की। इस पर जवाब देते हुये विभागीय मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि यह एक लिपिकीय त्रुटि हो सकती है और जल्द ही सभी सदस्यों को पूरी सूची उपलब्ध करा दी जायेगी।

### रागिनी सिंह ने सदन में धनबाद नगर निगम से 27 गांवों को अलग करने की मांग उठायी



**रांची।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सदन में धनबाद नगर निगम में शामिल 27 गांवों को अलग करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इन गांवों को निगम क्षेत्र में शामिल किये हुये 15 साल हो गये हैं। लेकिन अब तक यहां बुनियादी सुविधायें उपलब्ध नहीं कराई गयी हैं। इस पर जवाब देते हुये विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि गांवों को निगम क्षेत्र से बाहर करना समाधान नहीं है। बल्कि सरकार की प्राथमिकता वहां आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इस दिशा में जल्द कदम उठायेगी।

# स्पीकर की मनमानी के कारण भाजपा ने किया सदन से वॉकआउट : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अवैध कोयला तस्करी केलिए झामुमो कर रहा नाकेबंदी का नाटक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की मनमानी के कारण उनकी पार्टी के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। सत्ता पक्ष को बोलने में तरजीह दी जाती है। आसन के द्वारा ज्यादा समय दिये जाते हैं । उन्होंने कहा कि वहीं जब विपक्ष के सदस्य जब बोलने के लिए खड़ा होते हैं तो बार-बार टोका टोकी की जाती है। उन्होंने कहा कि आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रही थी तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने टोका। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यजनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने स्पीकर से टोका टोकी में बर्बाद समय के बदले समय की मांग की तो उन्होंने अस्वीकृत कर दिया। यह पूरी तरह से मनमानी है। सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्ष की बातों को दबाने की साजिश है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा के विधायकों ने आज इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करते हुये सदन से वॉकआउट किया।

उन्होंने झामुमो द्वारा खनिजों की नाकेबंदी की घोषणा के सवाल पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह झामुमो की पुरानी आदत है। ये सब केवल कोयले की अवैध ढुलाई के लिये दिखावा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन धनबाद, बोकारो से 500 ट्रक कोयले की अवैध ढुलाई हो रही है। इसे राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन का पूरा संरक्षण प्राप्त है। केंद्र सरकार पर बकाये की बात पर कहा कि बार-बार ब्रेकअप मांगने के बाद भी झामुमो यह नहीं बताता कि कब का कितना बकाया है। उन्होंने कहा कि आज जिस कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठकर झामुमो खेल रहा है। ये सब उसी कांग्रेस पार्टी की देन है। उन्होंने कहा कि राज्य में चाहे सीसीएल, बीसीसीएल, एचईसी के विस्थापितों की समस्या हो इसके समाधान के लिये कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों के शासन में कोई चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार राज्य की समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। लेकिन, कांग्रेस झामुमो को समाधान की चिंता नहीं है।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक– 279 दिनांक–28.02.2025 (PR 347472 Lohardaga (24-25)*D के द्वारा निकाली गई अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2024–25 का कार्य अवधि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 अंकित है, उक्त अवधि को संसोधित करते हुए अप्रैल 2025 से मार्च 2028 तक संशोधित किया जाता है। शेष शर्तें यथावत् रहेगा।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा
PR 347835 Lohardaga(24-25).D


### कार्य मंत्रणा की बैठक में 17 को छुट्टी का हुआ फैसला

**रांची।** बुधवार को विधानसभा में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के कार्यालय कक्ष में अपराह्न 1 बजे कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। इस बैठक में होली के त्योहार के मद्देनजर सदस्यों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये चलते बजट सत्र के दिनांक 17 मार्च सोमवार के कार्यदिवस को स्थगित कर उस दिन होने वाली सदन में समस्त कार्यवाहियों को दिनांक 22 मार्च को लिये जाने का निर्णय लिया गया। सदन की कार्यवाही 17 मार्च को स्थगित रहेगी। स्पीकर के मार्गदर्शन में नागरमल मोदी सेवासदन ब्लड सेंटर के तत्वावधान में विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस ब्लड डोनेशन कैंप में भारी संख्या में लोग रक्तदान कर रहे हैं। आज सांकेतिक रूप से स्पीकर के विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक कुमार, राहुल कुमार, स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर रविंद्र कुमार मिश्रा के अतिरिक्त अन्य लोगों ने भी रक्तदान किये।

### सचिवालय सेवा के 14 अधिकारी संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नत

**रांची।** राज्य सरकार ने सचिवालय सेवा के 14 अफसरों को संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नति दे दी है। इससे संबंधित आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है। ये हुए संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नत : सचिवालय के सेवा के वेद रत्न मोहन, ओम प्रकाश तिवारी, कौशल किशोर झा, सुदेश कुमार वर्मा, बैजू प्रसाद, मनोज कुमार, राघवेंद्र झा, विमल नंद मिश्र, भीम रविदास, सुरेश चौधरी, प्रिसिल्ला मुर्मू, रेज्युस बाढ़, अनल प्रतीक मिंज और राजेश बाखला को संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नति दी गयी है।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुदेश का बयान दर्ज



**रांची।** आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े छह साल पुराने मामले में आरोपी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का बयान बुधवार को एमपी/एलएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में दर्ज किया गया। मामले में सुदेश महतो ने अपने–आप को निर्दोष बताया। बयान दर्ज होने के बाद मामला बहस पर चला गया है। अदालत ने इसके लिए 7 मार्च की तारीख निर्धारित की है। पिछले दिनों अदालत ने बयान दर्ज करने के लिए सुदेश महतो को सशरीर बुलाया था। मामले को लेकर 7 मई 2018 को कोतवाली थाने में सुदेश महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सिल्ली उपचुनाव में नामांकन–पत्र दाखिल करने में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है। 7 मई 2018 को सुदेश आजसू पार्टी के उम्मीदवार के रूप में सिल्ली उपचुनाव में नामांकन–पत्र दाखिल करने रांची समाहरणालय पहुंचे थे। वे पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के बाहर पहुंचे थे। जबकि, आदर्श आचार संहिता के तहत ड्रॉप गेट तक ही वे और उनके 5 व्यक्तियों को प्रवेश करने की अनुमति थी।

# चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की कोर्ट में आज से न्यायिक कार्य के लिए नहीं जाएंगे हाईकोर्ट के वकील

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता गुरुवार से चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की कोर्ट में न्यायिक कार्य के लिए नहीं जाएंगे। चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस आर मुखोपाध्याय की कोर्ट में भी वकील नहीं जाएंगे। झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की बुधवार को जेनरल बॉडी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही हाईकोर्ट की कोलेजियम से झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों के नाम जजों के लिए नहीं भेजने के निर्णय का विरोध भी किया।

एसोसिएशन ने प्रस्ताव पास कर कहा कि निर्णय का विरोध करने वाले वकीलों की एडवोकेट एसोसिएशन से सदस्यता रद्द कर दी जाएगी। बैठक में तय किया गया कि इन सब मामलों पर बात करने के लिए एसोसिएशन एक प्रतिनिधिमंडल का गठन करेगा, जो दिल्ली जाकर बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, केंद्रीय कानून मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और कोलेजियम के सदस्यों से मुलाकात करने की व्यवस्था करेगा।

एसोसिएशन की अगली बैठक दस मार्च को होगी, जिसमें प्रतिनिधिमंडल गठन करने के मामले में हुई प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना व वर्तमान में उठाए गए कदम की समीक्षा की जाएगी।

### हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं का हस्ताक्षर अभियान

- हाईकोर्ट के जज की नियुक्ति के लिए बाहरी अधिवक्ता का नाम भेजने का विरोध

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता बुधवार को कोर्ट परिसर में हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। यह अभियान एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य झारखंड हाईकोर्ट के नियमित अधिवक्ताओं के अलावा किसी भी बाहरी अधिवक्ता का नाम हाईकोर्ट के जज की नियुक्ति के लिए कोलेजियम को भेजने के विरोध में है। इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अधिवक्ता अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। इससे पहले, एडवोकेट एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था कि यदि नियमित अधिवक्ताओं के अलावा किसी अन्य का नाम जज

### ध्वनि प्रदूषण के मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई दस को

**रांची।** रांची शहर में ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में अब दस मार्च को सुनवाई होगी। बुधवार को सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। हाईकोर्ट ने समय देते हुए सुनवाई दस मार्च को निर्धारित की। सिविल सोसाइटी की ओर से दायर इस जनहित याचिका में ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पालन नहीं कराये जाने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थी का कहना है कि देर रात तक तेज शोर में डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस और संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं की जाती है।

### जमीन कब्जा की जांच के लिए दायर याचिका खारिज

**रांची।** हजारीबाग के इटखोरी मंदिर बनाने के लिए जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जांच कराने के लिए दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी। चीफ जस्टिस की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने याचिका पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों के लिए जनहित याचिका दायर नहीं की जा सकती। याचिका गजेंद्र कुमार ने दायर की थी।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय अधीक्षक,**
**मंडल कारा कोडरमा गृह(कारा) विभाग**

**ई0 निविदा सूचना**

| क01 | कारा का नाम | मंडल कारा, कोडरमा। |
|---|---|---|
| 2 | विषय | मंडल कारा कोडरमा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, के खाद्यानों, खस्सी मांस एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण (वार्षिक ई0 निविदा दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक– 17.03.2025 से 24.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा Online Upload करने की तिथि | दिनांक– 17.03.2025 से 24.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | दिनांक:– 25.03.2025 से 26.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | दिनांक:– 26.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–27.03.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर समाहर्ता, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में। |

नोट:–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा
PR 347832 (Home, Prison And Disaster Management)24-25*D


# झारखंड में होली के बाद शुरू होगी मैट्रिक और इंटर की कॉपियों की जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक (दसवीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) की आंसरशीट का मूल्यांकन (कॉपियों की जांच) मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए राज्यभर में लगभग 60 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। उत्तरपुस्तिका का उठाव होली के बाद शुरू होगा।

कॉपियों का मूल्यांकन 20 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही मैट्रिक और इंटर के तीनों संकाय का रिजल्ट 15 जून तक जारी हो जाने की संभावना है।

मालूम हो कि झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू हुई थी। तीन मार्च तक परीक्षा आयोजित की गयी थी।

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए पूरे राज्य में 2086 केंद्र बनाये गये थे। मैट्रिक के 4,33,890 परीक्षार्थियों की परीक्षा 1297 केंद्रों पर, जबकि इंटर के 3,50,138 परीक्षार्थियों की परीक्षा 789 केंद्रों पर हुई। मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में हुईं थी। पहली पाली में 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मैट्रिक की परीक्षा हुई। दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गयी। होली के बाद आंसरशीट का उठाव किया जाएगा और कॉपियों की जांच की जाएगी। इसके बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा।


**उपायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग**
**(जिला योजना)**
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

ज्ञापांक–170/जि0यो0, दिनांक–04/03/2025

**अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्तिद्य**

हजारीबाग जिला में पर्यटकों के सुविधा हेतु पर्यटन स्थल से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों पर साईन बोर्ड लगाने हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/ फर्म दिनांक–11/03/2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं दिनांक–11/03/2025 के अपराह्न 02:00 बजे प्राप्त निविदाओं को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी,Scope of Work (Annexure-1) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
हजारीबाग
PR 347810 Planning and Development(24-25).D


# हर्बल गुलाल की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिये : सीईओ

- बुंडू के पलाश हर्बल गुलाल उत्पादन इकाई का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह ने बुधवार को जिले के बुंडू प्रखंड स्थित पलाश हर्बल गुलाल उत्पादन इकाई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कंचन सिंह ने कहा कि हर्बल गुलाल की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध हो। उन्होंने सुझाव दिया कि विभिन्न प्रकार के फूलों और प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर हर्बल गुलाल के और अधिक रंग विकसित किए जाएं, ताकि उत्पाद की विविधता बढ़े और इसकी बाजार मांग में वृद्धि हो। साथ ही, उन्होंने उत्पादों की एकसमान ब्रांडिंग और पैकेजिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए सखी मंडल से जुड़ी महिलाएं 12 जिलों में हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही हैं। इस के लिए वे पलाश के फूल, पालक, चुकंदर, तुलसी ऑयल परफ्यूम, गुलाब जल आदि केमिकल फ्री प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग कर रही हैं। इससे ये गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित रहते हैं। इस पहल के माध्यम से झारखण्ड की ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं। राज्य सरकार के सशक्त और समृद्ध झारखंड के सपने को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण में जेएसएलपीएस के जिला एवं राज्यस्तरीय अधिकारी और सखी मंडल की महिलाएं शामिल थीं।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



मद्रासी सम्मेलनी जमशेदपुर का इतिहास टाटा स्टील की स्थापना (1907) के समय से जुड़ा हुआ है। मद्रासी सम्मेलनी भवन की नींव 15 अक्टूबर 1954 को टाटा स्टील (तत्कालीन टिस्को) के डायरेक्टर-इन-चार्ज सर जहांगीर घांदी द्वारा रखी गयी थी। इसके बाद, 26 सितंबर 1962 को बिहार के तत्कालीन राज्यपाल श्री अनंतसयानम ने इस भवन का उद्घाटन किया। यह भवन सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया। मद्रासी सम्मेलन में कई प्रसिद्ध हस्तियों का स्वागत किया गया है, जिनमें नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सी.वी. रमन, राजनीतिक नेता सी. राजगोपालाचारी (राजाजी), के. कामराज, आर. वेंकटरमण और सी. सुब्रमण्यम शामिल हैं। प्रारंभिक समय में, जमशेदपुर में बसे दक्षिण भारतीय लोगों ने छोटे-छोटे समूह बनाकर भजन, धार्मिक आयोजन, पुस्तकालय सेवाएं, बच्चों की शिक्षा और खेल (जैसे फुटबॉल और बैडमिंटन) जैसी गतिविधियां चलायीं।

# बीएनएच ने दुर्लभ टेवर प्रक्रिया से 56 वर्षीय बचायी मरीज की जान

## ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल : झारखंड में पहली बार टीईवीएआर प्रोसेस से सर्जरी का मिला श्रेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- मरीज एक बड़े एओर्टिक एन्यूरिज्म से पीड़ित थी, जो एक घातक स्थिति है
- लंबे समय से खांसी, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द की शिकायत थी

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल (बीएनएच), जमशेदपुर ने एक 56 वर्षीय महिला मरीज पर सफलतापूर्वक दुर्लभ और जीवनरक्षक थोरैसिक एंडोवास्कुलर एओर्टिक रिपेयर (टीइवीएआर) प्रक्रिया को अंजाम दिया। मरीज एक बड़े एओर्टिक एन्यूरिज्म से पीड़ित थी, जो एक संभावित घातक स्थिति है। मरीज को लंबे समय से खांसी, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द की शिकायत थी। जांच के बाद, उन्हें गंभीर हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप), एनीमिया, हाइपोथायरायडिज्म और अत्यधिक बढ़ी हुई महाधमनी (एओर्टा) की समस्या पाई गई। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्हें तुरंत कैथ लैब में स्थानांतरित किया गया, जहां आपातकालीन टीईवीएआर प्रक्रिया की गयी। टीईवीएआर एक मिनिमली इनवेसिव (कम आक्रामक) प्रक्रिया है, जो ओपन-हार्ट सर्जरी का एक बेहतर विकल्प है। इस प्रक्रिया में एक छोटे ग्रोइन चीरा (ग्रोइन कट) के माध्यम से स्टेंट ग्राफ्ट (फैब्रिक से ढका हुआ धातु का ट्यूब) को महाधमनी में डाला गया। इमेजिंग गाइडेंस की मदद से इसे सही स्थान पर स्थापित किया गया, जिससे कमजोर धमनियों को मजबूती मिली और फटने से रोका गया। प्रक्रिया के दौरान मरीज को दो यूनिट रक्त चढ़ाया गया और उनकी रक्तचाप एवं अन्य जरूरी स्वास्थ्य संकेतक स्थिर हो गये। प्रक्रिया के बाद किये गये इकोकार्डियोग्राफी परीक्षण ने सफल उपचार की पुष्टि की, और उन्हें स्थिर स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी



संवाददाता सम्मेलन में जटिल ऑपरेशन के बारे में बताते इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट डा अखलाख अहमद। साथ में फैसिलिटी डायरेक्टर धर्मा राव व सबसे दायें मरीज श्यामली मालाकार।

**एओर्टिक एन्यूरिज्म में बेहद कारगर है टीईवीएआर प्रोसेस : डॉ अखलाक अहमद**- ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल के इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट डॉ. अखलाक अहमद ने टीईवीएआर प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, एओर्टिक एन्यूरिज्म का समय पर इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकता है। टीईवीएआर में बिना ओपन-हार्ट सर्जरी के एओर्टा को रिपेयर करने की सुविधा देता है, जिससे जोखिम और रिकवरी का समय काफी कम हो जाता है। यह प्रक्रिया लगभग दो घंटे में पूरी हो जाती है, जिसे स्थानीय एनेस्थीसिया के तहत किया जाता है, और मरीज को 2-3 दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है।

**सीने में असहनीय दर्द और सांस लेने में परेशानी से मिली मुक्ति : श्यामली**- ऑपरेशन से स्वस्थ हुई मरीज श्यामली मलाकार ने कहा- जब मुझे अपनी बीमारी के बारे में पता चला, तो मैं बहुत डर गयी थी। सांस लेना मुश्किल था और सीने में दर्द असहनीय था। लेकिन डॉक्टरों ने मुझे हिम्मत दी। पूरी प्रक्रिया बहुत सहज रही। कुछ ही दिनों में मैं सामान्य हो गयी। मैं इस टीम की आभारी हूं, जिन्होंने मुझे नयी जिंदगी दी।

**वर्ल्ड क्लास इलाज की सुविधा बीएनएच की प्राथमिकता : धर्मा राव**- ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर ए. धर्मा राव, ने उन्नत चिकित्सा सेवाओं के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा, ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल में, मरीजों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। TEV अफजैसी जटिल प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक अंजाम देना हमारी विशेषज्ञता और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की कुशलता को दर्शाता है।

**ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल, जमशेदपुर के बारे में जानिये :** ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल (बीएनएच) 150 बेड वाला, एनएबीएच-मान्यता प्राप्त मल्टीस्पेशियलिटी टर्शियरी केयर अस्पताल है, जिसकी स्थापना 2008 में हुई थी। अस्पताल में पांच पूर्ण कार्यशील ऑपरेशन थिएटर और एक अत्याधुनिक कैथ लैब है, जो 24/7 उपलब्ध है। यह अस्पताल झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है।

## स्पीड न्यूज



### मंदिर में आहे लाला मंदिर में उड़ेला अबीर...

**जमशेदपुर।** बुधवार को श्री राममंदिर समिति, टेल्को का होली मिलन समारोह श्री राममंदिर प्रांगण, टेल्को, जमशेदपुर में संपन्न हुआ। रहरगोड़ा सरस्वती रामायण व्यास मंडली द्वारा एक से बढ़ के एक फगुआ गीत की प्रस्तुति दी गई जिसमें गणपति भगवान सभा बीच होखी ना सहइआ.., मंदिर में उड़ेला अबीर आहे लाला मंदिर में उड़ेला अबीर.., सुमुरहु श्री भगवान..,बाबा हरिहर नाथ... सरीखे होली गीतों से मंदिर प्रांगण पूरी तरह से गुंजायमान रहा। इसे सफल बनाने में चंद्रभान सिंह, नरेंद्र सिंह हैप्पी, कामेश्वर सिंह, के के मिश्रा, बबन पाण्डेय, सुधीर सिंह, राजेश पांडेय, सुनील सिंह, विजय सिंह, दीपक सिंह, विनय चौबे, अभय पाण्डेय, पी पी सिंह, सुमंत मिश्रा, सुशील दूबे, पप्पू पांडेय लगे थे।

### कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, घायल

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा में सड़क दुर्घटना में बेतहाशा वृद्धि हो गयी है। बुधवार को दोपहर साढ़े तीन बजे जादूगोड़ा मुर्मू कॉम्प्लेक्स के समक्ष कार (जेएच 05 डी पी 8711) ने स्कूटी सवार को ठोकर मार दी। इसमें यूसिल कर्मी दसमत माझी का पुत्र साहिल माझी गंभीर रूप से घायल हो गया व अचेतावस्था में सड़क पर गिर गया। सूचना पर जादूगोड़ा पुलिस की हाइवे पेट्रोलिंग पहुंची व घायल साहिल माझी को उठाकर यूसिल अस्पताल पहुंचाया। कार चालक ने मोड़ चौक स्थित खेला राम मुर्मू पेट्रोल पंप के पास वाहन खड़ा दी व खुद को जादूगोड़ा पुलिस के हवाले कर दिया।

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एम आलम का इंतकाल



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डा एम आलम का सुबह ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे उम्र जनित बीमारियों से जूझ रहे थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने डॉ आलम के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। दूसरी ओर, डॉ आलम को उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति में साकची कब्रिस्तान में देर शाम दफना दिया गया। इसके पूर्व उनका पार्थिव शरीर उनके ओल्ड सर्किट हाउस, रोड नंबर-3 स्थित डुपलेक्स नंबर 15 ले जाया गया जहां परिवार के लोगों ने इस्लामिक विधि से उनकी अंतिम यात्रा की प्रक्रिया पूरी की।

### मिलानी में दो दिवसीय वसंत मेला आठ से

**जमशेदपुर।** मिलनी हॉल बिष्टुपुर मवुमन डे स्पेशल बसंत मेला का आयोजन मीतू विश्वास और सोमा बनर्जी कर रहे हैं। दो दिवसीय ये मेला 8 और 9 मार्च को लगेगा, जिसके मुख्य अतिथि एसडीओ शताब्दी मजूमदार को आमंत्रण पत्र दिया गया और एक पौधा दे कर उन्हें शुभकामनाएं दी गयी।

# आइएसएल-2025 : फैंस का टूटा दिल जमशेदपुर को ओडिसा ने 3-2 से रौंदा

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की हृदयस्थली जुबिली पार्क फाउंडर डे के मौके पर दुल्हन की तरह सजी है। हर एक शहरवासी के कदम जुबली पार्क की सजावट देखने को बढ़ रही थी। यह आकर्षण भी जेएफसी के दीवाने प्रशंसकों को जेआरडी पहुंचने से नहीं रोक पाई। लेकिन स्थानीय दर्शकों के बीच खेल रही जे एफ सी ने अपने प्रशंसकों को निराश करते हुए उड़ीसा एफसी के खिलाफ मुकाबला 3-2 से गंवा दिया। खेल के प्रथम हॉफ में ही जमशेदपुर 2-0 से पीछे रही, वही दूसरे हॉफ की शुरूआत में ही उड़ीसा की बढ़त 3-0 की हो गई। उड़ीसा का पीछा करते हुए हालांकि जमशेदपुर 2 गोल करने में कामयाब रही। लेकिन अतिरिक्त 7 मिनट में भी जमशेदपुर खेल को बराबरी पर नहीं ला सकी। अंततः जोश से लबरेज दर्शक 3-2 की हार देख घर लौटे। लेकिन जमशेदपुर के लिए सुकून की बात यह है कि टीम ने तालिका में चौथे स्थान पर रहते हुए आईएसएल के प्ले ऑफ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है।



मैच का एक रोमांचक पल और मैच के दौरान जमशेदपुर के फैंस अपनी टीम का हौसला बढ़ाते हुए (इनसेट में)।

## मोहन आहूजा स्टेडियम में राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट सात से



**जमशेदपुर।** झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन झारखंड राज्य महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए अस्मिता स्पोर्ट्स का आयोजन कर रहा है, जो मोहन आहूजा और टाटा स्टील बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र में शुरू होने वाला है। पूर्वी सिंहभूम, झारखंड - भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा स्वीकृत प्रतिष्ठित अस्मिता स्पोर्ट्स फॉर झारखंड राज्य महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 07 मार्च 2025 को टाटा स्टील बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र में होगा। झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट 10 मार्च 2025 तक चलेगा और इसमें राज्यों के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 40 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता, उपविजेता और सेमीफाइनलिस्ट के लिए कुल पुरस्कार राशि 90000/- होगी।

## इंडस्ट्री ऑल ग्लोबल यूनियन का इंटरनेशनल कांफ्रेंस पुणे में संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह पुणे के हिंजावडी में आयोजित तीन दिवसीय (4-6 मार्च) इंडस्ट्रीऑल ग्लोबल यूनियन, ऑटोमोटिव सेक्टर वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिये। इसमें दुनिया भर के दर्जनों देशों के विशेषज्ञ, विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिये। तीन दिनों तक विभिन्न सत्रों में चलने वाले इस कार्यशाला में भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग के परिप्रेक्ष्य में चुनौतियां, वैश्विक अवलोकन एवं उद्योग, श्रमिकों एवं यूनियनों के लिए चुनौतियां विषय पर विस्तार से मंथन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने आये प्रतिनिधियों ने जहां अपने विचारों को रखा। वहीं विशेषज्ञों ने चुनौतियों से निपटने के सुझाव दिये। इसमें क्रिस्टीना ओलिवियर, इंडस्ट्रीऑल ग्लोबल यूनियन, सहायक महासचिव , जेसन वेड, यूएडब्ल्यू, यूएसए, राष्ट्रपति फेन के शीर्ष सलाहकार (सेक्टर सह-अध्यक्ष) आदि भी शामिल थे।

- कांफ्रेंस में शामिल हुए टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष व महामंत्री



## टाटा स्टील यूआइएसएल ने लाइनमैन दिवस मनाकर विद्युत कर्मियों को सम्मानित किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल ने लाइनमैन दिवस का आयोजन किया, जिससे उन समर्पित विद्युत कर्मियों को सम्मानित किया जा सके जो 24x7 निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात कार्यरत रहते हैं और हमारे घरों व व्यवसायों को रोशन करते हैं।

यह कार्यक्रम जमशेदपुर और सारायकेला-खरसावां में टाटा स्टील UISL की विद्युत वितरण इकाइयों में आयोजित किया गया। इसमें लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन सदस्य, अधिकारी, पर्यवेक्षक, इलेक्ट्रीशियन, वेंडर पार्टनर और उनके कर्मचारी शामिल थे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने लाइनमैन के कार्यों के महत्व और उनकी कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे श्री वी. पी. सिंह (वरिष्ठ जीएम - पावर सर्विसेज और यूटिलिटी बिलिंग), जिन्होंने विद्युत कार्य के महत्व और सुरक्षा के सर्वोत्तम तरीकों पर जानकारी दी।

साथ ही श्री एम. के. पांडा (डीजीएम - टाउन इलेक्ट्रिकल), श्री सत्यराज रथ (मुख्य प्रभागीय प्रबंधक - सुरक्षा, स्वास्थ्य, लर्निंग और विकास) और श्री रितेश गुप्ता (वरिष्ठ प्रभागीय प्रबंधक - एसके पावर सर्विसेज), जिन्होंने विद्युत कर्मियों की कठिनाइयों पर चर्चा की। 80 विद्युत कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए पुरस्कृत किया गया।

## झिलिंगगोंडा में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की अगुवाई में धूमधाम से मना बाहा परब

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया/जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन ने बुधवार को अपने पैतृक गांव झिलिंगगोंडा में धार्मिक रीति-रिवाज के साथ बाहा पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में जाहेरथान पहुंचकर प्रकृति देवता की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि बाहा पर्व आदिवासी समाज का एक पवित्र पर्व है जिसमें समुदाय के लोग अपने सृष्टिकर्ता और प्रकृति के देवता मरांगबुरू, जाहेर आयो, लिटा मोणें और तुरूईको के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने बताया कि इस पर्व में नायके बाबा और माझी बाबा के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना की जाती है। सारजोम बाहा (सखुआ फूल) और मातकोम गेल (महुआ फूल) देवी-देवताओं को अर्पित किये जाते हैं।



## बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर आंचलिक क्षेत्र की 67वीं शाखा का धनबाद में उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र की 67वीं शाखा बलियापुर शाखा का उद्घाटन प्रभाष चंद्र दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बलियापुर एवं प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी, बलियापुर के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह शाखा हमारे स्थानीय ग्राहकों को हर प्रकार की सुविधाओं एवं सेवाएं देने के उद्देश्य से स्थापित की गयी है। यह बैंक ऑफ बड़ौदा की धनबाद जिला की 11वीं शाखा है। बैंक द्वारा श्री शशांक गुप्ता जी को शाखा प्रबंधक नियुक्त किया गया है। इस उपलक्ष्य में जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा अन्य कार्यपालकगण स्टाफ सदस्य एवं ग्राहकगण उपस्थित रहे। अंचल अधिकारी ने बताया कि बैंक एक ऐसा प्रतिष्ठान है, जहां जन साधारण एवं विशिष्ट ग्राहक दोनों ही बैंक से समान रूप से जुड़े होते हैं।



## जमशेदपुर एफसी के सितारों ने अर्का जैन विवि में युवाओं को किया प्रेरित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक रोमांचक सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम में, जमशेदपुर एफसी के ग्रासरूट और युवा विकास प्रमुख कुंदन चंद्रा, कोच ग्रासरूट अरशद हुसैन और युवा गोलकीपर आयुष जेना ने छात्रों और एथलीटों के साथ अपने फुटबॉल अनुभव को साझा करने के लिए अर्का जैन विश्वविद्यालय का दौरा किया। यह कार्यक्रम एक शानदार सफलता थी, जिसमें तीनों ने युवा दर्शकों को अपनी उल्लेखनीय यात्राओं से प्रेरित किया, मूल्यवान जीवन के सबक दिए और उन्हें अटूट समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

छात्र अपने नायकों से मिलने के लिए उत्साहित थे, इस यादगार क्षण को संजोने के लिए उत्सुकता से ऑटोग्राफ और सेल्फी की तलाश कर रहे थे। एक मजेदार फुटबॉल सत्र के साथ उत्साह चरम पर पहुंच गया, जहां छात्रों को आयुष जेना के साथ करतब दिखाने का मौका मिला, और खेल के रोमांच का सीधे अनुभव किया।

आयुष के फुटबॉल कौशल के लुभावने प्रदर्शन ने छात्रों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे यह दौरा एक यादगार अनुभव बन गया। इस कार्यक्रम में प्रेरणा, मौज-मस्ती और फुटबॉल का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला, जिससे जमशेदपुर एफसी की समुदाय को वापस देने और फुटबॉल के प्रति उत्साही लोगों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को बल मिला।

आईएसएल सीजन 2024-25 अपने चरम पर है, ऐसे में प्रशंसक 5 मार्च को फर्नेस में अपने हीरोज का उत्साहवर्धन करने के अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जमशेदपुर एफसी के सितारों की यात्रा ने उत्साह को और बढ़ा दिया है, जिससे युवा मन फुटबॉल के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं।




## एक नजर में

### साकची में मां जीण भवानी के नवनिर्मित रजत विग्रह का पूजन, हवन संपन्न



**जमशेदपुर।** श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के भक्तों ने साकची अग्रसेन भवन में आदि शक्ति मां जीण भवानी का नवनिर्मित रजत विग्रह (माता की चांदी की तस्वीर) का पूजन, हवन एवं प्रसाद बांटा। मुख्य यजमान उर्मिला-शंभु खन्ना एवं रीता-श्याम खंडेलवाल ने पूजा की। पुजारी अमित शर्मा की देखरेख में पांच विद्वान पंडितों ने पूजन एवं हवन का अनुष्ठान कराया। कोषाध्यक्ष विनोद खन्ना ने बताया कि जीण माता परिवार के सुनील देबुका, मनीष खन्ना, पवन शर्मा, आशीष खन्ना की पहल पर श्रद्धालुओं से चांदी संग्रह कर जीण माता की चांदी की नवनिर्मित तस्वीर बनायी है। उपस्थित 200 से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रमुख रूप से बजरंग लाल अग्रवाल, राजकुमार रिंगसिया, रामकृष्ण चौधरी, उमेश शाह, विनोद खन्ना, अरूण बांकरेवाल, राजकुमार मेंगोतिया, जगदीश खेमका, तुलसी खेमका, संतोष, राधेश्याम, ओम प्रकाश आदि शामिल थे।

### श्रीश्री श्यामा सुंदरी काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



**जमशेदपुर।** बुधवार को एग्रीको रोड नंबर-3 भुइयांडीह कालिंदी बस्ती स्थित श्रीश्री श्यामा सुंदरी काली मंदिर परिसर में मां काली के 25वें प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत पंडित अलोक मिश्र एवं स्वपन मिश्र ने पूजा अर्चना कर की। संध्या में महाआरती तथा भजन कीर्तन हुआ। महाप्रसाद खिचड़ी खीर पूरी सब्जी मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर समिति के प्रदीप साल, हरे कृष्णा कालिंदी, शिंदेल साल, शंभु मुखी, संतोष कुमार, अमित चौधरी, नव मुखर्जी, अजय हजारा, राजेश कालिंदी, बुधदेव मंडल, मनोहर कालिंदी, काजल साल, श्रीलेखा साल, जोबा कालिंदी, गुड्डी मुखर्जी एवं काफी संख्या में मंदिर के सदस्यगण उपस्थित थे।

### डुमरिया के निवास चंद्र साव को केला की खेती के लिए मिला प्रथम पुरस्कार



**जादूगोड़ा।** खेती को बढ़ावा देने व उसके तकनीक को किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जादूगोड़ा में पोटका प्रखंड स्तरीय कृषि मेला लगाया गया। इधर, स्थानीय भाटीन पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में घाटशिला, पोटका, डुमरिया व मुसाबनी के किसानों ने शिरकत की व अपने उत्पाद मसलन चना, बैगन, खीरा, गाजर,पपीता, आलू,बंधा कोभी, हल्दी, धनिया की प्रदर्शनी लगायी गयी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि पदाधिकारी देवेंद्र नाथ महतो व वी टी एम कौशल झा ने उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मौके पर डुमरिया के कुंमडाशोल के निवास चंद्र साव को केला का खेती में प्रथम पुरस्कार देकर कृषि पदाधिकारी देवेंद्र नाथ महतो ने सम्मानित किया। उसके केले के एक गुच्छा में 15 दर्जन केला पाये गये जो इस प्रदर्शनी में आकर्षक का केंद्र बना रहा।

### देवघर पंचायत के तुरियाबेड़ा में मना बाहा बोंगा



**जमशेदपुर।** देवघर पंचायत के तुरियाबेड़ा में बाहा बोंगा मनाया गया, जिसमें सुबह पूजा-पाठ के साथ नाचते हुए नायके बाबा को विदा किया गया। यह आयोजन स्थानीय संस्कृति और परंपरा को बनाये रखने के लिए किया गया था। इस आयोजन में नायके बाबा राजेश हेंम्ब्रम, मांझी बाबा सुनील हेंम्ब्रम, हुडिञ मांझी बसु हांसदा, दिकू मुर्मू, जोग मांझी माताल टुडू, टेंडो राजा हांसदा, गौर हेंब्रम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। बाहा बोंगा का आयोजन हर साल नए फुल की शुरूआत में किया जाता है, विशेष रूप से साखूआ के नये फुल खिलने पर मनाया जाता है। इस दिन पूजा के बाद सभी लोग अपने कानों में साखूआ का फुल लगाते हैं, जो इस त्योहार की एक विशेष परंपरा है।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मना औषधि दिवस



**जमशेदपुर।** नाथ कॉलेज ऑफ फामेर्सी ने जन औषधि दिवस 2025 मनाया, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) के तहत सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना है। मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर, सरायकेला-खरसावां, मोहम्मद अबरार आलम और फार्मासिस्ट एवं पीएमजेएके आदित्यपुर के प्रोप्राइटर अजीत सिंह मुख्य वक्ता थे। उन्होंने जन औषधि परियोजना के तहत सस्ती दवाओं की उपलब्धता और इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एसएन सिंह और डीन एकेडमिक डॉ डीके शुक्ला ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन ने देशभर में स्थापित 10,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों के महत्व को रेखांकित किया, जो गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाओं को सभी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ब्रांच के चेयरमैन चुने गये सीए कौशलेंद्र दास



**जमशेदपुर।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ब्रांच, जमशेदपुर की एग्जीक्यूटिव बैठक बुधवार को रूसी मोदी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हुई। जिसकी शुरुआत आईसीएआई कानपुर से आये डिप्टी सेक्रेटरी सीए गोविंद अग्रवाल और सीए अमित अग्रवाल ने की। बैठक में नई कार्यकारिणी टीम का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सीए कौशलेंद्र दास को चेयरमैन चुना गया। इसी तरह सीए आनंद अग्रवाल को उप चेयरमैन, सीए ऋषि अरोड़ा को सचिव, सीए मुकुंद केडिया को कोषाध्यक्ष, सीए चेतन अग्रवाल को सीआईसीएएसए चेयरमैन मनोनीत किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### कॉलेज शिक्षक के समर्थन में आजसू



**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) अनशनकारी शिक्षक कमलेश पांडेय के समर्थन में अनशन स्थल पहुंच समर्थन दिया। उसी क्रम में कॉलेज में व्याप्त अनियमितता के खिलाफ प्राचार्य से बात की। अभिषेक ने कहा कि कॉलेज में विवेकानंद की मूर्ति लगायी गयी है, जिसकी लागत करीब दो लाख है। जिसके लिए निविदा आमंत्रित नहीं की गयी, जबकि जीएफआर (गवर्मेंट फाइनेंस रुल 2017) के तहत 50,000 से अधिक की खरीदारी के लिए जैम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित करना होता है जो अब तक नहीं हुआ है। मौके पर सचिन कुमार, स्वास्तिक सिन्हा, नितेश दुबे, सौरभ कुमार आदि मौजूद थे।

### बेकार बहता है प्लेटफार्म नल का पानी



**मोहम्मदगंज (अनूप कुमार)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर लगातार पानी की बर्बादी दिख रही है। इसे रोकने का कारगर उपाय नहीं किया जा सका है। प्लेटफॉर्म नंबर 2 के नल कनेक्शन से पानी की बर्बादी हो रही है। इसमें नल की टोटी नहीं लगने से पानी बेकार बह रहा है। जबकि इसे चंद रुपयों से ठीक किया जा सकता था।

### दिव्यांगों के बीच उपकरणों का वितरण



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के अमन चैन मोहल्ला परिसर में भगवान महावीर विग्लांग सहायता समिति और पलामू दिव्यांग संघ हुसैनाबाद के नि:शुल्क कृत्रिम अंग शिविर लगाया। इसमें दिव्यांगों के बीच उपकरण बांटे गये। मुख्य अतिथि हुसैनाबाद बीडीओ सुनील वर्मा, विशिष्ट अतिथि निखिल सिंह, उर्फ मुन्ना सिंह, अशोक मेहता, सेवा निवृत्त शिक्षक रंजीत सिंह, पलामू जिला संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, सचिव रामपुकार सिंह, महावीर विग्लांग सहायता समिति के डॉक्टर रामकृष्ण साहू, जाहिद अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। 40 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल, 40 व्हीलचेयर, वैशाखी 75, ब्लाइंड स्टीक व अन्य दिव्यांगों के बीच जरूरी उपकरण बांटे गये।

### सेवानिवृति के बाद दी गयी विदाई

**विश्रामपुर (पलामू)।** सिंगसिगी पंचायत के लोहरदगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोरखनाथ पांडेय को सेवानिवृति के बाद बुधवार को सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। इसके लिये विद्यालय परिसर में विदाई समारोह किया गया। अध्यक्षता मुखिया किरण देवी व संचालन हरिनाथ प्रसाद ने किया। गोरखनाथ को ग्रामीणों व सहयोगी शिक्षकों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जे बी उवि के प्राचार्य अनिल सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते। मौके पर धर्मेंद्र चौधरी उर्फ गुड्डू, वीरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह, मनोज पाठक, रामनिवास तिवारी, दिलीप चौधरी, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, बिनोद दीक्षित आदि मौजूद थे।

### जेएनवी जपला पलामू 02 में हुई बैठक



**हुसैनाबाद, पलामू।** बुधवार को लांगरकोट स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू 02 सह पीएम श्री विद्यालय में विद्यालय विकास प्रबन्धन कमिटी की बैठक की गयी, जिसमें विद्यालय विकास से संबंधित कई आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बिंदुवार प्रस्ताव पारित की गयी। अध्यक्षता उपायुक्त पलामू सह विद्यालय के चेयरमैन के रिप्रजेंटेटिव एसडीओ गौरांग महतो जबकि संचालन प्राचार्य अशहर रूमी ने किया। वहीं समिति के प्रमुख सदस्यों में सीनियर शिक्षक राणा तबस्सुम, उप प्रमुख इंदु देवी, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ बिनेश कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि में पप्पू पटेल, उतिमा कुमारी एवं सीनियर विद्यालय +2 बालिका उच्च विद्यालय से रविकांत पाण्डे आदि ने भाग लिया।

### किसान उवि ओरिया में नियुक्ति फर्जीवाड़ा



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज प्रखंड के उच्च विद्यालय ओरिया में शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर जॉइनिंग तक फर्जीवाड़ा का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को इसकी जांच करने पांच सदस्यीय टीम उवि ओरिया पहुंचे। जहां कई खुलासा हुआ। प्रधानाध्यापिका चंचला कुमारी अनुपस्थित थी। वह विद्यालय नहीं आती है। विद्यालय का दस्तावेज स्कूल के बजाए अपने घर में रखती है। वहां बायोमेट्रिक अटेंडेंस भी नहीं बनता है। सभी शिक्षक और कर्मी ऑफलाइन रजिस्टर में अटेंडेंस बनाते हैं। एक अन्य शिक्षक राजीव भी नहीं आते।

### छतरपुर में कैंप कार्यालय छह को



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर पलामू में अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जा रहा है। पहला कैंप कार्यालय हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में 27 फरवरी को आयोजित किया गया। जबकि दूसरा कैंप कार्यालय 6 मार्च को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने कैंप कार्यालय के दौरान जिले के विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों को कैंप कार्यालय में पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि कैंप कार्यालय में लोगों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। पदाधिकारी आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे एवं उसका त्वरित समाधान करेंगे। त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं रहने की स्थिति में निर्धारित समयावधि में समस्याओं का निष्पादन करेंगे एवं इसके लिए संबंधित व्यक्ति को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के अधिष्ठान से जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों के नजदीकी अनुमंडल में ही समस्याएं सुनकर निदान कर रहे हैं। लोग जिला में जाने से बच पा रहे हैं। इससे उनका आर्थिक और समय दोनों की बचत हो रही है, जिसका वह अपने उत्थान में उपयोग कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के दौरान विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी।

# पांकी में सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण का मामला विधायक डॉ शशिभूषण ने उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने झारखंड विधानसभा में तारांकित प्रश्न के दौरान पांकी में अत्याधुनिक व सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण करने का मामला उठाया। डा मेहता ने अपने सवाल में कहा कि पांकी से प्रतिदिन दर्जनों बस व अन्य यात्री वाहन रांची, गढ़वा, गया बिहार, चतरा, डालटनगंज, हजारीबाग, बनारस यूपी आदि स्थानों के लिए चलते हैं। इसके जवाब में प्रश्न स्वीकार किया गया। डा मेहता ने कहा कि पांकी में आज तक सुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो पाया है जिससे यात्रियों व वाहन चालकों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पांकी स्थित कर्पूरी चौक के निट मुख्य सड़क किनारे से बसों का परिचालन होने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की समस्या दूर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार बताये कि कब तक पांकी में बस स्टैंड का निर्माण किया जायेगा।



इसके जवाब में परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि नगर व आवास विभाग झारखंड के द्वारा अत्याधुनिक बस स्टैंड का निर्माण अधिसूचित नगर निकाय क्षेत्र में किया जाता है। पांकी प्रखंड नगर विकास व आवास विभाग के द्वारा अधिसूचित नगर निकाय क्षेत्र में शामिल नहीं होने के कारण वर्तमान में पांकी में अत्याधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कराना विचाराधीन नहीं है। इसके अलावे डा मेहता ने रांची-ठाकुरगांव से सिमरिया होते हुए बगरा मोड़ तक 107.13 किमी हाई स्पीड झारखंड सेंट्रल कोरिडोर की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है। एनएच पथ 39 का फोरलेन एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य चल रहा है। झारखंड स्टेट रोड प्रोजेक्ट तीन के तहत मेदिनीनगर, पांकी, हरदीपुर, बगरा मोड़ पथ प्रस्तावित है इसे बन जाने से पथ एक दूसरे से जुड़ जायेगा। जवाब में कहा गया कि राज्य में सड़क आधारभूत संरचना के विकास हेतू विभिन्न कॉरिडोर की संभाव्यता व रूप रेखा का अध्ययन अभी प्रक्रियाधीन है। संप्रति अभी तकनीकी स्वीकृति नहीं प्रदान की गई है। भविष्य में लिये जाने वाले संभावित कोरिडोर के मार्ग रेखांकण में फाईनलाइजेशन के पूर्व पथ के स्वीकृति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जा सकता है।

## पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने विधायक डॉ शशिभूषण को दी सलाह, कहा

# पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर न करें काम

- सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन हुआ डिबार मुक्त, अभियंता प्रमुख ने पत्र जारी कर दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता पर राजनीतिक हमला किया है। पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण को सलाह दिया है कि यदि जनता समर्थन दिया है तो जनता के हितों को ध्यान में रखकर काम करें न कि हमेशा पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर सिर्फ सोते जागते सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन, सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन करते रहिए। पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने बताया कि अभियंता प्रमुख जयप्रकाश सिंह द्वारा पत्रांक JSRRDA--360/11-205 दिनांक 28.02.2025 के तहत डिबार मुक्त करने संबंधी पत्र जारी किया है। अभियंता प्रमुख ने संबंधित विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता को पत्र दिया है।



**बिट्टू सिंह, पूर्व विधायक पांकी।**

उन्होंने कहा कि सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन द्वारा यदि गलत काम किया गया है तो इसके लिए सरकार के पास कार्य की गुणवत्ता या सही गलत देखने के अधिकारी हैं। पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि दरअसल विधायक डॉ शशिभूषण मेहता पांच साल के दौरान एक भी ऐसा काम नहीं किए जो उनके द्वारा बताने लायक हो। अपने नाकामी को छिपाने के लिए जनता को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। अभी तक इनकी यही उपलब्धि रहीं हैं कि जिस पांकी विधानसभा क्षेत्र में दोनों समुदायों के बीच भाईचारा का वातावरण कायम था उसे बिगाड़ने के लिए इन्होंने भरपूर प्रयास किया है। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि दिवंगत विधायक विदेश सिंह ने पांकी विधानसभा क्षेत्र में जो विकास कार्य किया है वहीं आज भी दिख रहा है। हमलोगों ने कभी व्यक्तिगत दुश्मनी को लेकर काम नहीं किया है। एक जनप्रतिनिधि को कभी भी किसी के साथ व्यक्तिगत दुश्मनी को लक्ष्य बनाकर काम नहीं करना चाहिए। जनप्रतिनिधि को हमेशा निः स्वार्थ और बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए।

## बजट सत्र में जमकर बरसे विधायक आलोक कुमार चौरसिया

# सड़क जाम, पेयजल आपूर्ति आदि को लेकर झारखंड सरकार को घेरा

**मिन्हाज /प्रेमरंजन**

**मेदिनीनगर /चैनपुर।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ध्यान आकर्षण करते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से वर्तमान झारखंड सरकार से कड़ा सवाल पूछा है। श्री चौरसिया ने सत्र के दौरान कहा कि पलामू जिला मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पानी का जलस्तर गर्मी के दिनों में नीचे चला जाता है? विधायक ने पूछा कि पलामू जिला स्थित मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में रेड़मा चौक पर आए दिन जाम की स्थिति चारों तरफ से गाड़ियों का जमावड़ा लगा रहती है तथा सैकड़ो गाड़ियों की कतार लग जाती है। सरकार इस का निदान क्यों नहीं कर रही है, वर्तमान में बना रहे एनएच से जाम की समस्या का निदान नहीं होगा, क्योंकि बड़ी गाड़ी तो बाहर से चली जाएगी, परंतु छोटी गाड़ियों का वृद्धि बीते वर्षों में हुआ है। आखिर झारखंड सरकार क्या कर रही है बजट में कुछ नया नहीं दिया , यह सरकार जनहित विरोधी है। मेदिनीनगर के पंपू कल स्थित एवं शिवाला घाट रामजानकी मंदिर आरसीसी बियर का निर्माण होने से जलस्तर बढ़ेगा, इस पर सरकार क्या कर रही है?



### मनरेगा में बीपीओ कर रहे हैं अवैध राशि की वसूली

**मेदिनीनगर/पाटन।** थाना क्षेत्र के हिसरा बरवाडीह निवासी अंकित शुक्ला पिता विनोद शुक्ला ने पलामू डीडीसी को आवेदन देकर पाटन प्रखंड में मनरेगा योजना में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी स्वीटी सिन्हा पर अवैध राशि वसूलने का आरोप लगाया है। आवेदन में अंकित ने कहा है कि मेरे नाम से खेत में ईसीबी निर्माण जो ग्राम सभा में पारित है। वे जीओ टैग कराकर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के लॉगइन में 25 फरवरी को चला गया है। तब से आज तक लगातार बीपीओ से लॉगइन छोड़ने का आग्रह करते रहे।

# अंतरराज्यीय समन्वय से विधि व्यवस्था संधारण में मिलेगी सफलता : उपायुक्त

- स्थानीय सर्किट हाउस में अंतरराज्यीय जिला समन्वय समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सर्किट हाउस में अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें पलामू एवं औरंगाबाद के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आसन्न पर्व-त्योहार, आसन्न नगर निकाय चुनाव, आसन बिहार विधानसभा आम चुनाव, सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थ, शराब, स्प्रीट, आग्नेयास्त्र आदि प्रतिबंधित सामग्री/ वस्तुओं की आवाजाही, नक्सली गतिविधि, ओवरलोड एवं बिना चालान बालू, पत्थर एवं अन्य खनिजों का परिवहन, नक्सली गतिविधियों आदि की रोकथाम को लेकर कड़े कदम उठाते हुए आपसी समन्वय से छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।



**बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी।**

दोनों जिलों के जिलाधिकारियों द्वारा अंतरराज्यीय समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्णय लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। दोनों जिलों के सभी संबंधित विभागों एवं सीमावर्ती क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा संलिप्त व्यक्ति एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। झारखंड के पलामू जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं औरंगाबाद जिले जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाई जाएगी। होली के पूर्व तक अवैध शराब, स्प्रीट को लेकर संयुक्त अभियान चलाकर प्रतिबंध लगाने के लिए सक्रिय व सकारात्मक प्रयास किये जाएंगे। पर्व-त्योहारों के मद्देनजर निकलने वाली जुलूस के निर्धारित मार्ग का संयुक्त रूप से सत्यापन करने एवं संवेदनशील स्थानों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# कोल्ड फॉगिंग धुएं से तीन गुना ज्यादा फायदेमंद : अरुणा शंकर

- मेदिनीनगर शहर दुल्हन की तरह सजी रहे मेरी चाहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पद के साथ भी पद के बाद भी मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर हमेशा अपने कार्यों की बदौलत काफी चर्चा में रहती है। लोगों में चर्चा है कि पद से हटते ही जहां अधिकांश जनप्रतिनिधि शिथिल पड़ जाते हैं लेकिन अरुणा शंकर पद से हटने के बाद भी शहर की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए निजी खर्च से कई कर्मियों को रखपैरेलल निगम चला रही है।



उन्होंने अपनी टीम में दो इलेक्ट्रीशियन, तीन माली, दो पानी पटाने के लिए कर्मी, पानी हेतु टैंकर और ड्राइवर रखकर सारे चौक चौराहा डिवाइड, गांधी उद्यान, मरीन ड्राइव के लाइट एवं फूल पत्ती को मेंटेन कर रही है जिसे आये दिन मेंटेनेंस कार्यों में लगे चौक चौराहा रोड पर देखा जा सकता है। वहीं अब वॉटर बेस्ड कोल्ड फागिंग मशीन नया खरीद कर पूरे शहर में फागिंग भी करवा रही है। इस मशीन की खूबी है कि इसमें धुआं नहीं होता लेकिन मच्छर मारने की शक्ति वॉटर बेस्ड फॉगिंग होने के चलते धुआं वाले मशीन से तीन गुना ज्यादा होती है। साथ ही यह मशीन महंगी जरूर है पर स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। यह वॉटर बेस्ड मशीन दिल्ली, बंबई, इंदौर चंडीगढ़ अब रांची और प्रथम महापौर के निजी खर्चे से खरीद कर डालटनगंज में संचालित की जा रही है। इन दिनों यह भी चर्चा में है कुछ दिन पूर्व शहीद चौक का डिवाइड एक ट्रक के टकराने से क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे निगम टेंडर करा कर बनाने में महीनों लगाती लेकिन प्रथम महापौर ने रातो रात राजमिस्त्री लगाकर उसे तुरंत बनवा दिया और अब पूरे डिवाइडर का लाखों रुपया खर्च करते हुए रंग रोगन करा रही है। इस संबंध में जब हमारे जनप्रतिनिधि ने प्रथम महापौर से बात की तो उन्होंने कहा कि मुझे एक बार जब निगम की जनता ने नगर माता बना दिया तो मेरा फर्ज है मैं पद पर रहूं ना रहूं शहर की खूबसूरती को बनाए रखना मेरा और शहर के हर नागरिक का दायित्व है। प्रथम महापौर ने कहा कि अभी ओवर ब्रिज के लाइट भी बदले जायेंगे। मैं जयपुर से मंगवा रही हूं ताकि हमारा मेदिनीनगर शहर दुल्हन की तरह सजा लगे।

### नींद में नियंत्रण खोया चालक, पार्सल वाहन गड्ढे में



**हुसैनाबाद, पलामू।** बुधवार को जपला छतरपुर मुख्य सड़क पर पार्सल वाहन चालक नींद में स्टेयरिंग नियंत्रण खोने से वाहन अनियंत्रित होकर छोटी पुलिया से टकरा कर पलटने का मामला आया हालांकि इस सबन्ध में कोई हताहत नहीं हुई चालक को हल्का फुल्का चोट आई लेकिन सभी सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार उक्त वाहन छतरपुर से जपला की ओर आ रही थी। तभी जपला छतरपुर मुख्य सड़क ग्राम कचरा मोड़ के समीप चालक को नींद में झपकी आ गयी जिससे स्टेयरिंग नियंत्रण खो दिया व गाड़ी छोटी पुल के नीचे जा गिरी।

### व्यवसायी पुत्र का हृदयाघात से निधन, शोक



**हरिहरगंज (पलामू)।** मेन बाजार स्थित जय मां दुर्गा वस्त्रालय के प्रोपराइटर बसंत शौंडिक उर्फ भिखारी शौंडिक के ज्येष्ठ पुत्र अविनाश (36) का हृदयाघात से मंगलवार की रात निधन हो गया। बताया जाता है कि हार्ट में समस्या के बाद इलाज के लिए उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 27 फरवरी को एंजियोप्लास्टी हुई थी। मंगलवार की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पुनः मेदांता लाया गया, जहां निधन हो गया। बुधवार को शव पटना से हरिहरगंज पहुंचा। जहां बटाने नदी शहरी घाट पर दाह संस्कार किया गया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करनेवालों में वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, संरक्षक भोला गुप्ता, बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, गणेश शौंडिक, राबर्ट गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, सन्नी गुप्ता, ओमप्रकाश शौंडिक, जेपी गुप्ता, राजेश प्रसाद, राजीव रंजन, विश्वदीप कुमार, अशोक जायसवाल आदि शामिल हैं।

### आनंदमर्गियों ने मनाया दधीचि दिवस



**मेदिनीनगर।** बुधवार को आनंदमर्गियों ने मेदिनीनगर के नयी मोहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में 6 घंटे का कीर्तन बाबा नाम केवलम कीर्तन भजन करके अपने 12 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। वरिष्ठ मार्गी बैद्यनाथ जी ने बताया कि 5 मार्च 1967 को कम्युनिस्टों के गुंडों ने आनंदमार्ग प्रचारक संघ के केंद्रीय कार्यालय, आनंद नगर पर हमला किया था। हमला करनेवालों का कुत्सित इरादा था कि आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के संस्थापक बाबा श्री श्री आनंदमूर्ति जी की हत्या कर आनन्दमार्ग को खत्म कर दिया जाये। इन अमानवीय, धर्म विरोधी, संत्रासी, बदमाशों और अनैतिक ताकतों ने निरीह निहत्थे पांच धर्म रक्षक आध्यात्मिक सैनिकों की नृशंस हत्या कर दी थी।

## अमर शहीद महिमानंद शुक्ला के परिजन से मिले सीआरपीएफ व झारखंड पुलिस के वरीय अधिकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पिताबरपुर।** प्रखंड के कमलकेडिया निवासी सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल शहीद महिमानंद शुक्ला के परिजनों से सीआरपीएफ डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, आईजी साकेत सिंह, पलामू आईजी सुनील भास्कर, पलामू डीआईजी वाई एस रमेश, पलामू एसपी रेशमा रमेशन मिले। मौके पर सीआरपीएफ डीजी ने कहा कि महिमानंद को श्रद्धांजलि देने एवं शहीद की पत्नी प्रिया देवी, बेटा आदित्य, बेटी अनुष्का से मिलने आया था। सीआरपीएफ परिवार हमेशा आपके साथ और हरसंभव मदद को तैयार है। ज्ञात हो कि महिमानंद 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट के चपेट में आ गये थे। 20 को उनका निधन हो गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आठ को, तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को होगा। उक्त जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि आठ मार्च शनिवार को 10:30 बजे से कोर्ट कार्य अवधि तक राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित व प्रिलिटिगेशन दोनों तरह के मामले ज्यादा निपटाने का प्रयास है। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण को लेकर पीठों का गठन कर दिया गया है।

## भव्य सूर्य मंदिर पांकी प्रखंड को एक अलग पहचान दिलायेगा: लवली गुप्ता

- पांच दिवसीय भव्य ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई भाजपा नेत्री लवली गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** प्रखंड के बसडीहा स्थित सोनरे नदी तट पर भगवान भास्कर के भव्य मंदिर का कार्य पूर्ण होने के बाद प्राण प्रतिष्ठा सह भव्य ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम की शुरुआत 2 मार्च दिन रविवार से कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया, कलश यात्रा कार्यक्रम पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भास्कर की मूर्ति को गाजे बाजे के साथ भगवान भास्कर की जय जयकार करते हुए नगर भ्रमण किया, भगवान भास्कर



प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या से आये विजय प्रपन्न जी महाराज एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य अवध बिहारी मिश्रा एवं पंडित महावीर पांडे के सानिध्य में शुरू हुआ। लवली गुप्ता ने कहा कि वर्षों से यह मंदिर अधूरा था। यह भव्य सूर्य मंदिर पांकी प्रखंड को एक अलग पहचान दिलायेगा।

## सदर थाना पुलिस ने सुआ कौड़िया गोदाम चौक के पास से हटाया अतिक्रमण

# अतिक्रमण करनेवालों पर जल्द होगी कड़ी कार्रवाई: थाना प्रभारी उत्तम राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड क्षेत्र के सुआ कौड़िया गोदाम चौक के पास चाट चाउमिन दुकान, चाय दुकान , मिठाई दुकान लगाकार पथ पर अतिक्रमण किया गया था। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पथ पर अतिक्रमण होने की जानकारी सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को दी। इसके बाद सदर थाना प्रभारी दलबल के साथ गोदाम चौक पहुंचकर अतिक्रमण किये गये तीन दुकानों को वहां हटवाया। उन्होंने कहा कि उक्त दुकान लगाने से पथ का अतिक्रमण होता था। लोगों को आने जाने में परेशानी होती थी। गोदाम चौक के पास मुड़ाव व दुकान होने के कारण कई चालक दुर्घटना के शिकार हो गये थे। उक्त दुकान राम जानकारी मंदिर के सामने लगाया गया था। इस कारण श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने मंदिर जाने में कठिनाई होती थी। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी हालत में पथ का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि अगर वे रास्ते व सड़क पर दुकान लगाकर अतिक्रमण किये हैं तो खुद से दुकान हटा लें वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें।



**गोदाम चौक के पास दुकानों को हटवाते सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय व पुलिसकर्मी समेत अन्य ग्रामीण।**

**मुख्य बातें :** थाना प्रभारी के दुकान हटाकर रास्ता को अतिक्रमणमुक्त करने पर सुआ कौड़िया के ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। साथ थाना प्रभारी को बधाई दी है। कहा कि अब दुकान हट जाने से राहगीरो व वाहनों के आवागमन सुलभ होगा। इसके अलावे कभी सड़क जाम भी नहीं लगेगा। मौके पर उपाध्याय सिंह ने कहा कि सुआ मुखिया दुलारी देवी को लोगों द्वारा लगातार दुकान लगाकर सड़क अतिक्रमण करने का शिकयत मिल रहा था। इसे देखते हुए उन्होंने सदर थाना प्रभारी से अतिक्रमण हटाने की मांग की। इसके बाद सदर थाना प्रभारी ने खुद वहां पहुंचकर दुकान हटाकर सड़क अतिक्रमण मुक्त कराया। कहा कि सुआ पंचायत में जहां भी सड़क का अतिक्रमण किया गया होगा वहां से दुकानदारों को हटाया जायेगा।

# केंद्रीय विद्यालय पलामू में प्रबंधन समिति की बैठक, हुए कई निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** केंद्रीय विद्यालय पलामू में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें प्राचार्य माणिक कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि अरविंद कुमार पाण्डेय, कंचन सिंह, इंतखाब आलम, सौरभ कुमार सहित अभिभावक सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक में सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों की उपलब्धियों, विद्यालय की आधारभूत आवश्यकताओं और निमार्णाधीन भवन से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय के छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया गया।



**बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य लोग।**

**मुख्य बातें :** 58वें राष्ट्रीय खेल महोत्सव में तीन छात्रों ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय की प्रतिष्ठा और बढ़ी। बैठक में विद्यालय के नए भवन के निर्माण कार्य की प्रगति पर भी चर्चा हुई। साथ ही, विद्यालय की भूमि के कुछ हिस्से पर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज द्वारा अस्थायी अतिक्रमण की समस्या भी गंभीर विषय रही, जिसके समाधान के लिए अध्यक्ष सह उपायुक्त पलामू से हस्तक्षेप की अपेक्षा की गई। बैठक में आगामी सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय की आवश्यकताओं पर भी चर्चा हुई। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी आवश्यकताओं को शीघ्र पूरा करने के लिए उचित प्रयास करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्राचार्य माणिक कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रशासन, छात्रों और अभिभावकों के सहयोग से शिक्षा, खेल और अधोसंरचना के क्षेत्र में विकास के लिए कार्य करता रहेगा। केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने आश्वस्त किया कि जुलाई 2025 तक केन्द्रीय विद्यालय, पलामू अपने स्थायी भवन में स्थानांतरित हो जायेगा।

## डीसी-एसपी ने लोगों की सुनी समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

# विकास कार्यों का जायजा भी लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के अति सुदूरवर्ती नक्सल मुक्त बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों के संचालन से अवगत होने एवं क्षेत्र के आम जनमानस की समस्याओं का समुचित समाधान के उद्देश्य से बुधवार को डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बडगढ़ प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बूढ़ा पहाड़ के टेहरी पंचायत का दौरा किया। इस दौरान बूढा पहाड़ विकास परियोजना को लेकर बडगढ़ प्रखंड अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के टेहरी पंचायत समेत अन्य के विकास कार्यों की डीसी ने समीक्षा किया। उन्हांने क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनी एवं सरकार द्वारा संचालित सभी विकास योजनाओं से ग्रामीणों को आच्छादित करने की बात कही। डीसी श्री जमुआर ने उक्त क्षेत्रों के योग्य लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं मनरेगा, आवास, सर्वजन पेंशन, केसीसी, वन अधिकार पट्टा, बाल विकास, शिक्षा, स्किम कम्पलीसन, स्वास्थ्य, पोषण व आधार सीडिंग, पेयजल, विद्युत समेत अन्य योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने की बात कही। उन्होंने बूढा पहाड़ क्षेत्र के पंचायतों में विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क आदि में पर्याप्त विकास कार्य कराने की बात कही। उन्होंने बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में पहले के अपेक्षा अब के समय मे सतत विकास कार्य सम्पन्न होने की बात कही। एसपी श्री पांडेय ने कहा कि बूढ़ा पहाड़ पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आता था, जिसे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा सीआरपीएफ बलों द्वारा अब पूर्णतः नक्सलमुक्त कराकर भयमुक्त वातावरण की मिसाल दी गई है। वे आमजनों समेत वहां पर रह रहे सुरक्षा बलों (सीआरपीएफ बटालियन) की समस्याओं से भी अवगत हुए। उन्होंने कहा कि बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास कार्य के साथ-साथ इस सुदुरवर्ती क्षेत्र में विषम परिस्थितियों में रहकर सुरक्षा बलों द्वारा आम जनों को भय मुक्त वातावरण दिया गया है, जिसमें सीआरपीएफ के जवानों की अहम भूमिका है। अतः वहां पर रह रहे सुरक्षा बल के जवानों की समस्याओं से अवगत होकर व्याप्त समस्याओं के समुचित समाधान करने की बात कही गई। मौके पर सीआरपीफ कमांडेंट ऐनके सिंह, डीएफओ साउथ एबिन बेन्नी एब्राह्म, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप सिंह, एएसपी राहुल कुमार बराईक, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग धर्मेंद्र कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह, बरगढ़ बीडीओ अमित कुमार, सीओ राकेश भूषण सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



बूढ़ा पहाड़ पर डीसी व एसपी

## ट्रैक्टर-मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, एक घायल



घायल अक्षय कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-बिशुनपुरा मुख्य सड़क पर महावीर हॉस्पिटल के समीप मंगलवार की देर शाम ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी बीरबल राम के लगभग 22 वर्षीय पुत्र राजा राम की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि इसी गांव के संजय राम के 18 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर गंभीर रूप से घायल अक्षय कुमार को स्थानीय रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां डॉ विशाल कुमार मिश्रा ने उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक मझिआंव बाजार से अपने घर करमडीह मोटरसाइकिल से जा रहे थे।

इसी दौरान टेंट का सामान लदा हुआ ट्रैक्टर करमडीह की ओर से आ रहा था। इस दौरान दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद दोनों युवक सड़क से कुछ दूर फेंका गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के निर्देश के आलोक में एएसआई आलोक कुमार एवं विद्याधर मछूवा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को मझिआंव रेफरल अस्पताल में भेजवाया। वहीं क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को थाना लाया गया।

वहीं दुर्घटना स्थल से कुछ दूर हटकर लगाई गई विशाल टेंट हाउस लिखा हुआ ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजा राम बीरबल राम का इकलौता पुत्र था। बुधवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

## टेंपू को पलटने से सात लोग घायल



इलाज करते चिकित्सक

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी बड़का अहरा के समीप टेंपू पलटने से उसमें सवार छह स्कूली बच्चे एवं एक युवक घायल हो गया। सभी को घायलावस्था में मकरी मुखिया पति सह समाजसेवी धनंजय साह ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। घायलों में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर के दीपांजल कुमारी, काजल कुमारी, आंचल कुमारी, पीयूष विश्वकर्मा, अंशु गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी एवं एक अन्य युवक अवधेश बैठा का नाम शामिल हैं। घटना के संबंध में बच्चों ने बताया कि टेंपू चालक के मोबाइल पर फोन आ गया था जिस से बात करने में ध्यान नहीं दिया। गाड़ी रोड से नीचे उतरते हुए पलट गया। चालक घटनास्थल से भाग गया।

## दुष्कर्म मामले में दो गिरफ्तार




गिरफ्तार युवक

**कांडी।** थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव से कांडी पुलिस ने एक युवती से दुष्कर्म करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि वादिनि के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त नागेन्द्र मेहता उम्र 45 वर्ष पिता विष्णु देव मेहता एवं ओम प्रकाश राम उम्र 22 वर्ष पिता मुखराम राम दोनों ग्राम घुरुआ निवासी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 20/25 04/02/2025 धारा 64(ए),87,351(2) बीएनएस दर्ज करते हुए जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कांड के प्राथमिकी अभियुक्त ओमप्रकाश राम इसका बॉयफ्रेंड था तथा ये गत 20 फरवरी को इन्हीं के साथ ग्राम घुरुआ के खेत के किनारे बैठे हुए थे। जिसे कांड के प्राथमिकी अभियुक्त नागेन्द्र मेहता ने देख लिया और गांव में उक्त बात को फैलाने को लेकर धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर पीड़िता को शादी का झांसा देकर कांड के प्राथमिकी अभियुक्त ओम प्रकाश राम उम्र 22 वर्ष पिता मुखराम राम ग्राम घुरुआ थाना कांडी जिला गढवा द्वारा पीड़िता को सूरत ले जाया गया जहां उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कांड के दोनों प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना कांड संख्या-15/2023 आर्म्स एक्ट तथा 17 सीएलए के अप्राथमिकी अभियुक्त दिलीप पासवान उर्फ दीपक पिता संजय पासवान, ग्राम बांसडीह खुर्द, थाना केतार, जिला गढवा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## भृगुनाथ चौबे बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**गढ़वा।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में भृगुनाथ चौबे अध्यक्ष जबकि मृत्युंजय कुमार तिवारी महासचिव निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर भृगुनाथ चौबे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गौतम कृष्ण सिन्हा को आठ मतों से पराजित किया। उन्हें 144 मत मिले, जबकि गौतम कृष्ण सिन्हा को 136 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें सच्चिदानंद शुक्ला ने 81 मत पाकर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी जितेंद्र तिवारी (77 मत) को 4 मतों से हराया। अन्य प्रत्याशियों में अशोक कुमार को 39, दीपक कुमार को 8, देवेंद्र प्रजापति को 42 और धीरेन्द्र कुमार चौबे को 27 मत मिले। महासचिव पद पर मृत्युंजय तिवारी ने 123 मत प्राप्त कर बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी परेश कुमार तिवारी (100 मत) को 23 मतों से हराया। महासचिव पद के अन्य प्रत्याशी जितेंद्र कुमार को 57 और शशि मनी पांडेय को एक मत मिला। कोषाध्यक्ष पद पर गरीबुल्लाह अंसारी ने 141 मत पाकर जीत दर्ज की। उन्होंने अवध किशोर चौबे (137 मत) को 4 मतों से हराया।

## माफिया कर रहे पेड़ों की कटाई

### वन विभाग की टीम मौन

खबर मन्त्र संवाददाता



कटा हुआ पेड़

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगलों में पेड़ों की कटाई इन दिनों जोरों पर है। लकड़ी माफिया तेजी से जंगल को उजाड़ रहे हैं, लेकिन देखने सुनने के बाद भी स्थानीय वन विभाग की टीम मौन धारण किये हुए है। कैलान दक्षिणी नावानगर टेड़की महुआं के पास 18 बोटा पड़ा हुआ है। दिन के उजाले में सखुआ के पेड़ों के साथ साथ सलई के बड़े बड़े पेड़ो की कटाई कर रात के अंधेरे में आरा मशीन से बोटा बनाकर लकड़ी माफिया पेड़ों को ले जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार शाम होते ही माफियाओं की जंगलों में गतिविधि तेज हो जाती है। वन विभाग के संरक्षण में बड़े-बड़े पेड़ों को काटे जा रहे हैं। इसके अलावा कैलान के अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी मात्रा में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। वहीं माफिया बोटा लेकर कैलान के ही रास्ते आवागमन करते हैं।

## प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अंचल अधिकारी-सह-प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, मेराल द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य निगम के गोदाम में 2399 क्वी० खाद्यान्न कम होने की सूचना उपायुक्त, गढ़वा को देते हुए प्रभारी सहायक गोदाम, प्रबंधक के विरुद्ध आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। जिसके आलोक में डीसी शेखर जमुआर ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी -सह- जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, गढ़वा से जांच कराई। जांच के क्रम में मेराल के जेएसएफसी गोदाम में लगभग 2765 क्वी० कम खाद्यान पाया गया। डीसी श्री जमुआर ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, मेराल से मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी।

## झामुमो के कटहर कलां पंचायत अध्यक्ष बने नंदू

**सगमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कमेटी के निर्देश पर कटहर कलां पंचायत स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिलेश उरांव ने की। जिसमें सर्वसम्मति से कटहर कलां पंचायत अध्यक्ष के रूप में नंदू बैठा, सचिव राकेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष ललन उरांव मुन्ना परहिया असलम अंसारी, कोषाध्यक्ष कामेश्वर राम का चयन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक सिद्धेश्वर राम एवं ललित तुरिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की ओर से शुभकामनाएं दी और पार्टी के पट्टा को पहनाते हुए कहा कि पार्टी आप सबों के ऊपर विश्वास करती है, जो दायित्व सौंपा गया है उसे पार्टी हित में निभायेंगे। पंचायत के गरीब लोगों को सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वही कार्यकारणी सदस्य के रूप में तीस सदस्यों को चयनित किया गया। जबकि सगमा पंचायत के लिए अध्यक्ष राजेश कुमार यादव सचिव के रूप में रमन भुइयां तथा कोषाध्यक्ष के लिए उमाशंकर पासवान का नाम शामिल है। इसी प्रकार सोनडीहा पंचायत में अध्यक्ष विजय यादव, सचिव अजय राम, कोषाध्यक्ष के लिए श्रीकांत यादव का नाम शामिल है। बीरबल पंचायत में अध्यक्ष इकबाल अंसारी, सचिव बिनोद यादव तथा कोषाध्यक्ष के रूप में लालमन प्रसाद यादव का नाम शामिल है। वहीं घघरी पंचायत में अध्यक्ष राजेश्वर यादव, सचिव धनंजय यादव तथा कोषाध्यक्ष के लिए अशोक कुशवाहा का नाम शामिल है। मौके पर महेंद्र बैठा, वीरेंद्र बैठा, गणेश बैठा, उदय राम, धर्मेंद्र सिंह, झूलन बैठा, साबिर अंसारी, ललित परहिया, पवन सिंह, बखोरी उरांव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आधा दर्जन गांव को जोड़ने वाली सड़क जर्जर होने से ग्रामीणों में रोष

सन्तोष कुमार रजक



जानकारी देते ग्रामीण

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला पंचायत के कछरवा टोले से गुजरने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। यह मुख्य सड़क खुटिया, परासपानी कला, मेन बस्ती खाला, रक्सी, अम्बा खोरेया, सुखलदरी सहित लगभग आधा दर्जन गांव को जोड़ती है। इस सड़क से प्रसुति महिलाएं व पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं दिन प्रतिदिन पैदल गुजरते हैं। बरसात के मौसम में तो पढ़ने वाले छात्र-छात्रा कीचड़ व विषैले जीव जंतुओं के डर से स्कूल नहीं जाते हैं।

रास्ते में काफी छोटे-बड़े गड्ढे बन जाने से बारिश के मौसम में पानी जमा हो जाता है। ग्रामीण व राहगीर रामलाल राम, सुरेंद्र राम, विश्वनाथ राम, रंजीत कोरवा, रामप्रीत कोरवा, प्रदीप कोरवा, साधु कोरवा, लाल कोरवा, प्रताप कोरवा, नारायण कोरवा, शिवशंकर कोरवा, मुन्ना कोरवा, संक्रावती देवी, लालती देवी, मानती देवी, मीरा देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि यहां के जनप्रतिनिधि को प्रखंड के सड़कों पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वह जिम्मेवार व्यक्ति हैं। सभी ने यह भी बताया कि सड़क निर्माण के लिए वे पूर्व उप मुखिया राम विष्णु राम के द्वारा श्रमदान से 1 किलोमीटर तक सड़क मरम्मती कराई गई थी, जो की आज तक लोग उसे सड़क से गुजर रहे हैं।

बताते चलें कि उक्त सड़क का निर्माण 1993 ई. में पूर्व विधायक स्व. गिरिवर पाण्डेय द्वारा कराया गया था जो आजतक मरम्मती भी नहीं हो पाई। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि उक्त सड़क का जांच कर मरम्मत के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –08/2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 15.03.2025 से दिनांक–17.03.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 18.03.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 18.03.2025 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
(ख) जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय,कोडरमा (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतगाँवा | सतगाँवा प्रखंड के बासोडीह उच्च विद्यालय में शौचालय का निर्माण कार्य | 1348600.00 | 27000.00 | 2500.00 | 03(तीन)माह |
| 2 | कोडरमा | कोडरमा के ग्राम व पंचायत योगियाल्हिा में आर0सी0डी0 रोड पावर हाउस से बागोडीह गाँव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | 1635600.00 | 32800.00 | 5000.00 | 03(तीन)माह |
| 3 | जयनगर | ग्राम अम्बाडीह पंचायत तेतरौन में आर0सी0डी0 रोड से अम्बाडीह गाँव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | 489200.00 | 9800.00 | 750.00 | 03(तीन)माह |
| 4 | जयनगर | ग्राम पंचायत गडगी शिवमंदिर आर0ई0ओ0 रोड से बाराटोली बहादुर यादव घर तक 1200 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | 1555000.00 | 31100.00 | 5000.00 | 03(तीन)माह |
| 5 | कोडरमा | कोडरमा प्रखंड के ग्राम व पंचायत चाराडीह में बजरंगबली चौक से बासुदेव साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | 1093500.00 | 21900.00 | 2500.00 | 03(तीन)माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

PR 347826 Rural Development(24-25).D

**कार्यालय प्रभारी न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय, गुमला।**

विज्ञान संख्या–01/2025 — दिनांक 04.03.2025

**नीलामी**

निर्धारित प्रकिया के अनुसार श्रेडर मशीन द्वारा नष्ट किए गए लगभग 500 किलोग्राम कटे हुए कागज (अदालती रिकॉर्ड) एवं अगले तीन सालों तक कटने वाले कागज (अदालती रिकॉर्ड) की खरीद के लिए इच्छुक पार्टियों से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। कोटेशन संलग्न प्रारूप में सिविल कोर्ट के नजारत में जमा किये जायेंगे। नीलामी निम्नलिखित विवरण के अनुसार आयोजित की जाएगी

1. नीलामी की तिथि एवं समय 20 मार्च 2025 प्रातः 11:00 बजे
2. स्थानः सिविल कोर्ट का पुस्तकालय, गुमला
3. सामग्री की निरीक्षणः रिकॉर्ड कीपर की पूर्व अनुमति से किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक कटी हुई सामग्री का निरीक्षण किया जा सकता है।
4. आरक्षित मूल्य रू0 6 प्रति किलोग्राम
5. बयाना राशि जमा रू0 500 (असफल बोलीदाताओं को वापसी योग्य)

नियम और शर्तें

1. इच्छुक पार्टियों को निर्धारित प्रारूप में प्रति किलोग्राम दर का उल्लेख करते हुए अपना सीलबंद कोटेशन 19 मार्च 2025, शाम 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।
2. प्रत्येक बोलीदाता को ''प्रभारी न्यायाधीश, सिविल कोर्ट, गुमला'' के पक्ष में गुमला में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में बयाना राशि जमा करनी होगी।
3. कोटेशन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए :–
   – पैन कार्ड की कॉपी
   – जी.एस.टी. पंजीकरण की प्रति (यदि लागू हो)
   – वैध आई.डी. प्रमाण की प्रति (आधार कार्ड / वोटर आईडी / ड्राविंग लाइसेंस)
   – एड्रेस प्रूफ की कॉपी
   – घोषणा कि कटी हुई सामग्री का उपयोग केवल पुनर्चकण प्रयोजनों के लिए किया जाएगा
4. उच्चतम बोली लगाने वाले को अपनी लागत पर 7 दिनों के भीतर सामग्री हटाने की व्यवस्था करनी होगी।
5. सामग्री का वजन डिलीवरी के समय बोली लगाने वाले और अदालत के अधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित किया जाएगा।
6. बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी कोटेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
7. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रभारी न्यायाधीश, सिविल न्यायालय, गुमला का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

अधिक जानकारी और कोटेशन प्रारूप के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

प्रभारी न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय गुमला

To:
The Principal District and Sessions Judge,
Civil Court, Gumla
Jharkhand
*Subject: Quotation for Purchase of Shredded Court Records*
1. Name of the Bidder: ____
2. Address: ____
3. Contact Number: ____
4. Email ID: ____
5. PAN Number: ____
6. GST Registration Number (if applicable): ____
7. Rate Quoted: Rs. ____ per kilogram (in figures)
Rupees ____ ________________ per kilogram (in words)
8. *Details of Earnest Money Deposit*:
- DD Number: ____
- Date: ____
- Bank: ____
- Amount: Rs. ____

*Declaration*:
I/We hereby declare that I/we have read and understood all the terms and conditions mentioned in the auction notice and agree to abide by them. I/We also declare that the shredded material will be used only for recycling purposes.
Date: ____
Place: ____

*Enclosures*:
1. Copy of PAN Card 2. Copy of GST Registration (if applicable)
3. Copy of ID Proof 4. Copy of Address Proof
5. Demand Draft for Earnest Money Deposit

Signature of the Bidder

PR 347824 Law(24-25)D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Office of the General Manager,Transmission Zone-V, Hazaribag,**
**Office At - Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road,**
**Near Mont Fort School, Hazaribag, Pin – 825301, JH eMail ID:- gmtzone5hzb@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | N.I.T. No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non - Refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 460/PR/JUSNL/2025-26 | Work for cutting & removal of grass, putus, bushes and unwanted growth of plant in PTPS Switchyard of station & mini GSS at PTPS Patratu (four time) form 01/04/2025 to 31/03/2026 (i.e. 12 months).. | Rs. 22,600.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs. 2950/- |
| 02 | 461/PR/JUSNL/2025-26 | Work for Annual housekeeping work of switchyard, control room, office chamber and other associated work alongwith grass cutting inside the premises of 220/132/33KV GSS, Itkhori form 01/04/2025 to 31/03/2026 (i.e. 12 months). | Rs. 12,900.00/- | Rs.1250+18%GST = Rs. 1475/- |
| 03 | 462/PR/JUSNL/2025-26 | Work for Annual Housekeeping & grass cutting work of switchyard, control room, office chamber and other associate area at 132/33KV GSS, Sariya form 01/04/2025 to 31/03/2026 (i.e. 12 months). | Rs.18,300.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs.2950/- |
| 04 | 463/PR/JUSNL/2025-26 | Work for Grass removal/ clearing/ cutting from 400/220KV Katia, Patratu GSS premises form 01/04/2025 to 31/03/2026 (i.e. 12 months). | Rs.11,500.00/- | Rs.1250+18%GST = Rs. 1475/- |
| 05 | 464/PR/JUSNL/2025-26 | Procurement of materials for maintenance of Transmission Line under the jurisdiction of 220/132/33KV GSS, Itkhori. | Rs. 23,300.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs. 2950/- |
| 06 | 465/PR/JUSNL/2025 – 26 | Work for cleaning & sweeping of control room building G+1, including cleaning of bathrooms etc., fire fighting pump house, parking shed area, store shed and along its premises of 400/220KV Patratu GSS premises with the help of four (04) nos of unskilled sweeper and cleaner from 01/04/2025 to 31/03/2026 (i.e. for 365 days). | Rs. 21,600.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs. 2950/- |
| 07 | 466/PR/JUSNL/2025-26 | Work for Cleaning & Sweeping of office building of Transmission Zone-V, Hazaribag, Transmission Circle, Hazaribag & Transmission Division Hazaribag including cleaning of bathroom etc with the help of four (04) nos. of unskilled sweeper and cleaner form 01/04/2025 to 31/03/2026 (i.e. 12 months). | Rs. 19,400.00/- | Rs.1250+18%GST = Rs. 1475/- |
| 08 | 467/PR/JUSNL/2025-26 | Work for Housekeeping work of 132/33KV Switchyard including mini GSS at PTPS, Patratu form 01/04/2025 to 31/03/2026 (i.e. 12 months). | Rs. 5,700.00/- | Rs.750+18%GST = Rs. 885/- |
| 09 | 468/PR/JUSNL/2025-26 | Procurement of 220KV Transmission line (Itkhori to Latehar & Itkhori to Pakri Barwadih) material for maintenance work under 220/132/33KV Grid Sub-station Itkhori (Chatra). | Rs. 22,600.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs. 2950/- |

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 10/03/2025 from 1:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 02/04/2025 upto 2:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 03/04/2025 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 03/04/2025 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone-V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 347866 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

# बदहाल सरकारी शिक्षा

देश के केन्द्रीय और राज्यों के स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी है। केन्द्रीय विद्यालयों में ठीके वाले शिक्षक रखे जा रहे हैं। एक ओर वित्तीय संसाधनों की कमी की बात कही जाती है और दूसरी ओर शिक्षा निधि में उपयोग न किए गए धन को लौटाने की बात सामने आ रही है। जाहिरा तौर पर यदि आवंटित धन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जा रहा है तो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का दावा निरर्थक ही साबित होगा। कमोवेश शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाये जाते रहे हैं। कहा जा रहा है कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों के छात्रों का अंकगणितीय ज्ञान और साक्षरता का कौशल पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल से कमतर ही है। हाल में जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2024 एक गंभीर स्थिति को ही उजागर करती है। वार्षिक स्थिति रिपोर्ट में उजागर हुआ है कि ग्रामीण स्कूलों में कक्षा आठवीं तक के केवल 43.1 प्रतिशत छात्र ही गणित में भाग की गणनाएं कर सकते हैं। जो कि वर्ष 2022 में 49.5 प्रतिशत से कम ही है। जबकि दूसरी ओर पंजाब के स्कूलों के छात्र 58 फीसदी के साथ सबसे आगे हैं। उसके बाद हिमाचल प्रदेश 44 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर पढ़ने का कौशल भी उतना ही चिंताजनक है। ऐसे में शिक्षा क्षेत्र गिरावट का ट्रेंड ही नजर आएगा। जाहिर है इससे छात्रों का ही नुकसान होगा। दरअसल, शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को संबोधित करने की जरूरत है। निस्संदेह, सरकारी स्कूलों में समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की ही अधिकता होती है। समाज के वंचित वर्ग के छात्र भी बड़ी संख्या में इन स्कूलों में दाखिले लेते हैं। उन कारणों की भी पड़ताल हो जिनकी वजह से छात्रों का सरकारी स्कूलों में प्रदर्शन निराशाजनक बना हुआ है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक.2.6.8

वृष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक.4.6.8

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक.5.7.8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक.4.6.7

सिंह : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक.2.5.6

कन्या: 'आगे आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक.4.5.7

तुला : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक.3.5.7

वृश्चिक : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक.2.4.6

धनु: जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक.4.6.7

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक.1.3.5


कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक.3.4.6

मीन : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक.2.4.6

# महिलाओं को सहानुभूति नहीं, बराबरी चाहिए

## महिला दिवस (8 मार्च) पर विशेष



- प्रियंका सौरभ

> न्यायिक निर्णयों ने महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए भेदभावपूर्ण धार्मिक प्रथाओं को भी उलट दिया है। उदाहरण के लिए, 2017 में शायरा बानो मामले ने ट्रिपल तलाक को अपराध घोषित कर दिया, जिससे मुस्लिम महिलाओं , अदालतों ने हिंदू उत्तराधिकार कानूनों में पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हुए समान उत्तराधिकार अधिकारों को बरकरार रखा है।

**हमारे** देश में महिलाएं जनसंख्या का लगभग 48% हिस्सा हैं, फिर भी वे लोकसभा सीटों के 15% से भी कम सीटों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके परिणामस्वरूप कार्यस्थल सुरक्षा, अवैतनिक देखभाल ज़िम्मेदारियाँ और आर्थिक अधिकार जैसे महिला मुद्दों की अनदेखी होती है। इस तरह का बहिष्कार पितृसत्तात्मक मानदंडों को बनाए रखता है। फिर भी, ऐसे भेदभाव को दूर करने, कानूनी सुरक्षा बढ़ाने और संवैधानिक अधिकारों की पुष्टि करने में न्यायिक कार्यवाही महत्त्वपूर्ण रही है, हालाँकि गहरी जड़ें जमाए हुए पूर्वाग्रहों को मिटाने में उनकी सफलता अभी भी चर्चा का विषय है। महिला प्रतिनिधित्व की कमी से मातृ अधिकारों का हनन होता है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यस्थल पर भेदभाव होता है और पर्याप्त सहायता की कमी होती है। मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम 2017 सवेतन अवकाश प्रदान करता है, लेकिन निजी क्षेत्र में इसका कार्यान्वयन कम है, जो महिलाओं को कार्यबल में शामिल होने से हतोत्साहित करता है।

निर्णय लेने की प्रक्रिया से महिलाओं को बाहर रखने के कारण महिला सशक्तिकरण की कड़ी कमजोर होती है। इसके पीछे की वजहें हैं- लैंगिक पूर्वाग्रह और भेदभाव, कार्यस्थल संस्कृति, सामाजिक और पारिवारिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी न होना। इससे दायरा सीमित हो जाता है और इस सीमित दायरे में आने वाली चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय के मुताबिक, निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी ना केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह सार्वजनिक निर्णयों में उनके हितों का सम्मान करने की अनिवार्य शर्त भी है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा था कि लोकतंत्र का स्तर मूल रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करता है। इस असमानता को कम करने के लिए शिक्षा के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाना, उत्पीड़न से मुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाना, लड़कियों को जीवन कौशल सिखाना, हिंसा को खत्म करना पहली आवश्यकता है।

वर्तमान नीतियाँ लचीली कार्य व्यवस्था प्रदान नहीं करती हैं, परिणामस्वरूप महिलाओं के लिए अपने पेशेवर और घरेलू जीवन को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई कार्यस्थल पॉश अधिनियम 2013 का अनुपालन नहीं करते हैं, क्योंकि पुरुष-प्रधान नेतृत्व अक्सर महिलाओं की सुरक्षा की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता को अनदेखा करता है। इसके अतिरिक्त, नीतियाँ महिला उद्यमियों को समान ऋण और व्यावसायिक प्रोत्साहन प्राप्त करने में पर्याप्त रूप से सहायता नहीं करती हैं, जो उनके आर्थिक सशक्तीकरण को सीमित करती हैं। हालांकि न्यायालयों ने मातृ सुरक्षा को मजबूत करके लिंग-संवेदनशील कार्यस्थलों को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है। 2024 में, सुप्रीम कोर्ट ने दो महिला न्यायाधीशों को बहाल किया, इस बात पर जोर देते हुए कि गर्भावस्था से सम्बंधित बर्खास्तगी दंडनीय और अवैध दोनों है, जिससे कार्यस्थल समानता को बढ़ावा मिलता है। न्यायिक निर्णयों ने महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए भेदभावपूर्ण धार्मिक प्रथाओं को भी उलट दिया है। उदाहरण के लिए, 2017 में शायरा बानो मामले ने ट्रिपल तलाक को अपराध घोषित कर दिया, जिससे मुस्लिम महिलाओं के वैवाहिक अधिकार सुरक्षित हो गए।

इसके अलावा, अदालतों ने हिंदू उत्तराधिकार कानूनों में पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हुए समान उत्तराधिकार अधिकारों को बरकरार रखा है, जैसा कि 2020 में विनीता शर्मा बनाम राकेश शर्मा में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में देखा गया है, जिसमें पुष्टि की गई है कि बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करें। प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए चुनावों में महिला आरक्षण विधेयक को पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए। न्यायालयों को लिंग कानूनों के पालन की निगरानी और प्रवर्तन करने की आवश्यकता है, जिससे प्रभावी नीति कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। फास्ट-ट्रैक न्यायालयों को कार्यस्थल उत्पीड़न की घटनाओं के लिए त्वरित न्याय प्रदान करना चाहिए। नीतियों को महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और उद्यमिता समर्थन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए बड़े ऋण प्रदान करने के लिए मुद्रा योजना का विस्तार किया जाना चाहिए।

स्कूली पाठ्यक्रम में कम उम्र से ही पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने के लिए लिंग जागरूकता को शामिल किया जाना चाहिए। समानता-केंद्रित शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यपुस्तकों में लिंग-संवेदनशील सामग्री शामिल होनी चाहिए। कंपनियों के लिए गहन ऑडिट आयोजित करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे मातृत्व और उत्पीड़न विरोधी नियमों का अनुपालन करती हैं। कोई भी देश अपनी आधी आबादी को पीछे छोड़कर आगे नहीं बढ़ सकता। लिंग-संवेदनशील नीतियों को विकसित करने के लिए निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। उन्हें विधायी सुधारों, जमीनी स्तर पर शिक्षा और संस्थागत प्रवर्तन तंत्र द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक भागीदारी और कानूनी सुरक्षा को बढ़ाने से भारत के लिए वास्तव में न्यायसंगत और समावेशी शासन प्रणाली बनेगी। महिलाओं की आवाज, दृष्टिकोण और प्रतिनिधित्व की कमी को दूर करने के लिए, महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों सहित महिलाओं की सार्थक भागीदारी और नेतृत्व को मानवीय कार्यवाही के सभी स्तरों पर बढ़ावा दिया जाना जरूरी है।

केवल महिला दिवस पर ही नहीं, हर रोज महिलाओं को लड़ाई लड़नी पड़ेगी इस बदलाव के लिए, अपने हकों के लिए। छोटी शुरूआत ही सही, लेकिन शुरूआत सबको करनी पड़ेगी। ये संघर्ष का सफर अंतहीन है। महिलाओं के लिए समान वेतन हो, उन्हें फॉर ग्रांटेड न लिया जाए। महिलाओं को अपने टैलेंट के दम पर काम मिले, उसे सराहा जाए, उसकी कद्र हो। घर और काम की जगह पर महिला होने के नाते सहानुभूति नहीं चाहिए सिर्फ. बराबरी चाहिए।

## लेटर टू एडिटर

### अनुचित वकालत

**जिस** औरंगजेब की क्रूरता की खून से सनी हुई कहानियां हिंदुस्तान के कोने-कोने में सुनने और पढ़ने को मिलती हैं, उस औरंगजेब का गुणगान करने वाले सपा नेता अबू आजमी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। उस पर केस दर्ज करना या जेल में भेजना पर्याप्त नहीं है। सरकार को चाहिए कि अबू आजमी के साथ वैसा ही व्यवहार किया जाए, जैसा औरंगजेब अपने समय में भारतीयों के साथ करता था। **-लक्ष्मीकांत , हजारीबाग**

### जलवायु परिवर्तन का खतरा

**जलवायु** परिवर्तन से निपटना में बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन अब वैश्विक खतरा बन गया है। इसके कारणों में अत्यधिक जंगलों की कटाई, संसाधनों की अत्यधिक चाहत और प्रदूषण प्रमुख हैं। जलवायु परिवर्तन से मौसम, स्वास्थ्य और प्रकृति को नुकसान हो रहा है। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती लक्ष्य से बाहर हैं।

**- राजीव सिंह, रांची**

## ट्वीट

**आप** सभी के स्नेह व आशीर्वाद से ही मुझे ताकत मिली, अपनों के लिए आवाज उठाने की, अपनों के लिए लड़ाई लड़ने की। यही वजह है कल्पना सोरेन ऋणी है आप सभी की। जय झारखंड **-कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक**

**रेलवे** स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती भगदड़ की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। इनमें कई मासूम लोग अपनी जान गंवा देते हैं या घायल हो जाते हैं। हमें मिलकर सोचना होगा कि ऐसी त्रासदियों को कैसे रोका जाए। यदि आपके पास भीड़ मैनेजमेंट को बेहतर बनाने, सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना जरूरी है।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# आखिर कैसे रुकेगा निजी अस्पतालों में मरीजों का 'शोषण', जिम्मेदार कौन?

**कमलेश पाण्डेय**

## आर्थिक

**थोड़ी-सी** भी लापरवाही किसी के जीवन पर भारी पड़ सकती है। वहीं, अपना या अपने परिवार का इलाज करवाने के चक्कर में यदि कोई व्यक्ति या परिवार लूट-पिट जाए तो यह भी प्रशासनिक नजरिए से अनुचित है। और ऐसे ही जरूरतमंद लोगों के पक्ष में सरकार और समाजसेवी संस्थाओं दोनों को अवश्य खड़ा होना चाहिए।

यही वजह है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व से जुड़ा हुआ विषय (पेशा) है, जिसे जनसेवा की भावना से किया जाए तो सरकार और संस्था दोनों को यश मिलेगा। भारतीय सभ्यता व संस्कृति तो शुरू से ही 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' की पक्षधर रही है। लेकिन देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।

दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के 'शोषण' को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें, देर आयद दुरुस्त आयद जैसा है। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए।

दरअसल, एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फामेर्सी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे।

बता दें कि यह जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया (कानून के छात्र) ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि 'उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। लिहाजा, इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फामेर्सी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट आदि खरीद सकें। हालांकि, केंद्र ने कोर्ट में कहा है कि मरीजों पर विशेष फामेर्सी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट लेने की बाध्यता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही बढ़ती आबादी के कारण सरकार को प्राइवेट अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी, लेकिन इसमें मरीजों का शोषण नहीं होना चाहिए। हालांकि, निजी हॉस्पिटल्स में जिस तरह से कैशलेस इलाज का प्रचलन बढ़ा है, इस धंधे में बड़ी-बड़ी निजी कैशलेस चिकित्सा बीमा कम्पनियां सामने आयी हैं, उन्होंने अस्पतालों के पैनल जारी किए हैं, उससे एक संगठित लूट और इसी चक्कर में मानव स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बढ़ा है।

निजी अस्पतालों में तो चुपके चुपके नई नई दवाइयों का परीक्षण तक मानव शरीर पर हो जाता और किसी को भनक तक नहीं लगती। कुछ निजी अस्पताल व उनके डॉक्टर तो रक्त और मानव अंगों के अवैध कारोबार तक में शामिल हैं। ऐसे आरोप अक्सर मीडिया में उछलते रहते हैं।

वहीं, जब से केंद्र सरकार गरीबों को आयुष्मान भारत कार्ड बनाने लगी है और 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देने लगी है, तब से नए नए घोटालों और अनैतिक करतबों की बाढ़ आ चुकी है। इन सबके दृष्टिगत सरकार भले ही एहतियाती कार्रवाई करती आई है, फिर भी निजी चिकित्सा सेवा प्रदाताओं में इन नियमों का खौंफ नहीं है।

क्योंकि अक्सर चिकित्सक हड़ताल या दवा कारोबारी हड़ताल की धमकियां देकर हेल्थ सिंडिकेट से जुड़े लोग सरकार और प्रशासन को ब्लैकमेल कर लेते हैं। लेकिन सवाल फिर वही कि मानव स्वास्थ्य से खिलवाड़ कब तक।मसलन, जिस तरह से सिजेरियन बेबी का प्रचलन समाज में बढ़ रहा है, उससे कामकाजी महिलाएं भी भरी जवानी में बर्बाद हो रही हैं। ऐसे ही कई अन्य अस्वास्थ्यकर प्रचलन समाज में बढ़े हैं।

# होली के उत्साह में रंगों के दुष्प्रभाव से बचें और अपनों को बचायें

**शहनाज हुसैन**

## होली विशेष



**होली** का त्योहार खुशियां, मस्ती, रोमांच तथा उत्साह लेकर आता है। रंगों के इस त्यौहार को हम उत्साह में रंग खेलने और बाद में उसे छुड़ाने के साथ रंगों के कारण त्वचा एवं बालों को हुए नुकसान को लेकर टेंशन में रहते हैं। बाजार में बिकने वाले जिन रंगों का इस्तेमाल होता है, उनमें माइका, लेड जैसे हानिकारक रासायनिक मिले होते हैं, इससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है। बालों का झड़ना शुरू हो जाता है तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है।बाजार में बिकने वाले रंगों में हर्बल तथा प्राकृतिक उत्पाद नाममात्र के होते हैं लेकिन ऐसे में रंगों से बचने के लिए आप घर पर छिप कर न बैठें। दिल खोल कर होली खेलें और हम आपको ऐसे नुस्खे बताने जा रहे हैं जिन्हें आजमा कर रंगों से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है।

होली पर रंग आमतौर पर खुले में खेला जाता है, जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकाक यूवी किरणों के साथ-साथ नमी की कमी की वजह से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निर्जीव हो जाती है।

ऐसे में होली पर त्वचा की रक्षा के लिए रंग खेलने से 20 मिनट पहले त्वचा पर 20 एसपीएफ सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोडे, फन्सियां आदि हैं तो 20 एसपीएफ से ज्यादा दर्जे की सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक शुष्क है तो पहले सनस्क्रीन लगाने के बाद कुछ समय इंतजार करने के बाद ही त्वचा पर माइस्चराईजर का लेप करें। आप अपनी बाजू तथा सभी खुले अंगों पर माईस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें।

होली खेलने से पहले बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें। इससे बालों को रंग-गुलाल की वजह से होने वाले सूखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव होगा। आजकल बाजार में सनस्क्रीन सहित हेयर क्रीम आसानी से उपलब्ध है। थोड़ा हेयर क्रीम लेकर उसे दोनों हथेलियों पर फैलाकर बालों की हल्की-हल्की मालिश करें। इसके लिए आप नारियल तेल से भी बालों की मालिश कर सकते हैं। इससे भी रसायनिक रंगों से बालों को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। नाखून को होली के रंगों से बचाने के लिए नाखून पर नेल वार्निश की मालिश करनी चाहिए।

होली खेलने के बाद त्वचा तथा बालों पर जमे रंगों को हटाना काफी मुश्किल कार्य है। उसके लिए सबसे पहले चेहरे को बार-बार साफ पानी से धोएं तथा इसके बाद क्लीजिंग क्रीम या लोशन का लेप कर लें तथा कुछ समय बाद इसे गीले कॉटन वूल से धो डालें। आंखों के इर्द-गिर्द के क्षेत्र को हल्के-हल्के साफ करना न भूलें। क्लीजिंग जैल से चेहरे पर जमे रंगों को धुलने तथा हटाने में काफी मदद मिलती है। अपना घरेलू क्लीनजर बनाने के लिए आधा कप ठण्डे दूध में तिल, जैतून, सूर्यमुखी या कोई भी वनस्पति तेल मिला लीजिए। कॉटन वूल पैड को इस मिश्रण में डुबोकर त्वचा को साफ करने के लिए उपयोग में लाएं। शरीर से रसायनिक रंगों को हटाने में तिल के तेल की मालिश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे न केवल रसायनिक रंग हट जाएंगे बल्कि त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा भी मिलेगी।

तिल के तेल की मालिश से सूर्य की किरणों से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलती है। नहाते समय शरीर को लूफ या वॉश कपड़े की मदद से स्क्रब कीजिए तथा नहाने के तत्काल बाद शरीर तथा चेहरे पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। इससे शरीर में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी।

यदि त्वचा में खुजली है तो पानी के मग में दो चम्मच सिरका मिलाकर उसे त्वचा पर उपयोग करें तथा इससे खुजली खत्म हो जाऐगी। इसके बाद भी त्वचा में खुजली जारी रहती है तथा त्वचा पर लाल चकत्ते तथा दाने उभर आते हैं तो आपकी त्वचा को रंगों से एलर्जी हो गई तथा इसके लिए आपको डॉक्टर से सलाह मशवरा जरूर कर लेना चाहिए।

बालों में फंसे सूखे रंग तथा माईका को हटाने के लिए बालों को बार-बार सादा ताजा पानी से धोते रहिए। इसके बाद बालों को हल्के हर्बल शैम्पू से धोएं तथा उंगलियों की मदद से शैम्पू को पूरे सिर पर फैला लें तथा इसे पूरी तरह लगाने के बाद पानी से अच्छी तरह धो डालिए।


होली के अगले दिन दो चम्मच शहद को आधा कप दही में मिलाकर थोड़ी-सी हल्दी में मिलाएं तथा इस मिश्रण को चेहरे, बाजू तथा सभी खुले अंगों पर लगा लें। इसे 20 मिनट लगा रहने दें तथा बाद में साफ ताजा पानी से धो डालें। इससे त्वचा से कालापन हट जाएगा तथा त्वचा मुलायम हो जाएगी।

होली के बाद के दिनों में अपनी त्वचा तथा बालों को पोषाहार तत्वों की पूर्ति करें। एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल में एक चम्मच अरण्डी का तेल मिलाकर इसे गर्म करके अपने बालों पर लगा लीजिए। एक तौलिए को गर्म पानी में भीगों कर पानी को निचोड़ दीजिए तथा तौलिए को सिर पर लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक पगड़ी की तरह सिर पर बंधा रहने दीजिए। इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराइए, इसे खोपड़ी पर तेल को जमने में मदद मिलती है। एक घण्टा बाद बालों को साफ ताजा पानी से धो डालिए।

**(लेखिका, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं।)**

## स्पीड न्यूज

### हाथियों ने वृद्ध को कुचला, मौत



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत के कोईहारा गांव में बुधवार की सुबह हाथी ने पटककर एक वृद्ध को मौत के घाट उतार दिया। 60 वर्षीय मेघनाथ मुंडा जंगल की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक हाथी ने उसपर हमला कर दिया और पटक-पटक कर उसकी जान ले ली। घटना के बाद वनपाल गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार को पचीस हजार रुपए सहायता राशि दी। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु रामगढ़ सदर भेज दिया। इधर, मेघनाथ की मौत से नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगली हाथी लगातार क्षेत्र में विचरण कर लोगों के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बावजूद इसके वन विभाग क्षेत्र से हाथी को खदेड़ने में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इसी तरह की घटना मायल गांव के ढठवाटांड़ में भी हो चुका है।

### पीटीपीएस आवास लीज पर मिले : रोशन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में पीटीपीएस के आवासों को 99 वर्ष की रेंट लीज पर देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीटीपीएस परिसर में लगभग 20,000 लोग निवास करते हैं। जिनमें पीटीपीएस के पूर्व कर्मचारी, उनके परिवार, दुकानदार, संवेदक, पीवीयूएनएल (एनटीपीसी) पतरातु में कार्यरत कर्मचारी, मजदूर, और आसपास के कारखानों में काम करने वाले लोग शामिल हैं। पीटीपीएस पतरातु को पीवीयूएनएल (एनटीपीसी) पतरातु को हस्तांतरित करने के बाद भी पीटीपीएस के स्वामित्व में लगभग 3000 आवास बचे हुए हैं। अगर इन आवासों को एचईसी हटिया और बीएसएल बोकारो की तर्ज पर 99 वर्षों की रेंट लीज पर दिया जाए, तो इससे सरकार को कई करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। विधायक ने सदन में अपनी मांगों और उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि स्थानीय निवासियों को कानूनी रूप से आवास की सुविधा मिलेगी जिससे सरकार को दीर्घकालिक राजस्व प्राप्त होगा।

### उज्जवला फांउडेशन ने बांटा राशन



**कुजू।** बोंगावार स्थित मोतीरात कॉम्प्लेक्स में बुधवार को उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन अनिता देवी ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता रंजीज कुमार सिन्हा शामिल हुए। बैठक के दौरान फांउडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन के विकास को लेकर विभिन्न बातों को रखा। साथ ही पिछले एक वर्ष से फाउंडेशन में जमा राशि को सदस्यों के बीच दिया गया। मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि कोई भी फाउंडेशन को शुरूआत में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन जब फाउंडेशन अपनी गति पकड़ता है तो उससे जुड़े सभी सदस्यों को आत्म निर्भर बनाने का काम करता है। ठीक इसी तरह से उज्जवला फाउंडेशन भी आप सभी सदस्यों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में पहल कर रहा है। आप सभी लोग धैर्य के साथ फांउडेशन से जुड़कर रहे। वहीं अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि पिछले 11 वर्ष से मेरे द्वारा फाउंडेशन में महिलाओं को एकत्रित कर उनको आत्म निर्भर बनाने की दिशा में पहल करने का कार्य किया गया है। बस अब कुछ ही दिनों के अंदर सदस्यों को सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर उनको रोजगार मुहैया कराया जायेगा।उन्होंने बताया कि जल्द ही रांची के विधायक सीपी सिंह के द्वारा सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ कराया जायेगा। बाद में होली पर्व को लेकर 101 सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, शांति देवी, आशा कुमारी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, वीणा कुमारी, प्रीति कुमार, गुड़िया बानो, रिंकु देवी, कुसुम, तमन्ना देवी, मीनू देवी, रूपा देवी, सुमित्रा देवी, संगीता देवी, लक्ष्मी देवी, आकांक्षा देवी, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

### कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया-झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में भुरकुंडा पंचायत भवन के प्रांगण बुधवार को एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षक सेसाई कंचन दास के देखरेख में महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ब्लैक बेल्ट द्वितीय डॉन के द्वारा छात्र-छात्राओं को काता, कुमीते, फाइट, बोमकाई तथा सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सृष्टि कुजूर ने कहा कि लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कराटे बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। सृष्टि कुजूर ने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को खास करके लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर दिलाने की अपील की। शिविर में विकास, शिवांश, रेयांश, खुशी कुमारी, चित्रलेखा, भूमि, नीति, सृष्टि भारती, स्नेहलता तिग्गा आदि बच्चों ने कराटे का प्रशिक्षण लिया।

### कुजू : महायज्ञ में कई अनुष्ठान



**कुजू।** श्री श्री राम नाम प्राण प्रतिष्ठा मनमोहन नगर सांडी में चल रहे पांच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को प्रातः वेदी पूजन, फलाधिवस, पुष्पाधिवास, संध्याकाल हवन, आरती धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य शशिकांत मिश्रा एवं आलोक शुक्ला, देवेंद्र द्विवेदी, प्रांजुल शुक्ला, दीपक द्विवेदी द्वारा यजमानों को विधिवत पूजा अर्चना कराया। तपश्चात वृन्दावन से आए कथा वाचक पूज्य रुद्र कृष्ण जी महाराज द्वारा रात्रि बेला में लगातार कई दिनों से श्रीमद भागवत कथा का अनुश्रवण कराया जा रहा है। वहीं समिति द्वारा बनाया गया भव्य और आकर्षक राम जानकी का मंदिर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के लोग शामिल है।

# चिंतपूर्णी फैक्ट्री में ब्लास्ट, चार मजदूर झुलसे

## क्रेन ऑपरेटर वीरेंद्र यादव के हाथ-पैर टूटे

## प्रबंधन ने सभी घायलों को रांची सनफोर्ड अस्पताल भेजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग/ चरही। चिंतपूर्णी स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में बुधवार को तड़के एक और दर्दनाक हादसा हो गया। 15 माइल स्थित इस फैक्ट्री में 4 नंबर भट्ठी में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे पांच मजदूर बुरी तरह झुलस गए। इस हादसे में क्रेन ऑपरेटर वीरेंद्र यादव के हाथ-पैर टूट गए, जबकि अन्य चार मजदूर– फूलचंद कुमार, मो. चांद, वरुण कुमार और नंदलाल कुमार चिंगारी की चपेट में आकर झुलस गए।

घटना के बाद सभी मजदूर जान बचाने के लिए भागने लगे। इस दौरान वीरेंद्र यादव ने क्रेन से कूदकर बचने की कोशिश की, लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गया। बाकी मजदूर भी झुलस गए। सूचना मिलते ही प्रबंधन मौके पर पहुंचा और घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची के सनफोर्ड अस्पताल भेज दिया गया। राहत की बात यह है कि सभी मजदूर खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।




गौरतलब है कि यह पहला हादसा नहीं है। 11 जुलाई 2024 को भी इसी फैक्ट्री में लोहे की भट्ठी फटने से बड़ा हादसा हुआ था। उस दौरान गया जिले के मंझोलिया निवासी क्रेन ऑपरेटर मुन्ना यादव और जितेंद्र यादव झुलस गए थे, जिसमें मुन्ना यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुआवजा देकर मामले को दबा दिया गया था। 2 अक्टूबर 2024 को भी चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड में फर्नेस ब्लास्ट हुआ था, जिसमें मुगल महतो और सोमर साहू गंभीर रूप से झुलस गए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि ये तीनों बड़े हादसे बुधवार के दिन ही हुए हैं। यह सिर्फ एक संयोग है या फैक्ट्री में सुरक्षा उपायों की भारी कमी, इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लगातार हो रही दुर्घटनाओं से साफ है कि प्रबंधन मजदूरों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन और प्रबंधन इस बार कोई ठोस कदम उठाते हैं या फिर एक बार फिर मुआवजा देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# मधुमक्खियों के हमले से दंपति समेत तीन घायल

## दारू के कोय में झाड़ियों से निकल कर सभी को डंसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** दारू थाना क्षेत्र के कोय गांव में स्कूटी सवार दंपति श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी पर अचानक झाड़ियों से निकले मधुमक्खियों के झुंड ने हमला किया। इस हमले में एक अन्य युवक भी बुरी तरह घायल हो गया। श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए स्कूटी से जा रहे थे। रास्ते में अचानक झाड़ियों से निकले सैकड़ों मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने उनके चेहरे, सिर, हाथ और शरीर के खुले हिस्सों में डंक मारे, जिससे वे दर्द से कराहने लगे। इसी दौरान एक युवक भी इस हमले का शिकार हो गया।

घटना के बाद घायलों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें मधुमक्खियों के चंगुल से निकाला। मधुमक्खी के डंक से बुरी तरह घायल पति-पत्नी ने अपने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय भाजपा नेता सुरेश प्रसाद के सहयोग से उन्हें हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही सांसद मनीष जायसवाल को सूचित किया गया, जिन्होंने तुरंत अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को मदद के लिए भेजा। रंजन चौधरी घायलों के अस्पताल पहुंचने से पहले ही वहां मौजूद थे और उन्होंने अस्पताल प्रशासन को अलर्ट कर दिया, जिससे इलाज में कोई देरी न हो। डॉक्टरों ने सबसे पहले मधुमक्खियों के डंक निकाले, ताकि शरीर में जहर न फैले। फिर संक्रमण रोकने के लिए जरूरी दवाइयां और इंजेक्शन दिए गए।



डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए दंपति को अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। घटना के बाद सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि मधुमक्खी एक सामाजिक कीट है, जो तभी हमला करती हैं जब उन्हें खतरा महसूस होता है। उनका डंक जहरीला होता है और कई बार जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए अगर आसपास मधुमक्खियों का छत्ता हो, तो उसे न छेड़ें और सावधानी बरतें। फिलहाल घायलों की स्थिति स्थिर है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर दिखाया कि प्राकृतिक खतरों से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। प्रशासन और लोगों को मिलकर ऐसे क्षेत्रों में मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

### मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**रामगढ़ ।** रामगढ़ चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची एवं मारवाड़ी युवा मंच ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में किडनी, मधुमेह, नेत्र जांच एवं सामान्य रोगियों की हुयी जांच। ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची के जनरल मैनेजर संतोष सिंह और मारवाड़ी युवा मंच, रामगढ़ अध्यक्ष आशीष अग्रवाल के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पैनल सूचीकरण किया गया। इसके तहत ऑर्किड मेडिकल सेंटर मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शालिनी प्रिया (एमबीबीएस एमडी डीएनबी) मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय कुमार (एमबीबीएस पीजीडी पीजीडीसी) नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंशुकिता (एमडी एम्स भोपाल एमएफआरएफ शंकर नेत्रालय चेन्नई)एवं सामान्य रोग चिकित्सकों द्वारा 150 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें उचित सलाह दी गई।

### विधायक मनोज यादव ने तिलैया जलापूर्ति का मामला सदन में उठाया



**बरही।** विधानसभा में विधायक मनोज कुमार यादव ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से बरही शहरी क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से सीधे सवाल किया कि क्या यह सच है कि हजारीबाग जिले के बरही क्षेत्र में लोग आज भी पानी के लिए दूर-दराज जाने को मजबूर हैं? पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब दिया कि औद्योगिक क्षेत्र रियाडा समेत कई इलाकों में डीप बोरिंग आधारित जल स्रोत सूख चुके हैं, जिससे जल संकट और गंभीर हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि गर्मी के दिनों में जिला प्रशासन टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति करता है। विधायक मनोज यादव ने सरकार से सवाल किया कि तिलैया जलापूर्ति योजना का कार्य आखिर क्यों रुका पड़ा है? उन्होंने आरोप लगाया कि ओम साई कंस्ट्रक्शन एजेंसी की लापरवाही के कारण बरही के लोग भीषण जल संकट झेल रहे हैं। इस पर मंत्री ने बताया कि बरही पुनर्गठित ग्रामीण जलापूर्ति योजना का कार्य 7 दिसंबर 2023 से प्रारंभ हुआ था, जिसमें रॉ वॉटर टेस्टिंग और विद्युत कार्य पूरे हो चुके हैं, लेकिन योजना अभी भी निमार्णाधीन है। विधायक ने यह भी पूछा कि अगर सरकार जल संकट को स्वीकार कर रही है, तो बरहीवासियों को शुद्ध पेयजल कब तक मिलेगा? मंत्री ने जवाब दिया कि यह योजना जून 2025 तक पूरी होने की संभावना है। यानी, बरही के लोगों को अभी और इंतजार करना होगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विधायक ने कहा कि बरही की जनता वर्षों से जल संकट से जूझ रही है, लेकिन समाधान में लगातार देरी हो रही है। उन्होंने सरकार से इस योजना को प्राथमिकता देते हुए जल्द पूरा करने की मांग की, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## जवाहर नगर में वैश्य मोर्चा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित कार्यालय में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया एवं संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु उपस्थित थे। केंद्रीय समिति के तय कार्यक्रम के तहत पतरातू प्रखंड में भी सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर कई नये लोगों ने वैश्य मोर्चा का सदस्यता ग्रहण की। वहीं पुराने सदस्यों ने सदस्यता का नवीकरण कराया। आम लोगों को सदस्य बनाने के लिए 20 मार्च को भुरकुंडा में सदस्यता शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। वैश्य दिवस 23 अप्रैल तक पतरातू प्रखंड में एक हजार नये सदस्य बनाये जाएंगे। बैठक में 23 मार्च को रांची में होने वाले आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो सम्मेलन की चर्चा करते हुए कहा गया कि इस सम्मेलन में पतरातू प्रखंड से 100 प्रतिनिधि शामिल होंगे। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि सदस्यता अभियान चला कर सदस्यों को जोड़ने का काम जारी रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि संगठन में बहुत ताकत होती है। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर साहु, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, रामाशंकर राजन, मुख्य प्रवक्ता सह जिला प्रभारी बीरेन्द्र कुमार, कैलाश प्रसाद, अजय कुमार साहु, अशोक साव, देव कुमार पंडित, भरत केशरी, उपेन्द्र शर्मा, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी राणा, चिंता देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# ओपी जिंदल कॉलेज में कारपेंटर कोर्स शुरू

## कुशल छात्रों को स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य

**भुरकुंडा।** पतरातू प्रखंड के उच्चरिंगा पतरातू इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को फिनिशिंग कारपेंटर कोर्स का शुभारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि गुरमीत कौर और जेएसपी पतरातु के सीएसआर प्रमुख रवि निवास उपस्थित थे। सर्वप्रथम पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें गर्व करना चाहिए जो सपना हमारे पूज्यनीय बाऊजी ओमप्रकाश जिंदल ने देखा था। जरूरतमंदों को कौशल प्रदान कर रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ा जाए उनका इस सपना को हमारे चेयरमैन नवीन जिंदल ने पतरातू में साकार करने का प्रयास किया। इस संस्थान में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को और अधिक कुशल बनने के लिए इस कॉलेज में कारपेंटर ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपना कौशल को बढ़ाएं और भविष्य को बनाएं। सीएसआर प्रमुख रवि निवास ने छात्रों को टेक्निकल कौशल के महत्व की जानकारी देते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य सांबी कुमार साहू ने छात्रों को कारपेंटर ट्रेड में संचालित कोर्स के बारे में विस्तार से बताया। यह कोर्स पायलट फेज में चलाया जा रहा है। प्रथम बैच में 20 बच्चों का एक बैच बनाया गया है। कोर्स 3 महीने का होगा। प्रशिक्षण उपरांत कुशल छात्रों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा और इनको रोजगार तथा स्वरोजगार में कॉलेज सहायता प्रदान करेगी।



## एक नजर में

### वाहन से कुचलकर बच्चे की मौत, हंगामा



हजारीबाग । चंदवार आंगनबाड़ी केंद्र के पास खेल रही एक मासूम बच्ची को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बच्ची के पिता मुकेश राम का परिवार गहरे सदमे में है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और प्रशासन से जवाबदेही की मांग की। परिजनों ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये दोनों अक्सर ड्यूटी से गायब रहती हैं, जिससे बच्चों की देखरेख का कोई ठोस प्रबंध नहीं होता। स्थानीय लोगों ने भी विभाग की लापरवाही उजागर करते हुए बताया कि उन्होंने पहले ही आंगनबाड़ी केंद्र को सड़क किनारे से हटाने की मांग की थी, लेकिन उनकी गुहार को अनसुना कर दिया गया। ग्रामीणों ने अधिकारियों को पहले ही आगाह किया था कि कभी भी यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता है, और आज वही सच हो गया। बच्ची को आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए और चुरचू मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आंगनबाड़ी केंद्र को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की। प्रशासन ने इस मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### विष्णुगढ़ : इलाज के अभाव में मजदूर की मौत



विष्णुगढ़ । प्रखंड के तरवा टाड़ निवासी मनोज कुमार पासवान (40 वर्ष), जो मुंबई के अपूर्वा होटल में काम कर रहे थे, इलाज के अभाव और होटल प्रबंधन की लापरवाही के कारण अपनी जान गंवा बैठे। 3 फरवरी की शाम मनोज होटल में स्नान करने गए थे। जब तीन घंटे तक वे बाहर नहीं आए, तो सहकर्मियों को शक हुआ। उन्होंने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। जब दरवाजा तोड़ा गया, तो मनोज बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़े मिले। मनोज को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ब्रेन हेमरेज की आशंका जताई और बेहतर अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। लेकिन होटल प्रबंधन ने कोई मदद करने से इनकार कर दिया। होटल मालिक ने यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया कि ₹अब इलाज संभव नहीं, आप इन्हें गांव ले जाएं।₹होटल मालिक ने एक एंबुलेंस की व्यवस्था कर मनोज को झारखंड भेज दिया, लेकिन सही इलाज न मिलने के कारण रास्ते में ही उनकी हालत और बिगड़ गई। गांव पहुंचते ही डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी। यह खबर सुनते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी और बच्चे बेसुध हो गए, पूरा गांव शोक में डूब गया।

### बरकट्ठा में अवैध आरा मिल ध्वस्त, दो गिरफ्तार



**बरकट्ठा।** चुगलामो में लंबे समय से अवैध रूप से संचालित आरा मिल पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। बुधवार सुबह जिला सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर आरा मिल को सील कर दिया और संचालक प्रकाश चौधरी समेत दो मजदूरों को हिरासत में लिया। विभाग को लगातार सूचना मिल रही थी कि इलाके में अवैध रूप से लकड़ी कटाई और प्रसंस्करण का काम चल रहा है। सत्यापन के बाद वन विभाग की टीम ने बरकट्ठा, बरही और चौपारण वन कर्मियों के सहयोग से छापेमारी की, जहां आरा मिल पूरी तरह संचालित पाई गई। मौके पर से 80 टन चिरान पटरा, चौखट और 65 टन लकड़ी का बोटा जब्त किया गया। इससे पहले भी प्रकाश चौधरी के खिलाफ कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। पहले बड़े पैमाने पर संचालित मशीनों को जब्त किया गया था, लेकिन उसने अब छोटे पैमाने पर आरा मिल चलाना शुरू कर दिया था। इस बार भी विभाग ने मशीन को उखाड़कर जब्त कर लिया। आरा मिल में काम कर रहे दो मजदूर सोनू सोरेन और मनोज सोरेन को भी हिरासत में लिया गया। दोनों छहरामो, बरकट्ठा के निवासी हैं और अवैध रूप से लकड़ी कटाई के इस काम में शामिल थे।

### कौशल इंजीनियरिंग की मनमानी पर बवाल



बरही। बरही में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच ) निर्माण में अनियमितताओं और लापरवाही के खिलाफ कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जिला उपायुक्त नैंसी सहाय और एसपी अरविंद सिंह को पत्र लिखकर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर/कौशल इंजीनियरिंग और राज केशरी कंपनी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। दीपक गुप्ता ने आरोप लगाया कि ये कंपनियां सड़क निर्माण में मनमानी और लापरवाही कर रही हैं। मशीनों की जगह मजदूरों से मैनुअल काम करवाया जा रहा है, जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। पानी का छिड़काव तक नहीं किया जा रहा, जिससे धूल और प्रदूषण बढ़ रहा है। बरही-चौपारण और बरकट्ठा फ्लाईओवर का निर्माण वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। कई ओवरब्रिज निर्माण के तुरंत बाद ही किनारे से धंस गए हैं, जो निर्माण में हुई गड़बड़ी को साफ दशार्ता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एनएचएआई के कई अधिकारी और इंजीनियर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जिन्होंने निर्माण एजेंसी को मनमानी करने की छूट दे रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएचएआई के परियोजना अधिकारी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं देते और फोन तक नहीं उठाते। निर्माण कार्यों के दौरान कई स्थानों पर अवैध डायवर्सन बना दिए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार जाम लग रहा है। इसके अलावा, चौपारण से बरकट्ठा के बीच सड़क किनारे जले हुए कोयले का चूरा फेंका गया है, जो राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। धूल और चूरा उड़ने से सड़क से गुजरने वाले लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। दीपक गुप्ता ने कहा कि 7 वर्षों में निर्माण कार्यों की लापरवाही के कारण चौपारण-बरकट्ठा के बीच सैकड़ों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं। बावजूद इसके, स्थानीय प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है और निर्माण कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा।

### श्रीनगर के विस्थापितों को कब मिलेगा मालिकाना हक

बरही। विधानसभा के शून्यकाल में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड स्थित श्रीनगर गांव के विस्थापितों का मामला जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि विस्थापित ग्रामीणों को जल्द से जल्द पुर्नस्थापित वासस्थल और आवंटित भूमि का मालिकाना हक दिया जाए, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। विधायक ने सदन को बताया कि 1951-52 में तिलैया जलाशय के निर्माण के कारण श्रीनगर गांव के लोगों को विस्थापित किया गया था। लेकिन सात दशक बीत जाने के बावजूद ग्रामीणों को उनकी आवंटित भूमि का स्वामित्व प्रमाण-पत्र नहीं दिया गया। स्वामित्व प्रमाण-पत्र न मिलने के कारण श्रीनगर के ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रखा गया है। विधायक ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण विस्थापित परिवार आज भी अपने बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# बंद घर में चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

- चोरी गये जेवरात समेत दो मोबाईल, दस हजार दो सौ चालीस रुपया बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच बाजार रोड में 2 मार्च 2025 को रात्रि में अक्षय कुमार पिता स्व. पवन बर्णवाल के बन्द घर में चोरी हो जाने को लेकर डोमचांच थाना में समर्पित आवेदन के आधार पर डोमचांच थाना कांड संख्या 21/25 दर्ज किया गया था। उक्त कांड के उद्भेदन एवं अज्ञात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा थाना प्रभारी डोमचांच पुअनि ओम प्रकाश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज की जांच की गयी, स्थानीय सोनार दुकानदारों से पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में सोनार दुकानदारों द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति मेरे दुकान में आया था तथा बोला मेरे पास कुछ जेवर है क्या आप उसे खरीदेंगे, परन्तु उनके द्वारा जेवरात का कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने एवं जेवर दुकानदारों को संदेह होने के कारण जेवर नहीं खरीदा गया। जेवर दुकानदारों के बताये अनुसार तथा गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को विभिन्न जगहों पर छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में ग्राम कलाली रोड डोमचांच से तीन संदिग्ध लड़कों को पकड़ा गया, तीनों लड़कों से पूछताछ करने एवं तलाशी लेने पर उनलोगों के पास से जेवरात, नगद एवं मोबाईल बरामद किया गया। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों ने अक्षय के घर पर हुई चोरी की घटना में अपनी संलीप्तता स्वीकार की है। उक्त कांड में कांड प्रतिवेदित होने के उपरान्त 12 घंटों के अन्दर उद्भेदन किया गया है। इस संबंध में डोमचांच थाना के द्वारा विधि-सम्मत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 29 वर्षीय सोनु कुमार पिता भुनेश्वर साव, ढाब रोड थाना डोमचांच, दीपक कुमार उर्फ युवराज पिता मनोज साव बाजार रोड डोमचांच व 24 वर्षीय विकाश शर्मा उर्फ बिक्की पिता रौशन कुशवाहा कालीमंडा ढाब रोड थाना डोमचांच निवासी के नाम शामिल हैं।

वहीं जब्त सामानों में झुमका एक जोड़ा 5.170 ग्राम सोने जैसा, बाली छोटा एक जोड़ा सोने जैसा 1.740 ग्राम, बाली बड़ा जिसमें एक पीन टूटा हुआ 2.980 ग्राम, अंगुठी एक पीस 1.630 ग्राम सोने जैसा, पटरी बाली एक जोड़ा 2.990 ग्राम सोने जैसा, टॉप एक जोड़ा 2 ग्राम सोने जैसा, नाक का बेसर एक पीस 190 मिलीग्राम सोने जैसा, मांगटिका एक पीस 3.160 ग्राम सोने जैसा, छोटी बाली 650 मिलीग्राम सोने जैसा, दो मोबाईल, दस हजार दो सौ चालीस रुपया बरामद किया गया।

छापामारी दल में ओम प्रकाश, डोमचांच थाना प्रभारी, पुअनि अजीत कुमार महतो, सअनि प्रेम सागर जालंधर, रामजित मुण्डा, सशस्त्र बल, डोमचांच थाना पुलिस शामिल थे।

## कॉल गर्ल्स सार्विस के नाम पर ऑनलाईन ठगी का एक आरोपी गिरफ्तार

- 8 मोबाईल, 8 सिम कार्ड, 15 एटीएम, 3 आधार कार्ड, 2 पैन कार्ड, 2 वोटर कार्ड एवं 12500 रुपये नगद बरामद

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत सुभाष चौक के समीप एक कमरे में छापेमारी कर कॉल गर्ल्स सार्विस के नाम पर लड़की उपलब्ध कराने के नाम पर ऑनलाईन माध्यम से पैसा ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि मंगलवार की रात्रि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थानांतर्गत सुभाष चौक के पीछे एक मकान में कुछ लड़कों द्वारा कमरा किराये पर लेकर मोबाईल के माध्यम से विभिन्न लोगों को कॉल गर्ल्स सार्विस के नाम पर कॉल कर लड़की उपलब्ध कराने के नाम पर ऑनलाईन के माध्यम से पैसे की ठगी किया जा रहा था। उक्त सूचना के सत्यापन के लिए तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुभाष चौक स्थित एक मकान में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान एक साईबर अपराधी 21 वर्षीय संजीत कुमार पिता सुरेश साह, पता ग्राम मुण्डरो थाना बगोदर गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया तथा टीम के द्वारा मकान की तालाशी ली गई। इस दौरान पकडे गए अपराधी के रूम से 8 मोबाईल, 8 सिम कार्ड, 15 एटीएम, 3 आधार कार्ड, 2 पैन कार्ड, 2 वोटर कार्ड एवं 12500 रुपये नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मोबाईल के माध्यम से भॉइस चेंजर से लड़की की आवाज निकाल कर लोगों को फंसाता था तथा लड़की उपलब्ध कराने के लिए रजिस्ट्रेशन के नाम पर तथा लड़की उपलब्ध कराने के नाम पर फोन के माध्यम से पैसे की मांग कर ठगी करते थे।

वहीं विडियो चैट कर अश्लील विडियो चलाकर दूसरे व्यक्ति का स्क्रीन रिकॉर्डिंग एवं स्क्रीनशॉट लेकर ब्लैकमेल कर पैसा मंगवाते थे। इस संबंध में तिलैया थाना कांड स्ख्या 82/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि रंजित राय व सशस्त्र बल एवं पेंथर, तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### सांसद कालीचरण सिंह ने बागेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना, ग्रामीणों से मिले



**गिद्धौर।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह बुधवार को बलबल स्थित बागेश्वरी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां बागेश्वरी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर पहुंचने पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने सांसद का भव्य स्वागत किया। उन्हें माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया गया। पूजा के बाद सांसद द्वारी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर पार्टी नेता बिंदेश्वरी यादव समेत कई कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

### मुखिया ने की अबुआ आवास लाभुकों संग बैठक



**गिद्धौर।** पंचायत सचिवालय में मुखिया निर्मला देवी ने बुधवार को अबुआ आवास योजना के लाभुकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने लाभुकों को आवास निर्माण कार्य की स्थिति अपडेट करने के लिए मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की जानकारी दी। मुखिया ने बताया कि जियो टैगिंग करने से लाभुकों को दूसरी और अन्य किस्त की राशि समय पर मिल सकेगी। बैठक में रोजगार सेवक निर्मल दांगी, वार्ड सदस्य कैलाश दांगी, अमेरिका दांगी, अजय दांगी समेत अन्य लाभुक मौजूद थे।

### गिद्धौर में बिजली विभाग ने की छापेमारी, 10 पर केस दर्ज

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र में विद्युत विभाग ने बुधवार को अवैध बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार ने किया। गंगापुर, तिलैया और इंद्रा गांवों में छापेमारी के दौरान 10 लोगों को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़ा गया। बिजली विभाग ने बिना कनेक्शन बिजली जलाने और मीटर होते हुए भी चोरी से बिजली उपयोग करने वालों के खिलाफ थाने में आवेदन दिया। छापेमारी के दौरान बिजली चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे तारों को जब्त किया गया। अभियान में पंकज कुमार, विकास कुमार, महावीर दांगी, रमेश तिर्की समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### जयनगर प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन

**कोडरमा।** प्रखंड सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में आवास संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक में सभी पंचायतों के पंचायत सचिव एवं आवास समन्वयक सुमित झा उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सभी योग्य लाभुकों का शीघ्र पंजीकरण कर आवास स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। सभी अयोग्य लाभुकों को ग्राम सभा के माध्यम से पुनः सत्यापित कर सूची की प्रति प्रखंड कार्यालय में शीघ्र जमा करने का निर्देश दिया गया। वहीं अबुआ आवास योजना के वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के संपूर्ण प्रगति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं अबुआ आवास योजना के तहत निर्मित आवासों की पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु पंचायत सचिवों को पूर्ण आवास का फोटो भेजकर अंतिम सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश देते हुए योजना के सुचारू क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

### जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चलाये जा रहे 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरिच प्रोग्राम के तहत जिला स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट प्लस 2 उच्च विद्यालय देवीपुर मरकच्चो की 12वीं कक्षा की छात्रा तरन्नुम परवीन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में इसी विद्यालय की माया कुमारी ने जिला स्तर पर टॉप की। सभी प्रतियोगितायें बाल श्रम, बाल विवाह जैसे विषयों पर आधारित रहे। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता की जिला टॉपर माया कुमारी एवं निबंध प्रतियोगिता की जिला टॉपर तरन्नुम परवीन को प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराया गया। इसे लेकर बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने अपने प्रकोष्ठ में दोनों बच्चों को झालसा द्वारा भेजे गए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रभारी जज इंचार्ज ज्योत्सना पाण्डेय, न्यूटन कुमार, रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार, माया कुमारी, तरन्नुम परवीन आदि मौजूद थे।

### ऑउटरिच सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका कॉन्फ्रेंस हाल में बुधवार को आयकर विभाग के ओर से संस्था, ट्रस्ट आदि करदाताओं को छूट से संबंधित नए संशोधनों, केस लॉ आदि के बेहतर स्वैच्छिक अनुपालन के लिए ऑउटरिच सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं आयकर आयुक्त (छूट), यामिनी गुप्ता के निर्देश और अपर आयुक्त (छूट), परिक्षेत्र-2 राची रंजीत मधुकर के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम आयकर अधिकारी संजीव कुमार दास (छूट) हजारीबाग की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान आयकर अधिकारी ने आयकर अधिनियम में हुए संशोधनों तथा सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए निर्णय से पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रस्ट, चौरिटेबल ट्रस्ट, शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल को आयकर विवरणी दाखिल करने से संबंधित और असुविधाओं का निवारण तथा आयकर छूट में नए प्रावधानों के बारे में अवगत करना था तथा आयकर विभाग में शिकायत को कम करने के साथ-साथ संबंधित संस्थाओं को जागरूक किया जा सके। वहीं आयकर अधिकारी संजीव कुमार दास ने सभी ट्रस्टी और संस्था के सदस्यों से संबंधित नियमों का ससमय पूर्ण रूप से पालन करने का आग्रह किया, ताकि अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सके। कार्यक्रम का संचालन आयकर निरीक्षक सौरभ कुमार व धीरज कुमार ने किया। मौके पर रांची के चार्टर्ड अकाउन्टन्ट राजीव टाक, सीए राज कुमार, कोडरमा के सीए वंदना अग्रवाल ने भी इस क्षेत्र में अपना अनुभव सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों से साझा किए। इस आउटरीच प्रोग्राम में कोडरमा तथा झुमरीतिलैया के अधिवक्ताओ एवं ट्रस्ट संस्थायों के अन्य लोग मौजूद थे।

### न्यायालय कर्मी हुई ठगी का शिकार, फ्लिपकार्ट का स्टाफ बताकर की 8 हजार की ठगी

**कोडरमा।** कोडरमा में साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस बार ठगी का शिकार कोडरमा न्यायालय की एक महिला कर्मी हुई है। साइबर ठग ने फ्लिपकार्ट का स्टाफ बताकर महिला कर्मी से 8 हजार रुपये की ठगी कर ली है। घटना को लेकर महिला ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया है। कांड संख्या 36/25 में दर्ज मामले में महिला प्रियंका कुमारी ने कहा है कि वह व्यवहार न्यायालय में सहायक है, न्यू कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। बीते 20 जनवरी को फ्लिपकार्ट से दो समान खरीदी थी, जिसकी कीमत 1751 रु. है, 24 जनवरी को दो अलग-अलग नम्बर से फोन आया। फोन करने वाला स्वयं को फ्लिपकार्ट का स्टाफ बताते हुए कहा कि आपने जो ऑर्डर किया था, उसका पेमेंट नही आया है तो मैंने कहा कि उसी दिन ऑनलाइन पेमेंट कर दिया गया है, तब उसने वो पैसे रिफंड कर दिया और फिर से पेमेंट भेजने के लिए कहा, इसी दौरान बातों में उलझा कर मुझसे अलग-अलग बार कुल 8 हजार रुपये की ठगी कर ली। वहीं महिला ने दर्ज मामले में रामप्रवेश मांझी, मिथुन मांझी, रामप्रवेश साव के यूपीआई स्कैनर के माध्यम से रुपये मंगवाने की बात कही है।

## जीएस.पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीपीएस. ऑलिम्पियाड में किया शानदार प्रदर्शन



**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल में सीपीएस. ऑलिम्पिआड अंतर्गत आयोजित वर्ग प्रथम से नवम तक के बच्चों ने सीपीएस. के तहत अलग-अलग विषयों में बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसके फलस्वरूप सीपीएस. द्वारा सभी बच्चों का परिणाम घोषित किया गया। वहीं आयोजित परीक्षा में गणित, विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन जैसे विषयों में बच्चों ने भाग लिया, जिसके फलस्वरूप छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे चरण के प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वहीं उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र देते हुए सभी को ढेरों बधाई दी, साथ ही अपने पथ पर हमेशा आगे बढ़ने की बात कही। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने सीपीएस. के अध्यक्ष संजय सिंह निदेशक कुलदीप मौर्य व जिला कॉर्डिनेटर डीपी.यादव को धन्यवाद देते हुए इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन कराने को लेकर सराहना की साथ ही बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं दीं।

## बीआर इंटरनेशनल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न



**कोडरमा।** प्रखंड के चाराडीह स्थित बीआर इंटरनेशनल स्कूल में किड्स विंग का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ, प्रतियोगिता के अंतिम दिन नर्सरी केजी 1 और केजी 2 तथा वर्ग प्रथम के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं ने भाग लिया और बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबको आकर्षित किया। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए स्कूल के निदेशक ओपी राय व प्राचार्या राखी राय ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान आपलोगों ने बेहतर प्रदर्शन कर, अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उम्मीद करते हैं कि आगे भी आपलोगों का प्रदर्शन काफी बेहतर होगा। वहीं प्राचार्या श्रीमती राय ने कहा कि जीवन में उन्नति के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है, खेल हमें अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना के प्रति जागृत करता है। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं प्रतियोगिता में अभिभावक भी शामिल हुए सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल प्रशासक सुनील कुमार, उप प्राचार्य नवल किशोर, आलम उद्दीन, अंशु राज, नीतू बर्णवाल, जया लक्ष्मी, अनिता बर्णवाल, कामना सिन्हा, सरोजिनी डुंगडुंग आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## जिले के चिकित्सक, नर्स और पैरामेडिकल कर्मी पुलिस के कार्यों से हुए अवगत



**कोडरमा।** बिरसा सांस्कृतिक भवन में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के चिकित्सक, अनुसंधानकर्ता, नर्स, पैरामेडिकल कर्मी आदि शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए एसपी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का भी अहम भूमिका होती है, उन्होंने नए कानूनों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका एवं उनकी जिम्मेवारी पर विस्तृत जानकारी दिया। वहीं एसपी ने शिविर के दौरान बेहतर अनुसंधान, वैज्ञानिक तकनीकों, डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल कर्मियों की भूमिका और उनकी जिम्मेवारी की भी जानकारी दिया। इसके अलावे सभी अनुसंधानकर्ताओं को कांडों के बेहतर अनुसंधान, वैज्ञानिक जांच, रिमांड लेने की प्रक्रिया आदि पर विस्तृत जानकारी साझा किया। इस दौरान एसपी ने वरीय पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कनीय पदाधिकारी के कार्यों की समीक्षा करें, साथ ही कांडों के बेहतर अनुसंधान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दें। मौके पर डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, विभिन्न थाना के थाना प्रभारी, चिकित्सक, नर्स व पैरामेडिकल कर्मी आदि मौजूद थे।

## इग्नू में नामांकन व पंजीकरण की तिथि 15 मार्च तक बढ़ी

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज स्थित इग्नू में जनवरी 2025 शैक्षणिक सत्र में नामांकन व पुनः पंजीकरण की तिथि 15 मार्च तक बढ़ा दी गयी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी के अलावे डिप्लोमा कोर्सों में ऑनलाइन व ओडीएल में निर्धारित तिथि के अंदर नामांकन ले सकते हैं, उक्त जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. निकहत प्रवीण ने देते हुए बताया कि इग्नू के स्नातक, स्नातकोत्तर या डिप्लोमा कार्यक्रमों में इच्छुक छात्र इग्नू के बेवसाइट पर ऑनलाइन नामांकन ले सकते हैं। वहीं इग्नू के पूर्व के छात्र-छात्राएं 15 मार्च तक पुनः पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नामांकन के दौरान डिजिटल अध्ययन सामग्री का विकल्प चुनते हैं, उन्हें कार्यक्रम शुल्क पर 15 प्रतिशत तक छूट भी मिलेगा।

# राज्य सरकार युवाओं को सिर्फ ठगने का काम कर रही : डॉ. नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा में बुधवार को कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने राज्य के बजट की चर्चा में भाग लिया, साथ ही जनमुद्दों पर सवाल भी रखे। उन्होंने कोडरमा, डोमचांच और झुमरीतिलैया में पेयजल आपूर्ति में हो रही कठिनाई और पानी टंकी के अधूरे रहने के कारण बड़ी आबादी को पानी की आपूर्ति नहीं होने का सवाल उठाया। वहीं उन्होंने सभी जगहों पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता की मांग की। साथ ही कहा कि कोडरमा में जेजे कॉलेज से मेघातरी तक फोर लेन सड़क निर्माण के लिए वन विभाग का अनापत्ति पत्र नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ रहा है। जिले में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं और यदि विभाग का अनापत्ति पत्र मिलता है तो फोर लेन सड़क बनने के बाद सड़क हादसों पर नियंत्रण हो सकेगा।

वहीं राज्य के बजट पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के नियोजन पर कोई उपाय या चर्चा नहीं की गयी है। राज्य सरकार युवाओं को सिर्फ ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार अपनी नाकामियों का सारा ठीकरा केंद्र सरकार पर डालकर लोगों को भरमाने का काम कर रही है, पर झारखंड के लोग हकीकत जान रहे हैं। झारखंड की हेमंत सरकार ने कमल क्लब को बंद करवा दिया। इन्हें कमल फूल से नफरत है, जबकि इसपर मां लक्ष्मी विराजमान होती हैं। कमल क्लब की जगह सिध्दो कान्हो खेल क्लब की स्थापना की घोषणा की, पर हश्र क्या हुआ। इसी तरह छात्र-छात्राओं के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना की घोषणा की गयी, पर कितनों को इसका लाभ मिल सका। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार जनहित के मामलों पर चुप है, जनसवालों से भागती है और राज्य वासियों को केंद्र से बकाए की झूठी बात कहकर भ्रम में डाल रही है। इस साल का बजट भी आगे की बजाय राज्य को पीछे ही ले जाएगा।

## माहुरी समाज महिला एवं बालिका समिति का होली मिलन समारोह आज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** फागुन की मस्ती और रंगों की उमंग में माहुरी समाज की महिलाएं सराबोर होने को तैयार हैं। माहुरी वैश्य महिला एवं बालिका समिति के तत्वावधान में गुरुवार को माहुरी भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। वहीं समिति की अध्यक्ष रेनू बड़गवे और सचिव पूर्णिमा सेठ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन संगीत, नृत्य, हास्य-व्यंग्य और पारंपरिक होली गीतों से सजा रहेगा। रंगों के इस पर्व में महिलाएं मिलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाएंगी और प्रेम व सौहार्द का संदेश देंगी। समिति ने समाज सभी महिलाओं व बालिकाओं से आग्रह किया है कि वे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हों और अपनी संस्कृति को जीवंत बनाए रखें। इस आयोजन का उद्देश्य समाज की महिलाओं और बालिकाओं को एकजुट करना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से जोड़ना है। कार्यक्रम में फाग गीत, लोक संगीत, हंसी-ठिठोली के साथ पारंपरिक व्यंजनों का आनंद भी लिया जाएगा। यह आयोजन न केवल होली के रंगों से सराबोर होगा, बल्कि समाज के आपसी प्रेम और एकता को भी मजबूत करेगा।

## पैंट्री कार में छूट गया लाखों रुपये से भरा बैग, आरपीएफ ने लौटाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** चलती ट्रेन के पैंट्री कार में एक व्यक्ति का लाखों रुपये से भरा बैग कर्मी के बैग से बदल गया। हालांकि समय रहते इसका अहसास होने पर संबंधित यात्री ने रेलवे से मदद की गुहार लगाई। सूचना पर आरपीएफ कोडरमा ने कार्रवाई शुरू की और रुपयों से भरे बैग को सही सलामत बरामद कर लिया। बैग में करीब छह लाख रुपये नकद थे। वहीं इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि मंगलवार को दोपहर दो बजे सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12802 नई दिल्ली पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के पैंट्री कार में एक यात्री का काला पिट्ठू बैग छूट गया है, जिसमें करीब 6 लाख रुपये हैं। सूचना पर कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर उक्त गाड़ी के आगमन पर मेरे नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रधान आरक्षी कमलेश सिंह, महिला सिपाही किरण कुमारी, जीआरपी के अवर निरीक्षक जय कुमार सिंह, सीटीआई कोडरमा बच्चा कुमार तथा टीटीई ज्योति कुमारी द्वारा पैंट्री कार को अटेंड किया गया। इस दौरान उक्त पिट्ठू बैग को बरामद किया गया। जांच करने पर उसके अंदर छोटा हैंड बैग बरामद हुआ, जिसमें 5 लाख 91 हजार 204 रुपये नकद बरामद किया गया। इसी बीच उक्त यात्री से संपर्क कर उन्हें पोस्ट पर बुलाया गया। थोड़ी देर बाद उक्त यात्री पोस्ट पहुंचा, जिन्होंने अपना नाम संतोष कुमार केसरी 47 वर्ष पिता एसपी केसरी निवासी वार्ड नंबर सात थाना मोहनिया जिला कैमूर बिहार बताया। पूछताछ में मामला सही पाये जाने पर पैसे को उक्त यात्री को सौंप दिया गया।

# नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाओ जागरूकता अभियान चलाया

- स्टेशन रोड से पूर्णिमा टॉकीज तक कार्रवाई, लोगों को मिली चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर प्रशासक अंकित गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने अतिक्रमण हटाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत स्टेशन रोड से झंडा चौक होते हुए राजगढ़िया रोड, फ्लाईओवर पुल, सीएच स्कूल रोड और पूर्णिमा टॉकीज तक सड़क के दोनों ओर लगे अवैध ठेले, खोमचे और अस्थायी दुकानों को चिन्हित कर हटाने की चेतावनी दी गई। टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को भी हटाने का निर्देश दिया, साथ ही प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे तुरंत इसका उपयोग बंद करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं नगर परिषद की इंफोर्समेंट टीम ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सिर्फ एक दिन के लिए नहीं है, बल्कि लगातार जारी रहेगा। यदि सरकारी नियमों का पालन नहीं किया गया, तो अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। वहीं नगर प्रशासन का साफ संदेश है कि सड़क, सार्वजनिक स्थल और यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले किसी भी अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के बाद, झंडा चौक से पूर्णिमा टॉकीज तक सड़क किनारे लगे ठेले और खोमचे हटाए गए। वहीं नगर परिषद द्वारा पूर्व में चिन्हित किए गए स्थानों पर इन्हें व्यवस्थित रूप से लगाने का निर्देश दिया गया, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। अभियान में नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता, पर्यवेक्षक, गृह रक्षक के जवान और नवनियुक्त प्रशिक्षु चौकीदार शामिल थे।

# 1992 मैट्रिक पास आउट छात्रों ने जवाहर घाट में मनाया वनभोज

- 33 साल बाद 33 दोस्त वनभोज में हुए शामिल, सहपाठी में दो डॉ.भी रहे उपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** 1992 में मैट्रिक पास हुए सहपाठियों का वनभोज कार्यक्रम का आयोजन जवाहर घाट के मनोरम वादियों के बीच आयोजित की गई। वहीं सुबह की शुरुआत के साथ पिकनिक की भी शुरुआत हुई जो देर शाम तक चलता रहा। सभी पुराने दोस्त एक-दूसरे से मिलकर काफी उत्साहित दिखे। वहीं सभी ने इस आयोजन को काफी सराहा तथा सभी दोस्तों ने आयोजक साथी की भूरि-भूरि प्रसंशा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आज के समय में जहां लोगों के पास समय नहीं है, वहीं आज के दिन समय निकालकर इस आयोजन में शामिल होकर अपना कीमती समय देते हुए पुरानी यादों को ताजा किया है।

इस वनभोज में 33 वर्ष पूर्व मैट्रिक पास 33 सहपाठी शामिल हुए। इस आयोजन में जहां सभी सहपाठियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं कई साथी को बीते दिनों की यादें ताजा करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही कई दोस्त जो अच्छे मुकाम पर पहुचे हैं वे भी शामिल हुए। जिसमें कार्डियो डॉ. सुनील यादव, होमिओपैथी के डॉ. शत्रुंजय कुमार के शामिल होने से वनभोज में चार चांद लग गया।

वहीं वनभोज कार्यक्रम में सभी दोस्तों ने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया।

वहीं कुछ दोस्त इस वनभोज में किसी कारणवश या यहां नहीं होने के कारण शामिल नहीं हो सके, जिसका सभी दोस्तों को कमी महसूस हुई।

मौके पर राजा वर्मा, बबलू पहाड़ी, पंकज भगत, शेखर सोनी, मुरली मोदी, अभिषेक भदानी, नवीन तर्वे, सुदर्शन कुमार, रिंकू सिंह, विशाल कपासिमे, आलोक सिन्हा, राजेश भदानी, अजय शर्मा, अरुण लाल, अमित जैन, मुकेश लोहानी, रितेश दुग्गड़, राजेश साव, पंकज तर्वे, संतोष गोस्वामी, धीरेन्द्र सिन्हा, मनीष कंधवे, प्रमोद यादव, राजीव मुटनेजा, राजेश कसेरा, संजय बर्णवाल, छोटा राजू, रूपेश कुमार, पवन भगत, बुलबुल, विशाल गुप्ता, संतोष सिंह, सूरज शर्मा, विनीत जैन, विकास कपासिमें आदि शामिल थे।

# भारत माला परियोजना की समीक्षा बैठक में भूमि मुआवजे के शीघ्र भुगतान का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में भारत माला परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा और सिमरिया क्षेत्र के अंचल अधिकारियों से परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां ली गईं और आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विवादित भूमि मामलों की रिपोर्ट जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय को शीघ्र भेजी जाए, ताकि उनकी सुनवाई जल्द पूरी हो सके। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने जानकारी दी कि भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि का कुल 157.57 करोड़ रुपये भुगतान किया जाना है, जिसमें से 125.66 करोड़ का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मार्च माह के अंत तक भूमि अधिग्रहण का शेष 100% भुगतान पूरा कर लिया जाए। बैठक में बताया गया कि संरचना मुआवजे के 53 करोड़ में से अब तक 27 करोड़ का भुगतान हो चुका है। उपायुक्त ने शेष राशि का भी मार्च के अंत तक तीव्र गति से भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर लंबित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (एलपीसी) मामलों का निष्पादन कर जिला भू- अर्जन कार्यालय को भेजें। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, एसडीओ जहूर आलम समेत सभी संबंधित अंचल अधिकारी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

## दिल्ली ने हरियाणा और झारखंड ने बिहार को किया पराजित, पहले दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और फिल्म स्टार शत्रुघ्न सिन्हा रहे मौजूद

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मैच का लुफ्त उठाते सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और धीरज प्रसाद साहू।


श्रद्धांजलि देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश।


मैच के दौरान झूमते चीयर्स लीडर्स।

**लोहरदगा।** स्थानीय बी एस कॉलेज स्टेडियम में बुधवार से चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। पहला मैच दिल्ली और हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमें दिल्ली की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 195 रन का स्कोर किया। जवाबी पारी खेलने उतरी हरियाणा की टीम 161 रन बनाकर आल आउट हो गई । दिल्ली ने इस मैच को 34 रनों से जीत लिया। दिल्ली के सौरभ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे मैच में झारखंड की टीम ने बिहार की टीम को 81 रनों से पराजित किया। पहले बैटिंग करते हुए झारखंड की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 186 रन का स्कोर किया । जिसके जवाब में बिहार की टीम मात्र 105 रन ही बना पाई। झारखंड के साहिल को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इससे पूर्व झंडोतोलन कर और स्व शिव प्रसाद साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मैच का आगाज किया गया। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व मंत्री प्रदीप बालमुचू, हर्षित साहू, डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरिश बिन जमा, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, आशीष कुमार, उदय गुप्ता, अमित कुमार, चन्द्रकिशोर प्रसाद, संजय बर्मन, विशाल डुंगडुंग, आकाश कुमार, रोहित ओझा, नितिन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। दूसरे मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा स्टेडियम पहुंचे। जहां उन्होंने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साहू परिवार द्वारा लोहरदगा जैसे जिले में इस तरह का आयोजन करना बड़ी बात है। इस प्रतियोगिता से यहां के स्थानीय युवा खिलाड़ियों को भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है, लेकिन खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेला जाना चाहिए। इससे पूर्व सांसद शत्रुघ्न सिन्हा को डीपी साहू द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### श्री महावीर मंडल समिति महावीर चौक के गौरव बने अध्यक्ष और सचिव रूपेश

गुमला। श्री महावीर मंडल समिति श्री महावीर चौक गुमला की आवश्यक बैठक अध्यक्ष गौरव केशरी (रजत) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष हर्ष केशरी ने पिछले सत्र के आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति देते हुए ध्वनिमत से परित किया। बैठक में महारामनवमी पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने पुरानी समिति को भंग करते हुए हेतु सत्र 2025 हेतु नई समिति का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से गौरव केशरी को पुनः अध्यक्ष चुना गया। राजीव श्रीवास्तव, संजू गुप्ता, राहुल केशरी, कौशल मंत्री को उपाध्यक्ष, रूपेश साहू को सचिव, हर्ष कसेरा, राज जायसवाल, अंकित गुप्ता, प्रशांत केशरी को सह-सचिव, हर्ष केशरी (अमित) को कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रभात केशरी को सह-कोषाध्यक्ष, बल्लू गुप्ता, साकेत कुमार को बाजा प्रभारी, रवि गुप्ता, सुशील पांडु, राजा साहू,राजू भैया को पूजा प्रभारी, हिमांशु कुमार, शिव गुप्ता, अभिषेक डीजे, ऋषभ कुमार, अमित गुप्ता, सूर्या साहू को झांकी प्रभारी, अंकित केशरी को शस्त्र प्रभारी एव अन्य सदस्यों को कार्यकारिणी समिति का सदस्यों मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्यसंरक्षक मनोज केशरी, दामोदर कसेरा, अनिल गुप्ता, दिनेश बैग, मिंटू केशरी, रंजीत सोनी (छोटे),संतोष गुप्ता, संरक्षक उज्जवल केशरी, प्रदीप कसेरा, हिमांशु केशरी, विवेक केशरी, सुधांशु केशरी समेत रामनवमी पूजा समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। अंत में समिति के सक्रिय सदस्य दिवंगत सुमित कुमार के आकस्मिक निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी।

### केंद्र व राज्य सरकार ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान का फैसला करें : विजय सिंह



गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले गुमला कचहरी से पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुमला शहर में पार्टी नेता प्रकाश उरांव व पुष्पा उरांव की संयुक्त नेतृत्व में झंडा बैनर लेकर चेतावनी मार्च निकाली गई तथा उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री झारखंड को जल्द भुगतान सहित तीन सूत्री मांग पत्र सौंपी गई। चेतावनी मार्च में भारी संख्या में शामिल लोगों द्वारा मेहनत का जमा पैसा केंद्र और राज्य सरकार भुगतान करो, मेहनत का जमा पैसा नहीं छोड़ेंगे, सभी ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की शुद्ध समेत भुगतान करना होगा, विकास के नाम पर भ्रष्टाचार नहीं चलेगा, विकलांग, विधवा, वृद्धा जैसे पेंशनधारियों को एकमुश्त पेंशन का भुगतान करो जैसे से नारे लगाए गये। कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार बजट सत्र में ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान का फैसला करें। सिंह ने मेहनत का पैसा जमा करने वालों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की गलती के कारण विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियां लोगों के पैसे लेकर चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी नेता प्रकाश उरांव ने कहा कि राज्य में विकलांग, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन के लाभुकों का पेंशन रोकने का मामला को अन्याय बताया है। महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर महिला समूह को ऋणी बनाकर शुद्धखोरी का काम राज्य में चल रहा है। चेतावनी मार्च में मनी उरांव, शंकर उरांव, फबयानूस सारस, शिवनाथ मुंडा, सहदेव चिक बड़ाईक, बिलफेड तिर्की, लकयूस बाड़ा, लक्ष्मण साहू, संजय प्रसाद, जगन साहू, धनेश्वर सिंह, गोपेश्वर गोप, राजू सिंह, तिलक बैगा, बादल सिंह, निर्मला देवी, टेरेसा मिंज, मोहिनी देवी, मीरा तिग्गा, करिश्मा टोप्पो, सरिता तिर्की, संध्या तिर्की, अनीता मिंज, कुसमा मिंज, कमला देवी, मालती देवी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मामूली विवाद में पति ने की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के जिलिंगसिरा निवासी 25 वर्ष सतनाम उरांव ने घर के अपने कमरे के कंडी में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता मंगल उरांव ने बताया कि दो दिन पूर्व मेरा पुत्र सतनाम एवं उसकी पत्नी में कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद उसकी पत्नी दो दिन पूर्व अपने मां के घर चली गई और वापस नहीं आई। मंगल ने बताया कि जब खेत से मेरी बड़ी बहू दीपरानी ने मंगलवार को शाम 4 बजे घर वापस आई तो देखा की सतनाम उरांव अपने कमरे में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा लिया है। सूचना पर घाघरा पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्ट मार्टम हेतु गुमला सदर हॉस्पिटल भेजा दिया।

### बजरंग दल के सदस्यों ने किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल के तीन कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। जिसमें कमलेश साहू ने ओ पॉजिटिव, सूरज केवट ने ओ पॉजिटिव और प्रदीप सिंह ने ए पॉजिटिव ब्लड रक्तदान किया है। तीनों रक्तदाताओं ने अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता हेतु रक्तदान किया। विहिप के प्रदीप सिंह ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन-चार महीने का अंतराल में रक्तदान करना चाहिए। मौके पर विकास राम, यशराज सिंह, प्रकाश कुमार लैब टेक्नीशियन संगीता कुमारी, अंजू कुमारी मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### जन्मदिन पर रोहित मंत्री ने किया रक्तदान

गुमला। मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सदस्य रोहित मंत्री ने अपने जन्मदिन को खास बनाते हुए ब्लड बैंक में पहुंच कर एक पेशेंट हीरा देवी की जीवन रक्षा हेतु रक्तदान दिया। जिससे महिला की जान बचाई जा सकी। मंच के नटवरलाल अग्रवाल का कहना है कि गुमला में जितने संस्था है उन लोगों से अपील है कि रक्तदान शिविर अवश्य लगाएं। मौके पर मंजू किंडो, रोहित उपस्थित थे।

### योजनाओं का लाभ उठाकर गांव की विकास को तेज कर सकते हैं: मुखिया



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के कातिंग पंचायत भवन में पंचायती समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। बैठक का संचालन पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज ने की। बैठक में वन विभाग के अधिकारी ने भी अपने विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की।

# जमीन विवाद को लेकर नवयुवक संघ ने बनारी में की सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी में बुधवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक घंटे तक नवयुवक संघ के द्वारा सड़क जाम किया गया। इसके बाद अंचलाधिकारी शेखर वर्मा एवं थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के द्वारा लोगों को समझा बुझा कर रोड जाम को हटाया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अशोक उरांव एवं नवयुवक संघ बनारी के विवेक साहू ने अंचल अधिकारी को बताया कि बानारी स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे का जमीन को उदेश्वर पाल सिंह के द्वारा अरविंद साहू को बेच दिया गया है। जबकि यह जमीन मंदिर के जमीन का हिस्सा है। जिसे उनके पूर्वजों के द्वारा दान पत्र के माध्यम से मंदिर को दिया गया है। जिस कारण उक्त जमीन का दाखिल खारिज का आवेदन को कैंसिल करते हुए मंदिर के नाम पर करने का मांग किया। जहां अंचल अधिकारी शेखर वर्मा ने कहा कि दाखिल खारिज एक न्यायिक प्रक्रिया के तहत होता है। इसके लिए अंचल से नोटिस दोनों पक्ष को भेजा गया है। दोनों पक्ष अपना पेपर प्रस्तुत करेंगे और दो-तीन तारीख पड़ने के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत उचित कार्रवाई किया जाएगा। जिसके पक्ष में साक्ष्य होगा उसी के नाम पर दाखिल खरीज किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम हटाया गया। बनारी दुर्गा मंदिर के पीछे का जमीन नागेश्वर पाल सिंह के नाम से दर्ज है उनका बेटा रूपेश्वर पाल सिंह का कहना है कि मेरे पूर्वज के द्वारा मंदिर बनाने के लिए मौखिक रूप से 2 डिसमिल जमीन दिया गया था। जहां मंदिर बना हुआ है। जिसके बाद पुनः नवयुवक संघ के आग्रह पर मंदिर का संचालन के लिए चार दुकान शेड बनाने के लिए जमीन दिया गया ताकि उक्त दुकान का भाड़ा से मंदिर का संचालन हो सके। परंतु अब शेष बचे मेरे जमीन को जबरदस्ती नवयुवक संघ के द्वारा मंदिर के नाम पर हड़पने की साजिश रची जा रही है। जिस कारण मैं उक्त जमीन को अरविंद कुमार साहू को बेच दिया है। इस दरमियान नवयुवक संघ के द्वारा फर्जी दान पत्र भी बनाया गया है। जिसका हस्ताक्षर मेरे पिताजी का हस्ताक्षर से बिल्कुल मैच नहीं करता है। जिसको लेकर मैं कोर्ट में 420 का मुकदमा दायर करूंगा।

**मेरे अचल संपति को हड़पना चाहती है नवयुवक संघ प्रशासन करें मदद**

इधर रुपेश्वर पाल सिंह ने कहा कि मेरे अचल संपत्ति पर बनारी के नवयुवक संघ का नजर लगा हुआ है जिसे वह किसी भी प्रकार धार्मिक रूप देकर हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

## महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की बैठक संपन्न

# बच्चों के परिजनों का आधार करे अपलोड : डीसी गुमला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक बुधवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीसी ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत एवं आधार सत्यापित लाभुकों की संख्या, वजन माप, गृह भ्रमण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषण उपचार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका-सहायिका की रिक्तियों, आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा को अद्यतन करने और सभी बच्चों के परिजनों का आधार कार्ड अपलोड करने का निर्देश दिया। साथ ही वजन मापन की 100% एंट्री सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में सभी प्रखंडों के सीडीपीओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इसके अलावा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थी।

## घाघरा बीडीओ ने पंचायत समिति सदस्यों के साथ की बैठक



**घाघरा।** बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने की। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल, सड़क, आंगनबाड़ी रिपेयर व अन्य कार्य से संबंधित योजना चयन करने की बात बीडीओ द्वारा कही गई। ताकि मूलभूत योजना ली जा सके और ग्रामीणों को उसका लाभ मिल सके। मौके पर उपप्रमुख शिव देवी, बीपीआरओ शंकर साहू, सीमा देवी, पंसस सरवन उरांव, रामरीत उरांव, रिंकू लोहरा सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# गुमला एसपी ने बसिया थाना का किया निरीक्षण

## शंभू सिंह ने की अभिलेख पंजी व संचिकाओं की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह के द्वारा बुधवार को बसिया थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से पूर्व थाना में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक किया तथा सभी को निर्देश दिया गया कि अपने क्षेत्र व बीट से संबंधित सभी जानकारी रखेंगे। रूचि लेकर निगरानी रखेंगे तथा अधिक से अधिक आम सूचनाओं का संकलन करेंगे। निरीक्षण के क्रम में थाना सिरिस्ता में संधारित होने वाले सभी पंजी, अभिलेखों एवं संचिकाओं का अवलोकन किया गया। सभी पंजी व संचिकाओं का रख-रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। सीमावर्ती थाना प्रभारियों के साथ संपर्क स्थापित कर सक्रिय अपराध कर्मियों एवं पीएलएफआई उग्रवादियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान तेज करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। महिलाओं से संबंधित अपराध की रोक-थाम हेतु स्कूल-कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। बसिया थाना परिसर स्थित निमार्णाधीन पुलिस निरीक्षक बसिया अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया। इस दौरान एसडीपीओ बसिया, पुलिस निरीक्षक बसिया अंचल, थाना प्रभारी बसिया व अन्य पदाधिकारियों उपस्थित थे।

## सांसद से मिलकर प्राचार्य ने रखी विद्यालय की समस्या



सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के जोगना में स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना के प्रचार्य द्वारा स्थानीय सांसद से मुलाकात कर विद्यालय की स्थिति से अवगत कराया गया। वही प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर अप्रैल माह में विद्यालय में होने वाले बाल संसद सत्र में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया है। प्रचार्य झा ने संसद को अप्रैल 15 से 30 अप्रैल तक विद्यालय में आने का अनुरोध करते हुए, बच्चो को संसद सत्र की जानकारी साझा कराने की अपील की। सांसद द्वारा प्राचार्य से विद्यालय की शिक्षा और पठन पाठन कि जानकारी ली गई। साथ ही प्रचार्य से विद्यालय के अन्य समस्याओं के बारे में बताने के लिये कहा गया। जिसे प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने कहा कि पठन पाठन कार्य के लिए विद्यालय में दो कमरा की आवश्यकता है। विद्यालय के छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं का पेयजल की समस्या दूर नहीं हो पा रहा है। जिसे सुन संसद भगत ने कहा कि समस्या संज्ञान में आ गया है। उपायुक्त से बात कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।


## भंडरा थाने मे होली को लेकर शांति समिति की बैठक



भंडरा। रंगों का त्योहार होली को लेकर बुधवार को भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार एवं कई गणमान्य लोग ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रतिमा कुमारी एवं सीओ दुर्गा कुमार ने सयुंक्त रूप से किया। जबकि संचालन थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने की। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की। साथ ही शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ कारण बनता है, इसपर प्रशासन विशेष ध्यान दें। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि होली महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मानते हैं। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है। बैठक समाप्त होते ही रंग गुलाल के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस मौके पर किस्सा साहू, मुखिया परमेश्वर महली, ईश्वरी मोहन शर्मा, बालकृष्ण सिंह, मुखिया सुमंती तिग्गा, कईली उरांव, उमेश प्रजापति, मंसूर अंसारी, आफताब आलम, गुलाम मुस्तफा, परवेज मीरदाहा, उमेश साहू, जगजीवन उरांव, मजेबुल आदि उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन को लेकर जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम-2025 से संबंधित जिला समन्वय समिति की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग को विद्यालय स्तर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए समन्वय बनाते हुए लक्ष्य पूर्ण करने, समाज कल्याण विभाग को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर शेष लक्ष्य पूर्ण करने के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के माध्यम से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। कुडू व कैरो प्रखण्ड के छूटे हुए गांवों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दवा खिलाने के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। बैठक में सौ फीसदी दवा खिलाने का कार्यक्रम में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई और शेष लक्ष्य को जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, सभी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# मशरूम व बागवानी कर आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं : रीना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत जिला उद्यान विभाग के द्वारा नगर भवन गुमला में बुधवार को जिला स्तरीय उद्यानिकी, मशरूम, बागवानी फसलों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी व उद्यान पदाधिकारी तमन्ना परवीन ने किया। मौके पर रीना हांसदा ने कहा कि मशरूम व बागवानी कर लोगों अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती कम लागत में करके अच्छी आमदनी हासिल किया जा सकता है। जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ ने कहा कि कृषि क्षंत्र में जिले के महिलाओं का योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में एपीपी निदेशक प्रभाकर, दीपक सिंह, विजय प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के बैनर तले चौथे दिन भी वाहनों का परिचालन ठप

# लोगों की आर्थिक स्थिति खराब, हिंडालको हो रहा है मालामाल: राजीव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धरना पर बैठे संघर्ष समिति के सदस्य।

**घाघरा।** ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के द्वारा विमरला माइंस का परिवहन को रोके जाने के चौथे दिन भी वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा। जिसके कारण बॉक्साइट का ढूलाई पूरी तरह से प्रभावित रहा। आंदोलनकारी लगातार अपने आंदोलन को और तेज करते हुए धरना पर बैठे हुए हैं।

आंदोलन के चौथे दिन समिति के अध्यक्ष राजीव उरांव ने कहा कि हमारा मांग पूरी तरह से समाज के हित में है। आदिवासी बहुल इलाके से पत्थर ले जाने वाली कंपनी मालामाल तो हो रही है। लेकिन हम आदिवासी आज भी नंगे तन रहने को मजबूर है। आर्थिक स्थिति इतनी नीचे गिर गई है कि पौष्टिक भोजन तक करने के लिए पैसा नहीं है। शिक्षा स्वास्थ्य सड़क पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए भीख मांगना पड़ रहा है, जबकि यह हम लोगों को मिलने वाला नैतिक और मौलिक अधिकार है। हिंडालको कंपनी यह मूलभूत सुविधा देने के बजाय हमारे आंदोलन को कुचलने के लिए अपना पूरा ताकत लगा रही है। राजीव उरांव ने कहा है कि आंदोलन को दबाने के बजाय हिंडाल्को को उनके नैतिक कर्तव्यों को याद दिलाने की जरूरत है। समिति के मुख्य संरक्षक शिवकुमार भगत ने कहा कि आंदोलन थमने वाला नहीं है यह जन आंदोलन है व्यक्तिगत फायदे के लिए आज तक आंदोलन होता रहा है। लेकिन यह जनहित का आंदोलन है। इसे ना तो कुचला जा सकता है और न झुकाया जा सकता है। मौके पर बसंत भगत, बीनू राम, सचिन साहू विजय असुर, भोला गोप, पवन माली,सुमंत ठाकुर, रूबेन किंडो, दीपक कुमार यादव, नईमुल खान, फिरू असुर, परमेश्वर असुर, जावेद अंसारी, मजबूर गोप, दाऊद टोपनो, जुगेंद्र महतो, आकाश उरांव, ढालू गोपजेम्स उरांव, गन्दूर भगत, मुकुल भगत, बासदेव उरांव, राजेंद्र असुर, सुनील भगत, सुनीता देवी, महामानिया देवी, अपुन सिंह, बसंत, गन्दूर माली, जसिंता सहित कई लोग मौजूद थे।

# जेएससीए अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट में लोहरदगा को हराकर रांची फाइनल में

## सात मार्च को बोकारो में रांची व जमशेदपुर के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर -23 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में रांची ने लोहरदगा व जमशेदपुर ने वेस्ट सिंहभूम को पराजित किया। सात मार्च को बोकारो में रांची व जमशेदपुर के बीच खिताबी मुकाबला खेला जायेगा। इधर बुधवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में खेले गये सेमीफाइनल में रांची ने लोहरदगा को आठ विकेट से पराजित किया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लोहरदगा की पूरी टीम महज 64 रनों पर ढेर हो गयी। लोहरदगा की ओर से अनिकेत गुप्ता 18, रोनित आर्यन 10 व आदित्य झा ने 10 रनों का योगदान किया। रांची की ओर से शिवम कृष्णा ने 8 ओवरों में 12 रन खर्च कर चार विकेट चटकाए। अमित को दो और राजनदीप व आर्यन राज को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रांची की टीम ने दो विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। टीम की ओर से नकुल ने 33 रनों की नाबाद पारी खेली। सनी सचिन ने 16 रनों का योगदान किया। लोहरदगा के आदित्य व सुमित उरांव को एक-एक विकेट मिला। बेहतरीन गेंदबाजी के बदौलत शिवम मैन ऑफ द मैच बने। टी आर डी ओ अनवर मुस्तफा, सेलेक्टर सुब्रतो घोष, अंपायर ओ पी राय व कांजीलाल ने प्लेयर ऑफ द डे को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मेजबान जिला के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर, विमल, आकाश आनंद, आयुष अग्रवाल, ओम शंकर सिंह, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, शशि प्रकाश, सनी साहू, विनीत नाग सहित अन्य उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चंदवा: मरमर गांव में जंगली हाथी ने वृद्ध को कुचलकर मार डाला

## चंदवा में जंगली हाथियों के झुंड ने गत 3 वर्षों से मचा रखा है तांडव, दर्जनों लोगों की ले चुका है जान

■ वन विभाग की कार्यशैली के प्रति ग्रामीणों में रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में जंगली हाथियों का आतंक व उत्पात चरम पर है। थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के सुदूरवर्ती मरमर गांव में जंगली हाथी ने वृद्ध टकलू गंझू (76वर्ष) पिता रितु गंझू को कुचलकर मार डाला, बताया जाता है कि वृद्ध सोमवार की शाम जंगल की ओर गया था, जिसके बाद वृद्ध वापस नही लौटा, जिसके बाद वृद्ध के परिवार के लोग व ग्रामीण खोज बिन में जुटे थे, इसी दौरान गांव से कुछ दूर जंगल मे बुरी तरह से कुचला हुआ वृद्ध का शव पड़ा मिला, शव मिलने के बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग व चंदवा थाना को दी गयी, जिसके बाद रात्रि में ही प्रशासनिक टीम गांव पहुंची व शव को कब्जे में ले लिया। इस दौरान वन विभाग के द्वारा मृतक के आश्रितों को तत्काल 40 हजार रुपये का सहायता राशि प्रदान की साथ ही कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर प्रावधान के तहत 3 लाख 60 हजार रुपये और प्रदान करने का भरोसा दिया। इधर बुधवार की दोपहर अन्तःप्रेक्षण के पश्चात वृद्ध का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### घटना के बाद वन विभाग के कार्यशैली के प्रति ग्रामीणों में रोष



परिजनों से मिलते मुखिया।



मृतक का फाइल फोटो।

इधर घटना की सूचना के बाद पंचायत के मुखिया जतरु मुंडा मृतक के घर पहुंचे, परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया व अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। मुखिया व ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यशैली के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि गत तीन वर्ष से जंगली हाथियों का झुंड क्षेत्र में कोहराम मचा रखा है। अबतक दर्जनों ग्रामीणों की जान लेने के साथ हजारों किसानों की फसलों एवं सैकड़ो किसानों के घरों को क्षति पहुंचायी है, दूसरी ओर विभाग के कर्मी घटना होने के बाद अपनी खाना पूर्ति कर ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड़ कर चले जाते हैं। मामले को लेकर पूछे जाने पर वन विभाग के वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार महतो ने बताया कि सोमवार की देर शाम जंगली हाथियों का झुंड हेरहंज में था, संभवतः वही झुंड मरमर की ओर आया था, सोमवार की रात में ही वृद्ध को हाथियों ने मारा होगा। मृतक के परिजनों को तत्काल 40,000 विभाग की ओर से दिया गया है, कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रावधान के तहत 3 लाख 60 हजार रुपए की मुआवजा राशि दी जाएगी।

# हाथियों के आतंक से किसान परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड के कुचिला बस्ती में सोमवार की रात जंगली हाथियों ने लगभग दो एकड़ में लगे गेहूं और बटूरा की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। भुक्तभोगी किसान क्यूम अंसारी, शेख मोहम्मद के मकसूद रजा आदि ने बताया कि जंगली हाथियों के भय से पूरा गांव दहशत में है। वन विभाग द्वारा हाथियों को भगाने के लिए सुरक्षा के किसी तरह की प्रबंध नहीं किए गए है। जिस कारण गांव के लोगों में जंगली हाथियों समेत अन्य जानवरों का खतरा बना रहता है। भुक्तभोगी ने बताया कि वन विभाग को सूचना देने के दो दिन बाद भी अब तक हमलोगों की सुध नहीं ली गई है। जिस कारण मुआवजा को लेकर हम किसान परेशान है, लेकिन अभी तक न तो वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा जंगली हाथियों से फसलों को नुकसान का आकलन का मुआवजा दिलाने का प्रयास किया गया और न ही हाथियों को भगाने के लिए कोई प्रयास शुरू किया गया है। किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है।

हांथी किसानों के फसलों को पहुंचा रहे है नुकसान



जंगली हाथियों द्वारा रौंदा गया फसल।

# सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर मिश्रा की स्मृति पर रक्तदान शिविर आज

■ देवनद तट स्थित इक्को पार्क में स्व. प्रभाकर मिश्रा की प्रतिमा का भी होगा अनावरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** देवनद-दामोदर बचाओ अभियान के पलामू संयोजक एवं देवनद दामोदर तट पर इक्को पार्क निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले चंदवा के समाजसेवी रहे स्व. प्रभाकर मिश्रा की पहली पुण्यतिथि पर 6 मार्च गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त रक्तदान शिविर स्थानीय साईं नर्सिंग होम में आयोजित होगी, स्वेच्छिक रक्तदाताओं से गुरूवार को ससमय पहुंचकर रक्तदान की अपील की गयी है। इधर पहली पुण्यतिथि के मौके पर स्थानीय इक्को पार्क प्रांगण में स्व. प्रभाकर मिश्रा की प्रतिमा की स्थापित की जाएगी, इसका अनावरण किया जाएगा। उक्त जानकारी स्व. मिश्रा के परिजनों ने दी है।

# पुलिस ने तीन दिनों के अंदर 53 एकड़ मे लगे पोस्ता खेती को किया नष्ट

■ तीन दिनों के अंदर बालूभांग, श्रीसामाद, बघमरी, सोहेगढ़ा मे लगे 53 एकड़ पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम श्रीसमाद एवं सोहेगढ़ा मे लगातार तीन दिन कार्रवाई कर करीब 53 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता अफीम की फसल को बारियातू पुलिस ने लाठी डंडो व ट्रैक्टर से जूतावा कर नस्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया की बालूभांग पंचायत क्षेत्र के श्रीसमाध, सोहेगढ़ा सहित अन्य क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा अभियान चलाकर



नष्ट करती पुलिस।

अफीम जहरीले खेती को विनिस्ट किया। अफीम पोस्ता नशे की खेती करने वाले किसी हाल से नहीं बख्शे जायेंगे।

दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाती रहेगी। इसके पूर्व भी लगातार कार्रवाई कर पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की देख रेख मे थाना प्रभारी के नेतृत्व मे ग्राम बालूभांग, श्रीसमाद एवं सोहेगढ़ा मे तैयार अफीम फसल को नस्ट किया गया। इस अभियान मे बारियातू थाना के सशास्त्र बल के जवान शामिल थे।

# नयामोड़ फोरलेन किनारे जंगल में लगी आग



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** नयामोड़ फोरलेन सड़क के किनारे जंगल में शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया। देखते ही देखते जंगल के सूखे पत्तों व वनभूमि अतिक्रमित कर बनाई गई दुकानों द्वारा फेंके गए कचड़ों में आग लग गया। आग की उठती लपटों ने उक्त क्षेत्र को काले गुब्बार में तब्दील कर दिया। आग लगने की जानकारी मिलते ही वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी। तत्काल कार्रवाई के तहत वन विभाग द्वारा अग्निशमन यंत्र,क्यूआरटी व वनरक्षियों की टीम को उक्त स्थल भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद टीम द्वारा आग पर काबू पाते हुए जंगल को सुरक्षित करते हुए क्षेत्र का प्रदूषण से बचाव किया गया। आग बुझाने में कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार, क्यूआरटी टीम में संजीत कुमार, रमेश कुमार, सुजल कुमार, लालचंद मांझी, वनरक्षी रंजीत कुशवाहा, नितेश कुमार, रोहित कुमार का सक्रिय योगदान रहा।

# यात्री बस ने एक वृद्ध को रौंदा, घटना स्थल पर ही मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित टीवीएस शोरुम के पास तेज रफ्तार से आ रही द्वीप ज्योति बस जेएच 02 एजी 4783 के चपेट मे आने से असहाय वृद्ध व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान साल्वे पंचायत के ग्राम जबरा धोबीघटवा टोला निवासी कुटु भुईयां उम्र लगभग 75 वर्ष पिता पांड़े भुइयां के रुप में की गई। घटना स्थल प्रदर्शि मृतक की पत्नी सीता देवी व आसपास के स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक व उसकी पत्नी कूटवा भुइयां टीवीएस शोरुम के पास सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान हजारीबागग से डाल्टनगंज जाने वाली द्वीप ज्योति यात्री बस डाल्टेनगंज की ओर जा रही थी। जहां उसे रौंदते हुए बारियातू बस स्टैंड पहुंच गया। स्थानीय लोगो ने बस ड्राईवर को पकड़ा और बारियातू पुलिस को सुचना दिए। सूचना पाते ही बारियातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक के शव को अपने कब्जे मे ले लिया। पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। पुलिस ने यात्री बस को थाना ले गई और अग्रेतर कार्रवाई मे जुट गई है। अचानक इस तरह के हादसे होने से परिजनों मे रोरोकर बूरा हाल हो गया है।



मृतक वृद्ध।

# स्टीव स्मिथ ने वनडे से लिया संन्यास

दुबई। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को एक और झटका लगा है। टूनार्मेंट में आस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ ने वनडे प्रारूप को अलविदा कह दिया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी घोषणा की है। आस्ट्रेलिया को मंगलवार को भारत के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कमान संभाल रहे थे। वह टेस्ट खेलते रहेंगे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में वह काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं।

# नन्ददेव राम को सीआई का प्रभार सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** अंचल सिआई अनिल होरो को बालूमाथ स्थानांतरण होने के बाद तत्कालीन सीआई ने विधिवत नन्ददेव राम को सीआई का प्रभार सौंपा। वहीं नंनदेव राम को सीआई का प्रभार मिलते ही नन्ददेव राम ने कहा की अपने जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक पालन करूँगा। दूर दराज सुदूरवर्ती क्षेत्र से आए हुए ग्रामीणों का कार्य हर संभव निष्पादन किया जायेगा। वहीं संदीप कुमार को हल्का 3-4-8और राजू राम को 06-7 हल्का का प्रभार दिया गया। ज्ञात हो की अनिल होरो का अब तक कार्य सराहनीय रहा। शांत व शालीनता से लगभग डेढ़ से अधिक समय तक कार्य को करने मे अच्छा योगदान रहा। उनके तबादला होने पर अंचल कर्मी सहित कई लोग मायूस दिखे।



प्रभार सौंपते तत्कालीन सीआई।

### लोकहित अधिकार पार्टी (एलएपी) की बैठक द कार्निवाल होटल में संपन्न

# प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में लोकहित अधिकार पार्टी का प्रखंड स्तरीय कमिटि का होगा गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकहित अधिकार पार्टी (एलएपी) की एक बैठक स्थानीय द कार्निवाल होटल में आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक बलराम प्रसाद साहू ने की. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष राजू रंजन प्रसाद, प्रधान महासचिव कुंज बिहारी साव एवं प्रदेश महासचिव अशोक प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद थे.बैठक में संगठन के विस्तार पर लंबी चर्चा की गयी. प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में लोकहित अधिकार पार्टी का प्रखंड स्तरीय कमिटि का गठन किया जायेगा. उन्होने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष राजू रंजन प्रसाद के सहमति से जिला संयोजक बलराम प्रसाद साहू अगले एक सप्ताह में जिला संयोजक मंडली की घोषणा करेगें.जिला संयोजक मंडली के सदस्य अलग-अलग प्रखंडों के प्रभारी होंगे और उन्हें के पर्यवेक्षण में प्रखंड स्तरीय कमिटि का गठन किया जायेगा. उन्होने संगठन हित में एकजुट हो कर कार्य करने की अपील की.बैठक में धर्मेंद्र साह, शंभू प्रसाद, कमलेश कुमार, महेश प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, जनार्दन कुमार, निर्मला देवी, संतोष गुप्ता, नरेश प्रसाद, मथुरा प्रसाद, प्रमोद साव, संजय प्रसाद, मोतीलाल प्रसाद, शत्रुध्न प्रसाद, राजेश प्रसाद, विजय शंकर, प्रकाश मोहन अग्रवाल, सतीश साहू, रंजीत कुमार, कन्हाई प्रसाद, गोपाल प्रसाद व अरविंद साहू आदि मौजूद थे।



### जिला परिवहन पदाधिकारी ने बाल आश्रय गृह पहुंच बच्चो के बीच पाठ्य सामग्री और मिठाईयां का किया वितरण

# डीटीओ कुमार ने कहा समृद्ध लोग भी करे असहायों की मदद

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के केश्वर आहर स्थित बाल आश्रय गृह मे बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद कुमार पहुंचे। और बच्चों के बीच मिठाईयां और पठन पाठन सामग्री का वितरण किया।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आज हमारे बड़े भाई स्व चिरंजीवी कुमार के प्रथम पुण्यतिथि है। उन्हीं के पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच उक्त सामग्रियों का वितरण किया गया।ज्ञात हो कि स्व चिरंजीवी अमेरिका के ओराकल कंपनी के डायरेक्टर के पद पर कार्य करते हुए पिछले वर्ष उनका निधन हो गया था। उनकी सोच थी। असहाय लोगों को कैसे आगे बढ़ाया जाए। ताकि वे भी समाज के साथ मिलकर बढ़ सके। इन्हीं ापनों को पूरा करने के लिए उनके छोटे भाई व डीटीओ सुरेंद्र कुमार निकल पड़े है। और उन्हें जब भी मौका मिलता है। तो असहाय लोगों की मदद मे जुट जाते है। ताकि वे भी मुख्य धारा से जुड़कर अपना जीवन यापन कर सके। उन्होंने समाज के समृद्ध लोगो से अपील करते हुए कहा कि आप सक्षम है। समय समय पर इन स्थानों पर आना चाहिए और जितना संभव हो इन असहायों की मदद करने का प्रयास करे। और इसके लिए दूसरे को भी प्रेरित करे। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार सिन्हा, दिनेश लोहरा, रजनीकांत पांडेय, अभिषेक कुमार, नरेंद्र कुमार यादव, अधीक्षक सुप्रिटेंडेंट शैलेन्द्र कुमार सिंह, समेत बाल आश्रय गृह के कर्मी और दर्जनों बच्चे शामिल थे।



# फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने रामगढ़ में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में किया विशाल ध्वज लोकार्पित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** देशवासियों को प्रतिदिन पूरे गर्व और सम्मान से राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार दिलाने वाले कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद, जाने-माने उद्योगपति और नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाले फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने रामगढ़ में शनिवार को देश की सबसे पुरानी रेजीमेंट पंजाब रेजीमेंट के 110वें स्थापना दिवस समारोह में 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लोकार्पित किया। इस अवसर पर फ्लैग फाउंडेशन के मुख्य कार्याधिकारी मेजर जनरल अशीम कोहली (अवकाश प्राप्त) ने ध्वज फहराया और आह्वान किया कि देशवासी तिरंगे से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा लें। इस अवसर पर पंजाब रेजीमेंट के ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने कहा कि फ्लैग फाउंडेशन देश के कोने-कोने में पूरे समर्पण भाव के साथ देशभक्ति की अलख जगा रहा है। गौरतलब है कि देश को अनेक जनरल देने वाले पंजाब रेजीमेंट ने न सिर्फ राष्ट्र की सुरक्षा बल्कि विश्व शांति में भी अभूतपूर्व योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत यह रेजीमेंट गाजा, अंगोला, लेबनान, कांगो जैसे देशों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिस पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है। पंजाब रेजीमेंट की बटालियन की कुल संख्या 21 है। इस रेजीमेंट को 53 युद्ध सम्मान प्राप्त हैं, जिसमें स्वतंत्रता के उपरांत 10 विशेष सम्मान भी शामिल है, जैसे कि जोजिला, बडोरी तथा लोंगेवाला युद्ध सम्मान। भारत की आजादी के बाद इस रेजीमेंट को कुल 2329 सम्मान तथा पुरस्कार मिले हैं। विशाल ध्वज लोकार्पण के अवसर पर अपने संबोधन में मेजर जनरल अशीम कोहली (अवकाशप्राप्त) ने कहा कि, ह्लभारतीय राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्र की एकता का सर्वोच्च प्रतीक है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ह्लहर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगाह्व मिशन के साथ राष्ट्रीय ध्वज में निहित संदेश को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की स्थापना सोसायटी पंजीकरण अधिनियम-1980 के तहत की गई है। नवीन जिन्दल के एक दशक लंबे कानूनी संघर्ष के परिणामस्वरूप सर्वोच्च न्यायालय ने 23 जनवरी 2004 को फैसला सुनाया कि वर्ष के 365 दिन राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। नवीन जिन्दल कहते हैं कि तिरंगा हर भारतीय के लिए प्रेरणा का सर्वोच्च प्रतीक है। यह वास्तव में हमारी मातृभूमि के लिए गर्व और सम्मान की सच्ची अभिव्यक्ति है। इस भावना के प्रचार-प्रसार एवं राष्ट्रीय ध्वज से प्रेरणा लेकर देश की भलाई का कार्य करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया विभिन्न परियोजनाएं चला रहा है। इस मौके पर जेएसपी-पतरातू के प्लांट हेड सत्येंन्द्र सिंह, ग्रुप सीएसआर प्रमुख प्रशांत होता समेत कई अधिकारी भी उपस्थित थे।

# वन विभाग अपने कार्य में दिखाएं पारदर्शिता: सुरेंद्र



**मनिका।** मनिका प्रखंड के वरिष्ठ समाजसेवी सह कांग्रेस लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने वन विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों में पारदर्शिता रखने का मांग किया है। वहीं श्री पासवान ने कहा कि केंद्रीय राज्य सरकार का कोई भी योजना होता है तो उसका सारा जानकारी ऑनलाइन में पूरी तरह से दिखाई देता है लेकिन वन विभाग ही ऐसा है जिसका योजना का कोई भी जानकारी आम-आवाम को नहीं मिल पाता है। साथ ही श्री पासवान ने जिला के उपायुक्त व जिला वन विभाग अधिकारी से मांग किया है कि वन विभाग से हो रहे कार्यों में पारदर्शिता लाई जाए। वहीं नतबेलवा ग्राम निवासी रामसुंदर यादव के साथ वन कर्मी द्वारा फसल बर्बाद करने का मामला में प्रतिनिधि मंडल ने वन विभाग कर्मी से मिल कर बात किए। मौके पर झारखंड वन अधिकार मंच के प्रमंडलीय संयोजक जितेंद्र सिंह, मनरेगा सहायता केंद्र के श्यामा सिंह, वन अधिकार समिति के भूखन सिंह, रामसुंदर यादव उपस्थित थे।

# बोकारो : गैस यूटिलिटी विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के गैस यूटिलिटी विभाग में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 के अवसर पर कार्यस्थल सुरक्षा और दुर्घटना निवारण पर विशेष जोर देते हुए सुरक्षा मार्च का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व जीएम गैस यूटिलिटी विनीत कुमार शर्मा ने किया।

इस वर्ष की राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम -सुरक्षा और कल्याण: विकसित भारत के लिए अनिवार्य के अनुरूप इस आयोजन का उद्देश्य सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्रोत्साहित करना और उच्च जोखिम वाले परिचालन क्षेत्रों में समग्र कल्याण को सुदृढ़ करना था। सुरक्षा मार्च के दौरान कर्मियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सुरक्षा जागरूकता संबंधी संदेश प्रसारित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएम शर्मा ने औद्योगिक संचालन में सक्रिय सुरक्षा उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया। एजीएम ऑपरेशन्स कृष्ण चंद्र पात्र ने विभाग में सुरक्षा प्रोटोकॉल के निरंतर उन्नयन और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने पर बल दिया। सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने कार्यस्थल पर जोखिम की पहचान और न्यूनीकरण के महत्व को रेखांकित किया।

मौके पर एजीएम एस डब्ल्यू किस्पोट्टा प्रबंधक अमन कुमार मिश्रा सहायक प्रबंधक मनीष स्नेही सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ किया गया।

# छेड़खानी व छिनतई के आरोपी को पुलिस पर भगाने का अरोप लगा ग्रामीणों ने की सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिले के हंसडीहा में छेड़खानी, छिनतई और मारपीट के आरोपी की पुलिस अभिरक्षा से भाग जाने के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपी को भागने का आरोप लगा करीब छह घंटे तक सड़क जाम रखा। जाम की वजह से हंसडीहा में सड़क के चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब दो हजार से ज्यादा वाहन जाम की वजह से छह घंटे तक सड़क पर जहां तहां खड़ी रही। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के बनहेती गांव के लोग हंसडीहा चर्च प्रार्थना के लिए जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी पगवारा गांव निवासी मिथलेश दास निमार्णाधीन पानी टंकी के समीप सुनसान जगह को देख आने जाने वाले आदिवासियों से जबरन पैसे की मांग कर उनसे मारपीट और महिलाओं के साथ छेड़खानी कर रहे थे। मिथलेश के ऊपर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसकी वजह से ग्रामीण काफी भयभीत थे। छेड़खानी, पैसे की छिनतई और मारपीट की खबर जब गांव वालों तक पहुंची तो लोग आक्रोशित हो गए और घटना स्थल पर पहुंच दौरा कर आरोपी को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी को पूछताछ के लिए हंसडीहा थाना लेकर पहुंची। इसी बीच कुछ ही देर बाद आरोपी पुलिस को चकमा दे थाना परिसर से भाग निकला। आरोपी के थाना से भागने की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली लोग आक्रोशित हो गए और हंसडीहा में सड़क को चारों दिशाओं से जाम कर दिया।

करीब छह घंटे बाद थाना प्रभारी प्रकाश सिंह के समझाने बुझाने और 24 घंटे के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद लोग सड़क से हटे। इस दौरान सर्कल इंस्पेक्टर विशुन देव पासवान, सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद, रामगढ़ प्रभारी मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल हंसडीहा पहुंच स्थिति को संभालते हुए दिखे।

स्पीड न्यूज

## बोकारो : राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कृतिका का चयन



बोकारो। वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की प्रतिभाशाली युवा तीरंदाज कृतिका कुमारी ने 14वीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में स्थान प्राप्त कर एक बार फिर अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट 23 से 29 मार्च, 2025 तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित किया जाएगा। सियालजोरी गांव की 14 वर्षीय कक्षा 9 की छात्रा कृतिका ने 23 फरवरी, 2025 को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड टीम में अपना स्थान प्राप्त किया। कृतिका ने पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।कंपनी के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कृतिका की उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव करते हुए कहा कि हम युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चमकने के लिए सर्वोत्तम संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## दिनेश सिंह ने 32 हजार रुपये लौटाकर मानवता की मिसाल पेश की



बेरमो। जहां एक ओर लूटपाट चोरी लूटपाट जैसी घटनाएं दिनों दिन देखने को मिल रही हैं। वहीं दूसरी ओर फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शास्त्रीनगर निवासी सह आरसीएम वंडर वर्ल्ड प्रोपराइटर दिनेश सिंह के बीओआई बेरमो खाते में शारदा कॉलोनी निवासी गुरू दयाल लहरे का 32 हजार रूपए आ गए, तो दिनेश सिंह ने बैंक के मैनेजर सुमित प्रकाश को इसकी जानकारी दी। फोन से बुलाकर दिनेश सिंह ने बैंक मैनेजर के सामने गुरूदयाल लहरे को चेक के माध्यम से 32 हजार रुपए लौटा कर मानवता और ईमानदारी की मिसाल पेश की। दिनेश सिंह की ईमानदारी की सभी लोगो ने प्रशंसा की व धन्यवाद दिया। बैंक मे मौजूद प्रतिष्ठित व्यवसाई लाल सिंह ने दिनेश सिंह के इस नेक कार्य की सराहना की है।

## सीसीएल से सेवानिवृत सिनियर ओवरमैन को दी गयी विदाई



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र अंतर्गत ढ़ोरी खास भूमिगत खदान से सेवानिवृत्त सिनियर ओवरमैन तुलसी प्रसाद महतो को बुधवार को ढोरी खास परिसर मे सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। यहां अधिकारीगण और इनमोसा के पदाधिकारियों व सहकर्मियो ने महतो को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। पीओ रंजीत कुमार ने सेवानिवृत्त तुलसी महतो को उपहार देकर तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। कहा कि महतो ने कंपनी की तरक्की में अपना बेहतर योगदान दिया है। उन्होने अपने जीवन का आधा समय कंपनी की सेवा में लगाया है। कहा कि इनकी कमी हमेशा खलेगी।

# दुमका : डायन-बिसाही हत्याकांड में दो महिला समेत सात गिरफ्तार, गये जेल

- गिरफ्तार आरोपियों के साथ दो छोटे-छोट बच्चे को भी जाना पड़ा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में मंगलवार को डायन के संदेह में महिला की पिटाई के दौरान बीच बचाव में आए पुत्र नरेश राणा की पोल में बांधकर हत्या करने वाले और उसके पिता बथन राणा को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपी के साथ दो छोटे बच्चे भी हैं। जेल जाने वालों में पिता दीपक मड़ैया, बेटे गुलाब मड़ैया, लालाबाबू मड़ैया उर्फ चुन्नु, बब्लू मड़ैया, रवि मड़ैया, बहु अनीता देवी और अंजली देवी शामिल है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मृतक नरेश राणा की पत्नी किनयती देवी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने रात को आरोपियों के घर पर दबिश दी। उस समय सभी नामजद आरोपी घर में थी।

पुलिस को देखकर सभी ने आरोपी युवकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। पिता समेत पांचों व्यक्ति के अलावा हत्याकांड में शामिल घर की दो महिलाओं को भी पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। दोनों महिलाओं के साथ उनके छोटे-बच्चे भी है। हलांकि दीपक मड़ैया की पत्नी पुलिस की पकड़ से बच निकलने में सफल रही।

पुलिस हत्या में प्रयुक्त लोहे की छड़ आदि को जब्त कर लिया है। मुख्य आरोपी गुलाब मड़ैया ने पुलिस को बताया कि नरेश राणा की मां चुड़की देवी की वजह से उनके पिता दीपक मड़ैया उर्फ दीबू की तबीयत खराब रहती थी। चुड़की डायन है और उसने ही पिता पर कुछ कर दिया है। जिस कारण उनकी तबीयत खराब रहती है। इस बात को लेकर दोनों परिवार में कहांसुनी चल रही थी।

मंगलवार को चुड़की को समझने के लिए घर गए तो परिवार के लोग उलझ गए। गुस्से में आकर चुड़की देवी की पिटाई कर रहे थे। तभी नरेश और उसका पिता गाली-गलौज करने लगा। गुस्से में आकर दोनों की पिटाई कर दी। वहीं पुलिस का कहना है कि डायन-बिसाही के संदेह में ही वारदात को अंजाम दिया गया है। कुल आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है। जिसमें एक महिला अभी भी फरार है।

उसकी तलाश की जा रही है। जिन दो महिला की गिरफ्तार हुई है उनके दो बच्चे हैं। घर में अब कोई देखभाल करने वाला नहीं बचा है। इसलिए मां के साथ बच्चों को भी जेल भेजा गया है।

## पीड़ित परिवारवालों से मिलने पहुंचे डालसा सचिव

दुमका। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र पकड़िया गांव में घटित घटना को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्द्धरियावी ने प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा को पीड़ित परिवार को तत्काल विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से दिशा निर्देश दिए। निर्देश का पालन करते हुए सचिव ने पीड़ित परिवार को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्काल लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पारा लीगल वोलेंटियर की टीम के साथ फूलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। पूरी घटना की जानकारी लेते हुए डालसा द्वारा प्रदान की किए जाने वाली विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान किया। मौके पर सदर बीडीओ उमेश मंडल भी उपस्थित थे। पीड़िता के परिजनों ने पीएलबी के माध्यम से डालसा सचिव को विधिक सहायता एवं मुआवजा राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन भी दिया।

# बेरमो : डीटीओ ने माईंस का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो-ढोरी पर क्षेत्र के ए ए डी ओ सी एम माइंस का निरीक्षण डीटीओ चंद्रशेखर तिवारी ने किया। माईस स्थित शिशा के महल और भी पॉइंट पॉइंट में जाकर माइंस का निरीक्षण किए और ऑटसोर्सिग में लगे बीआरआर कंपनी के मशीनों को देखकर कहा कि मशीन बढ़िया काम कर रही है। वहीं सीसीएल के अधिकारी को कोयला उत्पादन का विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओबी हटाने के बाद यहां कोयला का अपार भंडार है। कोयला उत्पादन में सभी वर्कर की सुरक्षा अति आवश्यक है, सभी अधिकारी इसे प्रमुखता से ले। मौके पर ढोरी जीएम रंजय सिन्हा, पीओ राजीव कुमार सिंह, जीएम पर्सनल मनोज कुमार पाठक, एरिया सेल्स ऑफिसर राजेश कुमार गुप्ता, डिस्पैच ऑफिसर विवेक कुमार सिंह, पर्सनल अभिषेक कुमार सिंहा, संतोष कुमार, अरुण कुमार सिंहा, एस ओ ई एंड एम गौतम मोहंती, पीई एक्सभेशष, सुभाष चंद्र सिंहा, डीवाई मनेजर ज्ञानदीप कुमार, खान प्रबंधक मुनिनाथ सिंह, कुणाल सिंह, पिंटू सिंह, एन के पांडेय आदि मौजूद थे।

# बेरमो : नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत, मायके वालों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो/फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के बालुबैंकर में 19 वर्षीय नवविवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में शव उसके ससुराल के क्वार्टर में मिला। घटना की खबर पाकर परिजन एवं पड़ोसी भी पहुंचे। साथ ही इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दिया गया। बेरमो थाना के एसआई ननका उरॉव, जोसेफ तिर्की, मो साजिद असांरी, एएसआई लक्ष्मण चौधरी, महिला थाना एएसआई रोजमेरी मस्सी कुर्ती, आरक्षित रहमत असांरी, नेमन तिग्गा, रोबिन हॉसदा घटनास्थल पर पहुंचे। मृतका को अचेत अवस्था में पाया। मृतका पूनम देवी के पिता बिनोद गिरि के आरोप पर मृतका के पति राहुल कुमार को हिरासत में ले लिया एवं पूछताछ के लिए थाने ले गयी। साथ ही उनके परिजनो से पूछताछ की। इधर मृतका की सास कविता देवी ने बताया कि अपना ससुराल चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कुरकनालो है जो वर्तमान में लगभग दस वर्षों से बालुबैंकर स्थित कर्वाटर में रहकर रोजी रोजगार कर परिवार का भरण-पोषण करती हूं। पति बासुदेव गिरी एवं पुत्र राहुल कुमार मजदूरी का काम करते है। अपने पुत्र राहुल कुमार का विवाह पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के हरलाडीह बस्ती निवासी बिनोद गिरी की बडी पुत्री पूनम कुमारी से 12 जूलाई 2024 में करायी थी। मृतका पूनम पांच बहनों में सबसे बडी थी। मंगलवार की शाम पूनम अपने कमरे में दरवाजा बंद कर सो गयी, देर रात खाना खाने के लिए उठाने का प्रयास किया तो नही उठी। इसपर अपने पुत्र को बुलवाया। वह भी दरवाजा खोलवाने का प्रयास किया मगर दरवाजा नही खुला। इसके पश्चात घर के पीछे की ओर से कमरे में गया तो वह अचेत अवस्था में मिली। वह खटीया से गमछा फसाकर वैसुध नजर आयी। तुरंत गमछा को हटाकर देखने लगे तो पता चला की उसकी मौत हो गयी है। पूनम किस कारण से ऐसा कदम उठायी इसकी जानकारी नही है। इधर जानकारी पाकर मृतका के पिता बिनोद गिरी एवं उनके परिजन पहुंचे। मृतका के पिता बिनोद गिरी समेत मायके वाले ससुराल के परिजनो पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया। साथ ही बेरमो पुलिस को आवेदन देकर दोषियो पर कडी कारवायी करने की मांग किया। बेरमो पुलिस ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में कार्रवाई करेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# डीवीसी चंद्रपुरा में 54वां राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ


खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड अंतगर्त दामोदर घाटी निगम डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में 54वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा एवं वरिष्ठ महाप्रबंधक अभिजीत घोष ने डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को संरक्षा की शपथ दिलाई। 4 से 11 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन तेजस भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में किया गया। इस दौरान परियोजना प्रधान और संदेश भी वितरित किया गया। जिसमें संरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। परियोजना प्रधान ने अपने संदेश में कहा कि संरक्षा केवल कार्य स्थल तक समिति नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण है डीवीसी अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और देश के नागरिकों की संरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए सतत प्रयासरत है। उन्होंने सभी से अपील की हर कार्य शुरू करने से पहले संरक्षा को प्राथमिकता दे। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपनी और अपने सहकर्मियों की संरक्षा कार्यस्थल पर संरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करेंगे। देश की प्रगति में योगदान देते हुए संरक्षित भारत के निर्माण में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक डीसी पांडे, आरके चौबे व अन्य उपस्थित रहे।

# बोकारो : डालमिया भारत फाउंडेशन ने सॉफ्ट टॉय बनाने का दिया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीबीएल की सीएसआर शाखा डालमिया भारत फाउंडेशन ने ग्रामीण आजीविका प्रशिक्षण संस्थान बोकारो के साथ मिलकर गोड़ाबली नॉर्थ पंचायत भवन में 13 दिन का सॉफ्ट टॉय बनाने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को हस्तकला कौशल सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस प्रशिक्षण में कुल 35 महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। समारोह में डीसीबीएल बोकारो के यूनिट हेड सुनील कुमार के भुसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही आरसेटी बोकारो के निदेशक सुमन प्रभात एक्का और गोड़ाबली नॉर्थ पंचायत के मुखिया बलेश्वर सिंह राठौर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अलावा डीसीबीएल बोकारो के प्रगति क्लब के सभी सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और प्रशिक्षार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को लेकर सुनील भुसारी ने कहा कि डालमिया भारत ग्रामीण समुदायों को कौशल-आधारित प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक नजर में

## बेरमो : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को लेकर सीसीएल सीकेएस की बैठक संपन्न



बेरमो। बुधवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य सीसीएल रवींद्र कुमार मिश्रा तथा भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला संगठन मंत्री संत सिंह उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक तथा सदस्यता विस्तार,कामगारों के ज्वलंत समस्याओं सहित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 को धूमधाम से महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में मनाया जाएगा। मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि आज हमलोग बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए की सीसीएल सीकेएस ढोरी द्वारा प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी अंतराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम के साथ से 9 मार्च को संगठन द्वारा मनाया जाएगा। बैठक में शाहनवाज खान,अजय सिंह, प्रतोष कुमार राय, अरबिन्द ठाकुर, राजेश पासवान, प्रमोद कुमार गौतम, सुधीर मुखर्जी, सोमनाथ मिश्रा, भुनेश्वर, संदीप उरांव, प्रेमलता देवी, सुजाता मुखर्जी, सुमिति कुमारी, ज्योति कुमारी, उर्मिला देवी, इंडिया देवी, सीमा, लखि बाला देवी, लक्ष्मी देवी, अंजली, सरिता आदि उपस्थित रहे।

## बोकारो सेक्टर-2डी स्थित श्यामा माई मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ



बोकारो। नगर के सेक्टर-2 डी स्थित श्यामा माई मंदिर प्रांगण में मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट के तत्वाधान में भव्य कलश यात्रा के साथ सात-दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा रसवृष्टि सह होली महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके लिए भागवत भास्कर श्री कृष्ण चन्द्र शास्त्री जी महाराज के कृपापात्र शिष्य गोविन्द कृष्ण शास्त्री जी श्रीधाम वृन्दावन मथुरा से अपने सहयोगियों के साथ पधार चुके हैं। सुबह भक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकाली जो सेक्टर-2 स्थित शिव मंदिर के कुएं से शुद्ध जल लेकर सभी मंदिरों की परिक्रमा करते हुए श्यामा मंदिर पहुंचे। यज्ञ के प्रधान यजमान गोविंद मिश्र मंजू मिश्र श्यामानंद मिश्र इंदु मिश्र मैथिली कला मंच के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर प गोविन्द झा सुशील कुमार झा ममता सिंह वीणा देवी साधना चौधरी रागिनी सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे। 10 मार्च तक आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में गोविंद कृष्ण शास्त्री जी प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से संध्या सात बजे तक श्रद्धालुओं को संगीतमय भागवत कथा का रसपान कराएंगे। 11 मार्च को प्रातः 9 बजे पूर्णाहुति होगी। मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर ने नगर वासियों से सपरिवार इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

## दुमका : एएन कॉलेज में छात्रों के आयोजित हुई भाषण समेत अन्य विभिन्न प्रतियोगिता



दुमका। एएन कॉलेज में प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के निर्देश पर इको क्लब, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में इंटर कॉलेज स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को हुआ। प्रतियोगिता भाषण, निबंध लेखन एवं चित्रकारी का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में एएन कॉलेज, एसपी महिला कॉलेज एवं शिकारीपाड़ा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष, इको क्लब के कोऑर्डिनेटर एवं झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड के सदस्य डॉ अमर नाथ सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। इस अवसर पर डॉ सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के दौरान एसपी. कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा सामुएल किस्कू ने छात्र-छात्राओं को जैव विविधता संरक्षण के विभिन्न पहलुओं से रूबरू कराया। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार गोराई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सफल प्रतिभागियों को मार्च माह के अंतिम सप्ताह में झारखंड बायोडाइवर्सिटी बोर्ड के सौजन्य से आयोजित होने वाले एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर निर्णायक मंडली के सदस्य के रूप में डॉ अमरकांत पोद्दार, प्रो कुमार मनोज, उज्जवल कुमार सिंह एवं प्रतिभागियों में नीरज, समायरा, अंशिका, अर्पिता, निशा, अनुप्रिया, शिवम, रणवीर, आयशा, खुशी, मोही, आरती, मोनाली, बिट्टू, पूजा, मीरू, आकाश एवं अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पी एम श्री +2 उच्च विद्यालय के शिक्षक ने किया कसमार टोला भ्रमण



बोकारो। पी एम श्री +2 उच्च विद्यालय कसमार के शंख हाउस समन्वयक डॉ अवनीश कुमार झा ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट टोला टैगिंग गतिविधि के तहत कसमार टोला का भ्रमण किया। डॉ झा ने भ्रमण के दौरान विद्यालय के दर्जनों वर्तमान एवं पूर्व छात्रों से भेंट की एवं सभी छात्रों को नियमित विद्यालय आने को प्रेरित किया। शिक्षक ने पूर्व छात्रों को दो-दो पड़ोसी छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने हेतु प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्रों से लक्ष्य बनाकर उसी के अनुरूप कर्तव्य का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने शिक्षक डॉ झा को नियमित विद्यालय आने एवं लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का भरोसा दिया। मौके पर डॉ अवनीश ने सभी विद्यार्थियों से मोबाइल का उचित इस्तेमाल करने की सलाह दी क्योंकि मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इस अवसर पर चंद्रशेखर महतो मनीष कुमार महतो सरोज कुमार महतो रमाकांत महतो दुबराज महतो रंजन कुमार राजकुमार महतो समेत अन्य छात्र एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## 17 किसानों का पहला किस्त मिला, शेष राशि के भुगतान हेतु डीसी को लिखा पत्र

बोकारो/ कसमार। कसमार प्रखंड के धान अधिप्राप्ति केंद्र हिसीम पैक्स को 17 किसानों ने 1370 क्विंटल धान दिया जिसकी कीमत 32 लाख 90 हजार 304 रुपये के पहले किस्त स्वरूप आधा भुगतान किया गया है। शेष आधा राशि शीघ्र भुगतान कराने की मांग को लेकर किसानों ने बोकारो डीसी को पत्र लिखा है। सम्बंधित विभाग के अधिकारी व हिसीम पैक्स के संचालक, किसानों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे है। हिसीम पैक्स में धान देने वाले किसान मनीष गौतम का 180 क्विंटल धान की राशि 4 लाख 32 हजार रुपये होता है उसी तरह से कुमार गौरव का 112 क्विंटल धान की राशि 2लाख 68 हजार 800 सौ रुपए अनिता जायसवाल का 150 क्विंटल धान की राशि तीन लाख 60 हजार किसान अशोक कुमार जायसवाल का 120 क्विंटल धान की राशि दो लाख 88 हजार रुपये शंकर साव का 21 क्विंटल धान की राशि 50 हजार 400सौ पंचम देवी का 78 क्विंटल धान की राशि 1लाख 80हजार रुपए अनिमेश चक्रवर्ती का 40 किवंटल धान का 96 हजार अमूल्य जायसवाल का 32 क्विंटल धान का 76 हजार 800 सौ रुपए सुधाकर चक्रवर्ती का 32 क्विंटल धान 76 हजार 800 सौ रुपए विनोद महतो का 85 क्विंटल धान 2लाख 4हजार रुपए वीणा जायसवाल का 125 क्विंटल धान 3 लाख रुपए रामजीवन चक्रवर्ती का 97 क्विंटल धान की राशि 2लाख 32हजार 800सौ रुपए प्रीति कुमारी का 170 क्विंटल धान की राशि 4लाख 8हजार रुपए विकास महतो का 23.1 क्विंटल धान की राशि 55 हजार 440 रुपए मुकुंद महतो का 12.86 क्विंटल धान की राशि 30 हजार 864 रुपए झरीराम महतो का 16 क्विंटल धान की राशि 38 हजार 400 सौ रुपए श्वेता देवी की 80 क्विंटल धान की राशि 1 लाख 92 हजार रुपए होता है।

## छाचेसं ने बैठक कर 9 मार्च को होली मिलन समारोह मनाने का लिया निर्णय



दुमका। छात्र चेतना संगठन नगर इकाई की बैठक स्थानीय संगठन कार्यालय में बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकर्ता राकेश मिश्रा ने की। बैठक में होली मिलन समारोह आयोजन को लेकर रणनीति तैयार की गई। वहीं 27वे स्थापना दिवस के सफल संचालन में शामिल कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया गया। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी राजीव मिश्रा ने संगठन के मजबूती पर जोर डालते हुए आगामी कार्यक्रम की रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि होली के बाद जिला के सभी प्रखंड समिति का पुर्नगठन होगा। जिससे नए कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का मौका मिलगा। होली मिलन समारोह के सफल संचालन के लिए टीम गठित किया गया। जिसमें से शशि कसेरा को कार्यक्रम प्रभारी, सुधांशु को कार्यक्रम प्रमुख, अमित को कार्यक्रम सह प्रमुख, विनायक को कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख एवं कार्यक्रम सह प्रमुख आर्यन को बनाया गया। कार्यक्रम मीडिया प्रभारी पीयूष एवं निखिल को कार्यक्रम मीडिया सह प्रभारी बनाया गया। बैठक का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# 2 अप्रैल से भारत व चीन पर जवाबी टैरिफ लगायेगा अमेरिका

एजेंसी

**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन सहित अन्य देशों द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने की आलोचना की और इसे बेहद अनुचित करार दिया। ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अगले महीने से जवाबी शुल्क लगाए जाएंगे। राष्ट्रपति ने जवाबी शुल्क को लेकर अपना पक्ष रखा और कहा कि ये दो अप्रैल से लगाए जाएंगे। वह अन्य देशों से आयात पर वही शुल्क लगाना चाहते हैं, जो वे देश अमेरिका से होने वाले निर्यात पर लगाते हैं। ट्रंप ने मंगलवार रात कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अन्य देशों ने

- **अन्य देशों से आयात पर वही शुल्क लगायेंगे, जो अमेरिका से होने वाले निर्यात पर लगाते हैं : ट्रंप**
- **हमसे 100 % से अधिक ऑटो शुल्क वसूलता है भारत**

दशकों से हमारे खिलाफ शुल्क लगाए हैं और अब हमारी बारी है कि हम उन देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल करें। यूरोपीय संघ (ईयू), चीन, ब्राजील, भारत, मेक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है। ऐसे अनेक देश हैं जो हमारी तुलना में हमसे बहुत अधिक शुल्क वसूलते हैं। यह बिल्कुल अनुचित है। व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में कांग्रेस को पहली बार संबोधित करते हुए



राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो शुल्क वसूलता है। फरवरी में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन जल्द भारत और चीन जैसे देशों पर जवाबी शुल्क लगाएगा, उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भी यह कहा था। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत को अमेरिका के जवाबी शुल्क से नहीं बख्शा जाएगा और इस बात पर जोर दिया कि शुल्क संरचना पर कोई भी उनसे बहस नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पादों पर चीन का औसत शुल्क दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत शुल्क चार गुना ज्यादा है। जरा सोचिए, चार गुना ज्यादा और हम दक्षिण कोरिया को सैन्य रूप से तथा कई अन्य तरीकों से इतनी मदद देते हैं। लेकिन यही होता है। यह दोस्त और दुश्मन दोनों की तरफ से हो रहा है। यह प्रणाली अमेरिका के लिए उचित नहीं है।

## अमरिका युद्ध चाहता है तो हम अंत तक लड़ेंगे : चीन

**वाशिंगटन।** चीन ने कहा है कि अगर अमरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार है। अमरिका में चीन के दूतावास ने अमरीका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाए जाने के संदर्भ में अमरिका के निर्णय की आलोचना की थी।

प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा कि फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है।

## जेलेंस्की फिर से शांति वार्ता में शामिल होने के लिए तैयार है : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि मंगलवार को उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसमें स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए वार्ता में फिर से शामिल होने के लिए यूक्रेन की तत्परता व्यक्त की गई है। ट्रंप ने कांग्रेस में कहा कि आज पहले, मुझे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से एक महत्वपूर्ण पत्र मिला। पत्र में लिखा है कि यूक्रेन स्थायी शांति लाने के लिए जितनी जल्दी हो सके बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नहीं चाहता... मेरी टीम और मैं स्थायी शांति पाने के लिए ट्रंप के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं।

## स्पीड न्यूज

### यमुना के पानी का रंग बदलेंगे : परवेश

नयी दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने बुधवार को कहा कि यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर है और तीन साल में यमुना के पानी का रंग बदलकर दिखायेंगे। श्री सिंह ने यमुना की सफाई अभियान का निरीक्षण किया और दावा किया कि जल्द ही यमुना नदी में बदलाव देखने को मिलेगा और तीन साल में इसके पानी के रंग को बदलकर दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि यमुना में गिरने वाले सारे नालों के ऊपर लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता को बढाया जाएगा और नये लगाये जाएंगे।

### बेंगलुरु में 12.56 करोड़ का 14 किलो सोना जब्त

**नयी दिल्ली।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण अभियान में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14.. किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें ले जा रही एक महिला यात्री को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर 33 वर्षीया एक भारतीय महिला यात्री को पकड़ा, जो 3 मार्च, 2025 को एमीरेट्स की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच में उसके शरीर में छुपा कर ले जाई जा रही 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं।

### मणिपुर में भूकंप के झटके, तीव्रता 5.6

**इंफाल।** मणिपुर में बुधवार पूर्वाह्न भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने ने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गयी। जानकारी के अनुसार भूकंप के झटके पूर्वाह्न 11.06 बजे महसूस किये गये।

### जेम के सीईओ बने अजय भादू

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अजय भादू को सरकारी ऑनलाइन बाजार मंच (जेम) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का भी कार्यभार दिया गया है। जेम के सीईओ पद पर उनकी नियुक्ति तीन मार्च से प्रभावी हो गयी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्री भादू वाणिज्य विभाग में अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों के अतिरिक्त यह भूमिका भी संभालेंगे। गुजरात कैडर के 1999 बैच के आईएएस भादू को शहरी बुनियादी ढांचे के विकास सहित विविध क्षेत्रों में नीति निर्माण व कार्यान्वयन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है।

### रूस के दागेस्तान में चार आतंकवादी ढेर

मास्को। रूस की राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक समिति ने बुधवार को बताया कि रूसी गणराज्य दागेस्तान में आतंकवाद निरोधक अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया गया है। माखचकाला प्रशासन ने सेमेंदर शहर में आतंकवाद विरोधी अभियान उस समय चलाया, जब अपराधियों ने गश्ती अधिकारियों पर गोलीबारी की और बाद में उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उन्हें शहर के बाहरी इलाके में रोका और चार आतंकियों को मार गिराया। मायावती ने भाई आनंद को किया नेशनल कार्डिनेटर के पद से मुक्त

### मायावती ने भाई आनंद को कार्डिनेटर से हटाया

लखनऊ। पिछले दिनो भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कार्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने वाली मायावती ने बुधवार को कहा कि उन्होने कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक से इच्छानुसार मुक्त कर दिया है। मायावती ने कहा कि लंबे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है।

# लोहिया के रास्ते से भटकी सपा

## औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजें, अच्छे से होगा इलाज : योगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लखनऊ।** महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले बयान ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल मचा दी है। बुधवार को विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर फटकार लगाई। योगी ने सपा से अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करने और उसे उत्तर प्रदेश भेजने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन



आधार बताए थे- श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है। योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था। उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो हिन्दू है जो जीते जी तो अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है। सीएम ने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उसपर गर्व कर सकते हैं। योगी ने सपा पर भारत की आस्था पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि औरंगजेब ने जजिया कर लगाया, मंदिर तोड़े और भारत का इस्लामीकरण करने की कोशिश की। कोई सभ्य मुसलमान अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसे पता है कि वह उसे एक एक बूंद पानी के लिए तरसा देगा। उन्होंने सपा से सवाल किया कि वह महाकुम्भ जैसे आयोजन की आलोचना करती है और दूसरी ओर औरंगजेब जैसे 'दुर्दांत और धर्मांध' शासक का महिमामंडन करती है। मुख्यमंत्री ने सपा को चुनौती दी कि वह अपने विधायक (अबू आजमी) को पार्टी से निकाले और उसे यूपी भेजे, यहां उसका इलाज किया जाएगा। उन्होंने सदन में पूछा कि जो छत्रपति शिवाजी की परंपरा पर लज्जा महसूस करता हो और औरंगजेब को नायक मानता हो, क्या उसे भारत में रहने का अधिकार है ? उल्लेखनीय है कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को महान प्रशासक बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी।

### अबू आजमी पूरे बजट सत्र के लिए सस्पेंड



**मुंबई।** मुगल शासक औरंगजेब के बारे में बयान देने वाले सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। विधानसभा में यह प्रस्ताव संसदीय कार्यमंत्री चंद्रकांत पाटिल ने पेश किया, जिसे सभी विधायकों ने सहमति दी थी। विधानसभा में बुधवार को कहा कि भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि औरंगजेब बहुत ही क्रूर शासक था, लेकिन सपा विधायक ने सिर्फ मतदाताओं को खुश करने के लिए औरंगजेब का गुणगान किया था। संसदीय कार्यमंत्री चंद्रकांत पाटिल ने अबू आजमी को बजट सत्र समाप्त होने तक निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव पर सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों ने सहमति व्यक्त की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक अबू आजमी को बजट सत्र समाप्त होने तक निलंबित किया।

# कांग्रेस आलाकमान तय करेगा महागठबंधन का सीएम चेहरा

**बिहार विस चुनाव**

**चुनाव में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीटें मिलेंगी, उसी का नेता सीएम बनेगा : अजीत शर्मा**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीत शर्मा ने कहा कि महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला कांग्रेस आलाकमान यानी राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। अजीत शर्मा ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीटें मिलेंगी, उसी का नेता मुख्यमंत्री बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस महागठबंधन का अहम घटक दल है और गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान ही करेगा। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन बिहार में अगला विधानसभा चुनाव जीतेगा और सरकार बनाएगा। इस बीच, अजित शर्मा के बयान पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। राजद विधायक सतीश दास ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री पद का फैसला सबसे बड़ी पार्टी के आधार



पर होगा तो तेजस्वी प्रसाद यादव ही स्वाभाविक उम्मीदवार होंगे क्योंकि राजद महागठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं और कांग्रेस को केवल अपनी रणनीति पर ध्यान देना चाहिए।

# केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में बनेगा रोपवे

**केंद्रीय कैबिनेट ने 6811 करोड़ की दो परियोजनाओं को दी मंजूरी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोपवे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 6811 करोड़ रुपए की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुई बैठक में इन दोनों परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन परियोजनाओं पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण-डीबीएफओटी मोड पर काम कराया जाएगा जिन्हें चार से छह वर्ष के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों रोपवे परियोजनाओं को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) द्वारा बनाया जाएगा। वैष्णव बताया कि सोनप्रयाग से केदारनाथ 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के निर्माण पर 4081.28 करोड़ की लागत से किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह परियोजना सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला-3एस तकनीक पर आधारित होगा जिसकी डिजाइन क्षमता 1800 यात्री प्रति घंटे होगी, प्रतिदिन 18 हजार यात्रियों को लाने और ले जाने में सक्षम होगी।

**पशुओं के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ मंजूर :** मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपए की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण को मंजूरी दी है। वैष्णव ने बताया कि इस योजना में सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाती जेनेरिक पशु दवा की भी बिक्री की जायेगी।

## एआइ अनुसंधान के लिए एलएलएम खुलेगा : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा। उन्होंने उद्योगों से इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार सृजन पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का केन्द्रीय बजट मजबूत कार्यबल और बढ़ती अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करता है। मोदी ने कहा कि देश का भविष्य इनोवेशन में किए जा रहे निवेश से निर्धारित होता है। भारत की अर्थव्यवस्था में एआई कई लाख करोड़ रुपये की ग्रोथ दे सकती है। उन्होंने कहा कि भारत एआई की क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) की स्थापना भी करेगा। इस दिशा में हमारे प्राइवेट सेक्टर को भी दुनिया से एक कदम आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय, सुरक्षित और लोकतांत्रिक देश जो एआई में किफायती समाधान दे सके विश्व को उसका इंतजार है।

# तेजस में लाइफ सपोर्ट सिस्टम का पहला परीक्षण हुआ सफल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस में उड़ान के दौरान ऑक्सीजन पर आधारित इंटीग्रेटेड लाइफ सपोर्ट सिस्टम (आईएलएसएस) का पहला परीक्षण पूरी तरह से कामयाब रहा है। यह परीक्षण एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर समुद्र तल से 50 हजार फीट की ऊंचाई और युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में किया गया। इस सिस्टम में लगाई गई सामग्री 90 फीसदी स्वदेशी है। स्वदेशी ऑन बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) पर आधारित इंटीग्रेटेड लाइफ सपोर्ट सिस्टम (आईएलएसएस) अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य

- **डीआरडीओ ने पायलटों के लिए 50 हजार फीट की ऊंचाई पर ओबीओजीएस का किया टेस्ट**



ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। आईएलएसएस का परीक्षण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर किया। इस प्रणाली की क्षमता को समुद्र तल से 50 हजार फीट की ऊंचाई और युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों पर परखा गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत बेंगलुरु स्थित रक्षा बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला (डीईबीईएल) ने यह परीक्षण 04 मार्च को हल्के लड़ाकू विमान तेजस के लिए किया। परीक्षण के दौरान ऑक्सीजन सांद्रता, डिमांड ब्रीथिंग, 100 फीसदी ऑक्सीजन की उपलब्धता, आवश्यक ऊंचाइयों पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और रीजॉइन एप्रोच तथा लैंडिंग के दौरान ब्रीथिंग ऑक्सीजन सिस्टम को शामिल किया गया।

# दस दिन बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

## अमेरिकी टैरिफ में राहत से सेंसेक्स-निफ्टी में तेजी

एजेंसी

**मुंबई ।** अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से बुधवार को शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.30 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,730.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.66 प्रतिशत उछलकर 39,751.73 अंक और स्मॉलकैप 2.80 की बढ़ोतरी लेकर

- **सेंसेक्स 740 अंक छलांग लगाकर 73 हजार के पार और निफ्टी 254 अंक तेजी के साथ 22,337 पर बंद**
- **निवेशकों ने एक दिन में 8 लाख करोड़ रुपये कमाया**

44,538.20 अंक पर पहुंच गया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 8 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 393.01 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 385.07 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.94 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101



कंपनियों के शेयरों मं कारोबार हुआ, जिनमें से 3247 में तेजी जबकि 768 में गिरावट रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां हरे जबकि अन्य चार लाल निशान पर बंद रहीं। अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रंप सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रंप प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली।

### ये हैं टॉप गेनर्स व लूजर्स

इस दौरान मारुति, जोमैटो, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस में 3.25 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में तेजी रही।

अडानी पोर्ट्स 5.02, टाटा स्टील 4.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 4.27, पावरग्रिड 4.27, एनटीपीसी 4.06, टेक महिंद्रा 3.73, टाटा मोटर्स 3.52, आईटीसी 2.66, भारती एयरटेल 2.58, एचसीएल टेक 2.38, नेस्ले इंडिया 2.27, एसबीआई 1.97, कोटक बैंक 1.66 और एशियन पेंट के शेयर 1.54 प्रतिशत मजबूत रहे। इनके अलावा एक्सिस बैंक 1.35, इंफोसिस 1.25, रिलायंस 1.21, टाइटन 1.16, अल्ट्रासिम्को 0.95, सन फार्मा 0.94, एलटी 0.80, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.71, बजाज फिनसर्व 0.65, टीसीएस 0.47 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों ने भी 0.43 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

